रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 84,544.31 +1,359.52
डॉलर 83.474 -0.145
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹74,080 | 01 किलो ₹97,500

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



अश्विन कृष्ण पक्ष 5, संवत 2081 | रांची, रविवार, 22 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 230, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-10 जीत के लिए भारत को छह विकेट...

# झारखंड में कड़ी निगरानी में 823 केंद्रों पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा संपन्न

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग(जेएसएससी) सामान्य स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुई। शेष अभ्यर्थियों की परीक्षा रविवार को ली जाएगी। वहीं राजधानी रांची में 136 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के दौरान कहीं भी किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। सीजीएल परीक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात थे। परीक्षा को कदाचार मुक्त करने के लिए कई प्रकार की सावधानियां बरती गई थीं। जिसके तहत सुबह 8:30 से 1:30 तक राज्य भर में इंटरनेट सेवा को भी बंद कर दिया गया था। कड़ी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर दाखिल कराया गया। अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच की जा रही थी। इसके बाद उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया। जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को लेकर उपायुक्त रांची और एसएसपी चंदन सिन्हा ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता कर कहा कि शनिवार और रविवार 136 सेंटर पर 61000 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहले दिन रांची में 21 हजार अधिक अभ्यर्थी हुए है परीक्षा में शामिल।

शेष पेज 11 पर



## पहली पाली की परीक्षा में बांट दिया दूसरी पाली का प्रश्नपत्र

**लातेहार**

जिले के कुल 18 परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा शनिवार को हुई। इनमें एक परीक्षा केंद्र राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान (स्थल कोड 606) पर परीक्षार्थियों को केंद्रीधीक्षक और वीक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों ने प्रथम पाली की परीक्षा में द्वितीय पाली का प्रश्नपत्र वितरित कर दिया। प्रश्नपत्र मिलने के बाद परीक्षार्थियों ने ओएमआर शीट भरना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद केंद्राधीक्षक और वीक्षकों को पता चला कि सभी परीक्षार्थियों को पहली पाली की जगह दूसरी पाली का प्रश्नपत्र दे दिया गया है। आनन-फानन में केंद्राधीक्षक और वीक्षकों ने सभी परीक्षार्थियों को ह्वाइटनर का इस्तेमाल करने को कहा। इस पर परीक्षार्थियों ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में ह्वाइटनर का प्रयोग या ओएमआर शीट में किसी प्रकार की छेड़छाड़ उचित नहीं है।

शेष पेज 11 पर

## परीक्षा प्रभावित करने के आरोप में दो संदिग्ध हिरासत में लिये गए

**धनबाद**

धनबाद में शनिवार को 74 परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसमें करीब 28 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। हालांकि, इस परीक्षा को प्रभावित करने के आरोप में दो संदिग्ध व्यक्तियों को धनबाद पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस संबंध में धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि लोहरदगा एसपी से सूचना मिली थी कि धनबाद में हो रहे जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को कुछ लोग प्रभावित करने की कोशिश कर रहे है। जिसके बाद सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने झरिया से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनके पास से तीन मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, तीन ब्लेंक चेक, 21 छात्रों का रोल नंबर, नाम और परीक्षा केंद्र का डिटेल बरामद हुआ है। उन्हें बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में एक बिहार के जहानाबाद और दूसरा बोकारो के गोमिया का निवासी है।

**24** वर्ष पूर्व वाजपेयी जी ने किया था अलग झारखंड राज्य का गठन लेकिन अब तक नहीं हुआ अपेक्षित विकास

**2027** तक भारत विश्व के टॉप 3 देश में होगा, इसका लाभ झारखंड को दिलाने के लिए लाएं भाजपा सरकार




# झारखंड के विकास में झामुमो, राजद व कांग्रेस स्पीड ब्रेकर

नवीन मेल डेस्क

**गढ़वा/चतरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गढ़वा और चतरा में परिवर्तन यात्रा में कहा कि यह झारखंड में नया अध्याय लिखने की यात्रा है। रक्षा मंत्री ने झामुमो, राजद और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए इन्हें राज्य के विकास में बाधक बताया। कहा, भष्टाचार के बिना ये पार्टियां जीवित नहीं रह सकतीं वहीं बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ का समर्थन कर यहां की जनसांख्यिकी को बदल वोट बैंक की घिनौनी राजनीति में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आह्वान करने आया हूं कि प्रदेश के विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है, इसके लिए राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा झारखंड राज्य का गठन 24 वर्ष पूर्व हुआ था। यह राज्य रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने वाला है लेकिन अभी तक अपेक्षित विकास नहीं हुआ। भाजपा को जनता ने तीन-तीन बार मौका दिया, लेकिन विकास के लिए जितना समय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिल पाया। फिर भी हमारे मुख्यमंत्रियों ने बेहतर काम किया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मेरे तीनों मुख्यमंत्रियों के दामन पर कोई दाग नहीं लगा। वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्टचार का आरोप लगाते हुए कहा की जेल जाने के बाद भी सीना तान के खड़ा हैं।

शेष पेज 11 पर

## नहीं उड़ा रक्षामंत्री का हेलीकॉप्टर, सड़क मार्ग से वाराणसी रवाना हुए मंत्री

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर समय पर टेक ऑफ नहीं कर सका। दोनों मंत्री शनिवार को 1 घंटे 10 मिनट तक गढवा जिले के नगर उंटारी अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म हो जाने के कारण ऐसी परिस्थिति हुई। पांच बजकर 54 मिनट पर सड़क के रास्ते दोनों मंत्री वाराणसी रवाना हुए। विधायक भानू प्रताप शाही ने बताया कि मेदिनीनगर में जाम के कारण उनके हेलीकॉप्टर का ईंधन समय से नहीं आ पाया।**



## बंग्लादेशी घुसपैठिया और परिवारवाद पर किया चोट

- राजनाथ ने कहा दुनिया में आज भारत की साख बढ़ी है

राजनाथ सिंह ने इस दौरान बांग्लादेश घुसपैठीया और परिवारवाद पर भी जमकर हमला बोला। कहा की आज झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठिया और रोहिंग्या प्रवेश कर रहे हैं। यहां के बेटियों से शादी कर डेमोग्राफी बदलने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि यहां के सीएम आंख मूंद कर बैठे हैं। भाजपा की सरकार बना दीजिए फिर देखते हैं की किसने मां का दूध पिया है जो यहां की बेटियां से शादी करके जा सके। वहीं परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, जेएमएम और राजद परिवारवाद की पार्टी है। ये जनता की नहीं बल्कि सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। ये राज्य देश का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो होता है। राजनाथ सिंह ने कहा की विदेशो में जाकर अपनी देश की छवि खराब करने का काम राहुल गांधी करते हैं। अपनी देश का आलोचना करते हैं। हमलोगों ने कभी ऐसा नही किया। राजनाथ सिंह ने कहा की दुनिया में आज भारत की साख बड़ी है।

शेष पेज 11 पर

## वन नेशन वन इलेक्शन से बचेगा काफी समय और पैसा

- वादा करता हूं की भाजपा की सरकार बनते ही हर किसी को मिलेगा लाभ

वन नेशन वन इलेक्शन पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा की केंद्र सरकार इसे लागू करने के लिए काम कर रही है। इसे लेकर कैबिनेट से पारित भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा की यह काफी महत्वपूर्ण कदम है। एक साथ चुनाव होने से पैसे और समय की काफी बचत होगी। लोगों का भी समय काफी बर्बाद होता था। पीएम आवास योजना के तहत सभी जरूरतमंदों को पक्का आवास दिया। झारखंड के कुछ लोगों को हेमंत सरकार के कारण आवास योजना का लाभ नही मिला होगा। लेकिन वादा करता हूं की भाजपा की सरकार बनते ही कोई भी व्यक्ति इस योजना से छूटेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस रफ्तार से पक्की सड़क का निर्माण हो रहा है उससे दुनिया भी अचंभित है। हर गांव में पक्की सड़क है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि श्री बंशीधर नगर में विराजमान श्री कृष्ण एवं राधा रानी की यैसी अद्भुत प्रतिमा हमने आज तक नहीं देखी थी।

शेष पेज 11 पर

## फर्जी तरीके से नौकरी मामले में कंपनी कमांडर सहित 5 पर केस

- एक जवान लोकसभा चुनाव के दौरान हथियार के साथ ड्यूटी पर था तैनात

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले होमगार्ड के चार जवानों और एक कंपनी कमांडर के खिलाफ धुर्वा थाना में मामला दर्ज हुआ है। कंपनी कमांडर कैलाश यादव ने फर्जी तरीके से रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले चार लोगों को नौकरी दिलाया था। कंपनी कमांडर सहित अवैध तरीके से नौकरी करने वालों में आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी,जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद शामिल हैं। चारों व्यक्ति पर कंपनी कमांडर कैलाश यादव की मदद से अभिलेख में छेड़छाड़ कर होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने का आरोप है। इनमें से आसिफ अंसारी को लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर हथियार के साथ तैनात किया गया था। होमगार्ड मुख्यालय ने लोकसभा चुनाव के समय ड्यूटी देने वालों की लिस्ट जारी की थी, उसमें इसका नाम भी दर्ज था। सभी पिछले दो साल से नौकरी कर रहे थे और वेतन भी प्राप्त कर रहे थे। इस संबंध में कुछ और पदाधिकारियों, होमगार्ड के जवानों के नाम आने की संभावना है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में सिपाही नंबर का दुरूपयोग हुआ है। इससे जुड़े नेटवर्क पूरे झारखंड में फैले होने की आशंका जतायी जा रही है।

## झारखंड के नये चीफ जस्टिस बने न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव



**रांची।** केंद्र सरकार ने आठ राज्यों के हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी है। न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को झारखंड का नया चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। वह जस्टिस डॉ बीआर सारंगी की जगह लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस राव को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने का प्रस्ताव किया था। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के पद पर कार्यरत जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई, 2024 को की थी।

## केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम 23 को विस चुनाव की तैयारियों का लेगी जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लेने 23 सितंबर को केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम रांची आयेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आईजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने व मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी थी। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिसकर्मियों का तबादला किया जा चुका है। राज्य पुलिस स्थापना परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी। इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है।

शेष पेज 11 पर

## 43 दिनों की हड़ताल के बाद काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर

- 25 मेडिकल कॉलेजों में भी जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी में चिकित्सा सेवा में लौट

एजेंसी

**कोलकाता।** 43 दिनों की हड़ताल के बाद जूनियर डॉक्टर ड्यूटी पर लौट आए हैं। शनिवार सुबह से ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों के आपातकालीन सेवाओं में जूनियर डॉक्टर फिर से काम पर लौट आए। आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग में वे अपनी ड्यूटी निभाने लगे हैं। जूनियर डॉक्टरों की वापसी से इलाज करवाने आए मरीजों ने भी राहत की सांस ली है। आरजी कर और अन्य अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को पुनः सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। शनिवार सुबह जिन जूनियर डॉक्टरों की ड्यूटी थी, उन्होंने आरजी कर अस्पताल के ट्रॉमा केयर भवन में पहुंचकर काम संभाला। राज्य के अन्य 25 मेडिकल कॉलेजों में भी जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी में चिकित्सा सेवा में लौट आए हैं।

शेष पेज 11 पर

## एयर मार्शल एपी सिंह होंगे भारतीय वायु सेना के अगले प्रमुख



**नई दिल्ली।** सरकार ने वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश का अगला वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे 30 सितंबर की दोपहर से अगले वायु सेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल के पद पर कार्यरत होंगे। वह मिग-27 स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर और एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग रहे हैं।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# हंगामा है क्यों बरपा पूजा वाला घी ही तो मिलाया है!



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**आं**ध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले में नायडू सरकार ने पिछली वाईएसआर जगन मोहन (कांग्रेस) सरकार पर आरोप लगाया है। एक लैब रिपोर्ट में कहा गया कि तिरुमला लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए घी में सोयाबीनऑलिव ऑइल,गेंहू,कपास के बीज,मछली का तेल के अलावा गोमांस (बीफ)पशु की चर्बी थी। वाईएसआर पार्टी ने तमाम आरोपों से इनकार किया है। इसके साथ ही विपक्षी दल ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि वह बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। उधर केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है और कहा कि एफएसएसएआई लैब रिपोर्ट की जांच करेगा।आरोप-प्रत्यारोपों के साथ आंध्र प्रदेश से लेकर पूरे देश में सियासत तेज हो गई है। कई संगठनों ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। तिरुमला के लड्डू में मिलावट की बात कब और कैसे आई जानना जरूरी है आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के तिरुपति में तिरुमाला की पहाड़ियों में स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पूरी



दुनिया में प्रसिद्ध है। यह मंदिर भगवान विष्णु के एक रूप वेंकटेश्वर को समर्पित है। इस मंदिर को तिरुमाला मंदिर, तिरुपति मंदिर और तिरुपति बालाजी मंदिर जैसे अन्य चर्चित नामों से भी जाना जाता है। तिरुपति मंदिर का प्रबंधन आंध्र प्रदेश सरकार के अधीन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) नामक ट्रस्ट करता है। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर न केवल अपने आध्यात्मिक महत्व के लिए बल्कि अपने प्रतिष्ठित प्रसाद, तिरुपति लड्डू के लिए भी जाना जाता है। यह स्वादिष्ट लड्डू मंदिर का प्रतीक बन गया है, जो अपने पीछे 300 से अधिक वर्षों के इतिहास में पल्लवों के समय से चली आ रही परंपरा है। मंदिर में प्रतिदिन लगभग 2.5 लाख लड्डू बनाए जाते हैं। हालांकि, इतनी बड़ी मात्रा में लड्डू के मूल स्वाद को बनाए रखना एक चुनौती बनी हुई है। गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, टीटीडी ने कई बार सामग्री के अनुपात (दित्तम) में बदलाव किया है। लड्डू को 2009 में भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा प्राप्त हुआ। आंध्र प्रदेश में आई नायडू सरकार ने जुलाई में लड्डू की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया। एक सप्ताह बाद सभी पहलुओं की जांच करने वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी। दुनियाभर में मशहूर तिरुमला का लड्डू प्रसाद उस वक्त चर्चा में आया जब लैब रिपोर्ट से पता चला कि तिरुमाला लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए घी में पशु वसा और मछली के तेल जैसे चीजें थीं। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जांच करने और रिपोर्ट देने के अलावा, भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए निविदाओं के जरिए गुणवत्तापूर्ण घी खरीदने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों पर कुछ सुझाव भी दिए गए। यह मामला आंध्र प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री चंद्रबाबू की टिप्पणी के बाद अचानक से देश भर में सुर्खियों में आ गया। एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू बाबू ने कहा कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता को भंग करने के लिए घी में जानवरों की चर्बी मिलाई गई थी। अगले दिन यानी 19 सितंबर को सत्ताधारी तेलुगु देशम पार्टी ने लैब रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के बारे मंई रेड्डी का दावा है कि यह गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रसादम पर किए गए परीक्षणों की रिपोर्ट है। इस दस्तावेज में कहा गया है कि घी में लार्ड (सूअर की चर्बी), टैलो (गाय की चर्बी) और मछली के तेल की मौजूदगी दिखाई गई। रिपोर्ट में नारियल, अलसी, रेपसीड और कपास के बीज जैसे वनस्पति स्त्रोतों से मिली वसा भी पाई गई।विवाद पर कर्नाटक मिल्क फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पिछले चार महीनों में तिरुमाला को अपनी आपूर्ति शुरू की है। केंद्र सरकार ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने तिरुमाला लड्डू प्रसाद ने कहा कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) रिपोर्ट की जांच करेगा और पूरी जांच की जाएगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में भी यही लड्डू राम मंदिर में लाखों की संख्या में भेजे गए थे और झारखंड सहित देश में औसतन 600 रुपए किलो घी है पर पूजा घी 130 रुपए किलो बिकता है उसकी जांच से हंगामा मचना तय है । कई संगठन इसे धर्म भ्रष्ट करने की बड़ी साजिश बता रहे हैं पर सभी को विचार करना चाहिए कि 120-130 रुपए का घी कैसे और कहाँ से आता होगा?

## आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजनिवास में आयोजित एक समारोह में आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दक्षिणी दिल्ली की कालका विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बनीं आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले भाजपा से सुषमा स्वराज और कांग्रेस से शीला दीक्षित दिल्ली की कमान संभाल चुकी हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के संग पांच विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एडवोकेट कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, मुकेश अहलावत, और इमरान हुसैन शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह से पहले आतिशी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित घोटाले के आरोपों के बाद जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। शपथ ग्रहण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने आतिशी को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार के शेष कार्यकाल के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।



## एक नजर

### छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई



**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर शनिवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए छवि रंजन के डिस्चार्ज पिटीशन पर 27 सितंबर और कारोबारी विष्णु अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटीशन पर पांच अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है।

### केशव प्रसाद मौर्य व हिमंता आज कोडरमा में करेंगे जनसभा

**कोडरमा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा और यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 22 सितंबर को हेलिकॉप्टर से कोडरमा पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली सभा ब्लॉक मैदान, झुमरीतिलैया में पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित है, जहां यूपी के उप मुख्यमंत्री आमजनों को संबोधित करेंगे। जबकि दूसरी सभा इंदरवा फुटबॉल मैदान में अपराह्न दो बजे से होगी, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा लोगों को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक डॉ नीरा यादव ने यह जानकारी शनिवार को परिसदन कोडरमा में संयुक्त रूप से दी है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पहले ही दिन से भाजपा की आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में लोगों के बीच भारी उत्साह है। लोगों ने झारखंड में परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में लूट और झूठ की सरकार है। सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव में कई वायदे किए, लेकिन एक भी पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली दौड में 15 लोगों की जान चली गयी। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, रमेश हर्षधर, गोपाल कुमार गुतुल, रामचंद्र सिंह, शिवेन्द्र नारायण आदि मौजूद थे।

# आदिवासी युवा देश की रक्षा में लगा रहे जान की बाजी : राजनाथ सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के श्रीबंशीधर नगर में परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व किया। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में आदिवासी युवाओं की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि झारखंड के आदिवासी युवा देश की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाकर सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। वे बहुत बहादुर होते हैं, और हमें उन पर गर्व है। राजनाथ ने कहा कि झारखंड राज्य को बने 24 वर्ष हो गए हैं और 15 नवंबर को यह रजत जयंती मनाएगा। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड के सभी लोगों को बधाई दी। इससे पूर्व उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

**राहुल गांधी और घुसपैठ पर निशाना :** राहुल गांधी की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं जबकि झारखंड जैसे राज्यों में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सबसे पहले राज्य में रुके हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब परिवर्तन चाहती है और भाजपा की यह यात्रा उसी बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही और पूर्व सांसद सुनील सिंह समेत कई प्रमुख भाजपा नेताओं ने भी यात्रा को संबोधित किया।

**केंद्रीय रक्षा मंत्री व कृषि मंत्री ने की श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री ने श्री बंशीधर जी की आरती उतारी एवं विधिवत पूजा अर्चना की।

### सरकार युवाओं को दौड़ा-दौड़ा कर मार रही : शिवराज



केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो सबसे पहले मां भद्रकाली मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का कार्य करेगी, जिसे हेमंत सरकार ने रोक दिया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर रोक लगाने वाली सरकार, पांच लाख नौकरी देने वाली हेमंत सरकार युवाओं को दौड़ा-दौड़ा कर मार रही है। जुल्म की पराकाष्ठा है। बेईमान और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा झारखंड को नया परिवर्तन देगी।

### मां-बहनों के सम्मान में बेहतर योजना देगी भाजपा : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। बेरोजगारों को भत्ता, विधवा को ढाई हजार, नवविवाहिता को सोने का सिक्का, महिलाओं को दो हजार प्रत्येक माह, युवाओं को पांच लाख नौकरी, नौकरी नहीं तो भत्ता, प्रत्येक परिवार को 72 हजार सालाना, गरीबों को दस लीटर पेट्रोल जैसे वादों का क्या हुआ? युवाओं को हेमंत सोरेन ने जॉब नहीं मौत दिया है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन यात्रा की शुरूवात की गई है। सभा से पूर्व राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सभा स्थल पर हरि झंडी दिखलाकर परिवर्तन रथ यात्रा की शुरूआत की गई। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद काली चरण सिंह, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक किशुन दास, हजारीबाग प्रमंडल के कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता समेत प्रदेश और जिला के पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद साधना सिंह, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, घूरन राम, मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पांडेय, शारदा महेश प्रताप देव, मुकेश चौबे, जवाहर पासवान, विक्रांत सिंह, विजयलक्ष्मी देगी, लवली आनंद, करूणा सोनी, उर्मिला देवी, अजय प्रताप देव, उतमदेव प्रजापति, उमेंद्र यादव, मथुरा पासवान, कुमार कनिष्क, अनिता गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आजसू पार्टी का तमाड़ विस स्तरीय पंचायत व ग्राम प्रभारी सम्मेलन संपन्न

# राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्व : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकार का कर्तव्य अपनी नीतियों और फैसलों से जनता के जीवन को सहज बनाना होता है। लेकिन, वर्तमान सरकार ने अपने फैसलों से जनता के जीवन में परेशानियों को बढ़ाने का काम किया है। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल सरकार ने बिना सोचे-समझे सिर्फ अपनी नाकामी छिपाने के लिए इंटरनेट बंद करने का तुगलकी फरमान सुनाया है। यह बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय पंचायत एवं ग्राम प्रभारी सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले ने आम जनता के जीवन पर प्रतिकूल असर डाला है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर डिजिटल लेनदेन, टिकट बुकिंग समेत हर कदम पर आज इंटरनेट की आवश्यकता होती है, पर आम जनता के दर्द से दूर इस सरकार को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। मौके पर उपस्थित सभी ग्राम व पंचायत प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ इस सरकार को अपना बहुमूल्य मत दिया था, लेकिन इस सरकार ने अपने कार्यकाल के पांच वर्षों में जनता को सिर्फ ठगने का काम किया। हमारा राज्य विकास से दूर हो गया है। झारखंड को पुनः विकास की पटरी पर लाने के लिए आप सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राज्य और राज्यवासियों की आवश्यकता अनुरूप कार्य करना हमारा दायित्व है। विकास की शुरूआत गांवों से होनी चाहिए। मुख्यालय में बनी नीतियों को गांव तक पहुंचने में समय लग जाता है।

### बड़कागांव विस स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आज

आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन +2 हाईस्कूल, फुटबॉल मैदान, बड़कागांव में किया जाएगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

# सीसीएल में 'रश्मिरथी पर्व' का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' के 50वें पुण्य स्मृति वर्ष के अवसर पर शनिवार को 'रश्मिरथी पर्व' मनाया गया। आज अपराह्न सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अन्य गण्यमान्य अतिथिओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 'दिनकर जन्मोत्सव' एवं 'हिंदी पखवाड़ा' के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में निदेशकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी एवं समाज अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। मौके पर सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए राष्ट्र कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' के समरस समाज के निर्माण में उनके बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए हुए अन्य अतिथिगणों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। 'रश्मिरथी पर्व' को सफल और आकर्षक बनाने हेतु 'समरस समाज के निर्माण में राष्ट्र कवि 'दिनकर' का योगदान' विषय पर एक राष्ट्रीय सगोष्ठी भी आयोजित की गई। एक ओर जहां लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स एवं वर्ल्ड वाइड रिकाड्र्स में दर्ज, आइडिया, मुंबई के प्रमुख, मुजीब खान के निर्देशन में खंडकाव्य 'रश्मिरथी' के नाटक का मंचन किया गया, वहीं दूसरी ओर 'रश्मिरथी, तृतीय सर्ग, कृष्ण की चेतावनी' विषय पर आधारित 'सामूहिक सस्वर पाठ' भी आयोजित किए गए थे।

अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल की अध्यक्षा प्रीति सिंह ने भी दिनकर पर अपने विचार प्रकट किए। इस भव्य आयोजन में 'रश्मिरथी' पर्व के संयोजक राष्ट्रकवि 'दिनकर' के सुपौत्र ऋत्विक उदयन, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास, दिल्ली के अध्यक्ष नीरज कुमार के साथ अन्य विद्वान साहित्य प्रेमियों ने 'दिनकर' के कृतियों एवं उनकी जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। इस आयोजन के तहत दिनकर साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 60वीं वार्षिक आमसभा आयोजित

# अपने कार्यकाल में फेडरेशन के प्रति सकारात्मक मोमेंटम बनाया : चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री

*आज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गुरुनानक स्कूल में होगा मतदान*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की 60वीं वार्षिक आमसभा शनिवार को चैंबर भवन में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने की। इसमें 150 सदस्य उपस्थिति थे। साथ ही, इसमें देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, रामगढ़, पाकुड़, साहिबगंज चैंबर ऑफ कॉमर्स, संबद्ध संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ-साथ जिले के व्यवसायी-उद्यमी एवं प्रोफेशनल्स उपस्थित थे। महासचिव परेश गट्टानी ने आमसभा में चैंबर के इस सत्र की वार्षिक गतिविधियों को प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने चैंबर के सत्र 2023-24 के बैलेंस शीट और आय-व्यय की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया, जिसे सभा में उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से चैंबर के ऑडिटर की नियुक्ति की गई। इस दौरान मेसर्स जेएन अग्रवाल एंड कंपनी को पुनः एक वर्ष के लिए चैंबर का ऑडिटर नियुक्त किया गया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग जगत को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अपने दो वर्षों के कार्यकाल में हमने सरकार और ब्यूरोक्रेट्स के बीच फेडरेशन के प्रति एक सकारात्मक मोमेंटम बनाया है, जिसके सार्थक परिणाम आए हैं। लगभग एक वर्ष से कृषि उपज विधेयक पारित होने के बाद भी अब तक इस गजट का प्रभावी नहीं होना, हमारे इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र में स्टार्टअप कॉन्क्लेव के वृहद् आयोजन के माध्यम से हमने राज्य में स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रभावी बनाने तथा राज्य में हॉर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर को प्रोत्साहन देने की दिशा में सफल कोशिश की है। न्यूनतम मजदूरी की दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए विभाग कमेटी का गठन कर निरंतर बैठक करा रही है। नीति निर्माण निर्णयों में स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता हो, यह सुनिश्चित कराने का हमने भरपूर प्रयास किया है। हमारे निरंतर प्रयासों से झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना जल्द ही प्रभावी होगी।

उन्होंने कहा कि खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने, अभ्रक व आयरन-ओर की खदानों को चालू करने, विद्युत व्यवस्था का निजीकरण करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट एवं एमएसएमई ट्राइबल वूमन एंटरप्रेन्योर को बढ़ावा देने तथा व्यापार उद्योग की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य में आयोग का गठन हो, इसके लिए सरकार से सकारात्मक वार्ता जारी है। चैंबर भवन के सौंदर्यीकरण, काली मंदिर चौक का नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है। सरकार के स्तर से होनेवाले कुछ कार्य पाइपलाइन में हैं। उन्होंने वर्षभर चैंबर को सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विभागीय सचिव, समस्त कैबिनेट मंत्रिमंडल, जिला प्रशासन और प्रेस व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के लगातार दो वर्षों के अध्यक्षीय कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनका अभिवादन किया और इस सत्र के दौरान चैंबर द्वारा संपन्न कार्यों की सराहना की।

मौक पर आमसभा में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष राहुल साबू, आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, अमित साहू, नितिन प्रकाश, अमित माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार, आरके सरावगी, महेश पोद्दार, बिकास सिंह, सज्जन सराफ, अरुण बुधिया, मनोज नरेडी, रंजीत टिबड़ेवाल, धीरज तनेजा, प्रवीण जैन छाबड़ा, पवन शर्मा, सदस्य आलोक मल्लिक, आरके चौधरी, साकेत मोदी, काशी कनोई, एनके पाटोदिया, पूनम आनंद, रांची ब्रोकर एसोसिएशन, योगेंद्र पोद्दार, संदीप नागपाल समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।



### ललित केडिया व अंचल किंगर ने चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत कराया

चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए सभी सदस्यों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने में अपेक्षित सहयोग की अपील की। यह भी अवगत कराया कि गुरुनानक स्कूल में रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान के उपरांत मतों की गिनती और परिणाम की घोषणा की जाएगी। साथ ही, उन्होंने पांच प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के निर्विरोध चयन की भी घोषणा की। इसमें प्रदीप अग्रवाल (कोयलांचल), नितिन प्रकाश (कोल्हान), संजय अग्रवाल (संताल परगना), अमित साहू (नॉर्थ छोटानागपुर) और रमेश कुमार (साउथ छोटानागपुर) शामिल हैं। उन्होंने अवगत कराया कि केवल पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। चैंबर के संविधान में संशोधन के लिए सदस्यों द्वारा प्रेषित किए गए कुछ प्रस्तावों को भी महासचिव परेश गट्टानी ने प्रस्तुत किया, जिसे आगामी सत्र के कार्यकारिणी समिति के विचार के लिए निर्गत करने का निर्णय लिया गया। आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने चैंबर अध्यक्ष के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा की और चैंबर के सभी सुझावों पर वर्षभर सहयोग का भरोसा दिलाया।

### जसवंत सिंह हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद

**रांची।** एचईसी के श्रमिक नेता दिवंगत राणा संग्राम सिंह के पुत्र ठाकुर जसवंत सिंह हत्याकांड में दोषी मृतक के चचेरे ससुर अमर सिंह, चचेरे भाई वंश नारायण सिंह और उसके पुत्र रणधीर सिंह को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने तीनों पर पांच लाख 30 हजार-पांच लाख 30 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि मृतक की पत्नी और बच्चे को दी जाएगी। इससे पूर्व 11 सितंबर को अदालत ने तीनों को दोषी करार दिया था जबकि एक अन्य आरोपित ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू को कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया था। एक आरोपित अमर सिंह का चालक रमेश फरार है। इस हत्या की घटना को नौ अक्टूबर, 2015 को धुर्वा थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक के पास सुबह आठ बजे अंजाम दिया गया था। ठाकुर यशवंत सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जसवंत के भाई राणा प्रताप सिंह को सिर पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया गया। हत्या के पीछे जमीन और बस चलाने के विवाद था। घटना को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 262/2016 दर्ज की गई थी।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल ने किया वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल में झारखंड पवेलियन का अवलोकन



**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल-2024 में झारखंड पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाने का वर्ल्ड फूड इंडिया भारत सरकार की उल्लेखनीय पहल है। राज्यपाल ने वहां लगे स्टालों का परिभ्रमण किया एवं स्टॉलधारकों से उत्पादों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने यहां पर लगे झारखंड के परंपरागत व्यंजन की सराहना की तथा यहां के परंपरागत खाद्य पदार्थ से बने उत्पाद के प्रति लोगों के आकर्षण को देखकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के श्रीअन्न मडुआ (रागी) के अतिरिक्त अन्य परंपरागत खाद्य से बने उत्पादों की लोकप्रियता में अपार वृद्धि हुई है एवं इसकी मांग देश ही नहीं, विदेशों में भी है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री से मिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला। आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, बेटा-बेटियों के रोजी रोजगार और नियोजन के अधिकारों की रक्षा एवं जेल जाने की बाध्यता को दूर करते हुए सभी को समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये सरकार से देने की मांग को लेकर मुलाकात की। मौके पर सहाय ने आंदोलनकारियों की मांगों के संदर्भ में कहा कि यह गंभीर विषय है। सरकार को अलग राज्य के लिए संघर्ष करने वालों की जायज मांगों पर विचार करना चाहिए। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक और प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि हेमंत सरकार को राज्य के आला अधिकारी झारखंड आंदोलनकारियों को बोझ बताते हैं। झारखंड आंदोलनकारियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किए हुए हैं। कैबिनेट से पास रोजी-रोजगार और नियोजन देने के अधिकारों अभी तक धरातल पर उतरने ही नहीं दिया है। हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में जो समय शेष बचे हैं, उस समय को आंदोलनकारियों के लिए विशेष बनाए। देश दुनिया में इससे सकरात्मक संदेश जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अंथन लकड़ा, आदम मुंडु, सुजीत राम, दिनेश महतो, करमा तिग्गा, संतोष महतो आदि शामिल थे।

### झारखंड माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर शो के दूसरे दिन 100 करोड़ का हुआ कारोबार



**रांची।** धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में तीन दिवसीय झारखंड माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर शो 2024 के दूसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित शो में बी2बी के तहत कई लोगों ने कंपनियों से सीधे बातचीत की और भारी वाहन जैसे जेसीबी, निर्माण उपकरण और अत्याधुनिक खनन उपकरणों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकरण किया। वहीं, लोगों ने विभिन्न कंपनियों के लगे स्टॉल में विजिट किया और जानकारी ली। शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किए गये हैं। एक्सपो में मेकॉन के सीएमडी सुनील कुमार वर्मा ने भ्रमण किया। उन्होंने आयोजन को सफल बताया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की बात कही। साथ ही, हिंडाल्को और अदाणी माइनिंग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी और प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी ने बताया कि माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो के दूसरे दिन 100 करोड़ का बिजनेस हुआ। अंतिम दिन रविवार को भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। झारखंड के विभिन्न जिलों के लोग भी शो का हिस्सा बने और कई जानकारियां प्राप्त की। माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां को भी अच्छा रिस्पांस मिला है। उन्होंने भी माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो को सफल बताया।

### ओबीसी कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किया सीएमपीडीआई का दौरा



**रांची।** ओबीसी कल्याण संसदीय समिति के अध्यक्ष सह लोकसभा सदस्य गणेश सिंह ने सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची में शनिवार को एक समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, महाप्रबंधक (तकनीकी/जनसंपर्क प्रमुख) संजय कुमार दुबे, महाप्रबंधक (यूएमडी/सीईडी) सह सीएमपीडीआई ओबीसी लियाजनिंग अफसर प्रमोद कुमार, पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोयला कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। सीएमपीडीआई ने गणेश सिंह को एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संस्थान द्वारा कोयला एवं खनिज क्षेत्र को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में संक्षिप्त विवरण से अवगत कराया। उक्त प्रस्तुतिकरण में सीएमपीडीआई द्वारा ओबीसी के कल्याण के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों पर भी फोकस किया गया था। ओबीसी कल्याण संसदीय समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह ने सीएमपीडीआई की तकनीकी प्रगति और ओबीसी के लिए सीएमपीडीआई में लागू किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी उपायों के लिए उसकी सराहना की। सिंह ने सीएमपीडीआई में कार्यान्वयन के लिए कुछ निर्देश भी जारी किए और उठाए गए प्रश्नों का भी समाधान किया। इससे पहले, सीएमपीडीआई पहुंचने पर गणेश सिंह ने संस्थान के भूगर्भ संग्रहालय का भी दौरा किया।

### सरकार ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को कदाचार मुक्त रखने के लिए राज्य में इंटरनेट सेवा बंद रखी

# विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई बाधित, व्यवसायी व व्यापारी रहे परेशान



झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्ताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) में कदाचार रोकने के लिए सरकार ने राज्यभर में 21 और 22 सितंबर को सुबह आठ बजे से दिन में डेढ़ बजे तक इंटरनेट सेवा को बंद रखने का निर्णय लिया था। इस कारण शनिवार को सुबह आठ बजे से दिन में डेढ़ बजे तक राज्यभर में इंटरनेट सेवा बंद रखी गई। बात तो यह सामान्य लगती है, क्योंकि प्रश्न कदाचार रोकने का है। परंतु, आज के युग में इंटरनेट बंद कर देना सामान्य नहीं है। इससे रांची सहित रज्यभर में पूरा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई पर इसका असर पड़ा। प्रतियोगिता परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई रुक गई। इस जमाने में ऑनलाइन पेमेंट कर सामान की खरीदारी आम बात है, ऑटो रिक्शा में सफर के बाद ऑनलाइन पेमेंट सामान्य है, लेकिन इंटरनेट बंद हो जाने के कारण यह सब नहीं हो पाया। कई जगहों पर एटीएम से पैसा नहीं निकल पाया। बहुत से व्यापारी ऑनलाइन पेमेंट करते हैं, उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रश्न यह है कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए इंटरनेट बंद कर देना क्या समस्या का समाधान है? अगर केंद्र सरकार परीक्षा लेगी, तो क्या पूरे देश का इंटरनेट बंद कर दिया जाएगा?

**रांची।** राजधानी रांची एवं अन्य जिलों में कुल 823 केंद्रों पर शनिवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्ताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल) परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा का आयोजन रविवार (22 सितंबर) को भी होगा। राज्य सरकार ने निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए शुक्रवार को शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक (5:30 घंटे) इंटरनेट बंद रखने का आदेश जारी किया था। वैसे, शनिवार को सुबह 5:00 से दिन में 2:00 तक इंटरनेट सेवा बंद रही। इधर, इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को परेशान हुई। व्यवसायी एवं व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंटरनेट बंद रहने से ऑनलाइन पेमेंट्स नहीं हो सके। रांची एवं अन्य जगहों पर यूपीआई पेमेंट्स नहीं हो सके। ऑनलाइन काम करने वाले दफ्तरों में काम ठप रहा। इंटरनेट सेवा बंद रहने से ग्रोसरी, कॉस्मेटिक, कपड़ा दुकान, दोपहिया वाहन के शोरूम आदि से जुड़े व्यवसायियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सुजुकी शोरूम के संचालक अभिषेक जायसवाल ने बताया इंटरनेट बंद होने के कारण दिन भर इंटरनेट से जुड़ी सुविधाएं वे अपने ग्राहकों को नहीं पाए। साथ ही, ऑनलाइन लेन-देन में भी काफी परेशानी हुई। इस कारण काफी नुकसान भी हुआ। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में इंटरनेट बेहद ही जरूरी साधन है।







इंटरनेट के बंद होने से सभी वर्ग के व्यवसायी परेशान रहे हैं। साथ ही कहा- इंटरनेट बंद करना कोई समाधान नहीं है। हालांकि, ये अच्छी खबर है कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। ग्रोसरी दुकान संचालकों को भी इंटरनेट बंद होने पर भारी नुक्सान हुआ। इस मुद्दे पर सुष्मिता कुमारी ने कहा कि दिन भर इंटरनेट बंद होने के कारण दुकान में ग्राहक ऑनलाइन लेन-देन नहीं कर पाए। इस कारण बाकी दिनों की तुलना में आज बिक्री कम रही। हालांकि, सुष्मिता ने इंटरनेट बंद करने के निर्णय को सही बताते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के लिए यह कदम लाभदायक साबित होगा। मोबाइल दुकान संचालक भी इंटरनेट के बंद रहने से काफी परेशान रहे। चूंकि मोबाइल दुकानों में कमाई का जरिया अधिकतर रिचार्ज होता है, इस कारण इंटरनेट बंद होने के कारण उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। एक मोबाइल दुकान के संचालक अमित कुमार ने कहा- इंटरनेट बंद होने के कारण काफी परेशानी हुई। लेकिन, यदि सरकार के इस फैसले से परीक्षार्थियों को अच्छा नतीजा मिलता है, तो सरकार का यह फैसला सराहनीय साबित होगा।

## आज सुबह 4 बजे से निलंबित रहेगी इंटरनेट सेवा

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के मद्देनजर झारखंड सरकार के नए निर्देश के अनुसार पूरे राज्य में रविवार को सुबह चार बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक इंटरनेट की सभी सेवाएं बंद रहेंगी। इस समय पर आप इंटरनेट संबंधी किसी भी सेवा का उपयोग नहीं कर पाएंगे। सरकार ने शुक्रवार को को कहा था कि इस परीक्षा के मद्देनजर शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक इंटरनेट सेवा निलंबित करने का फैसला किया गया है। इसके बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने इंटरनेट सेवा निलंबित करने के आदेश जारी किया था। गृह विभाग के आदेश में बताया गया है कि मोबाइल फोन, इंटरनेट मीडिया, व्हाट्स ऐप, एक्स, टेलीग्राम व यू-ट्यूब आदि के माध्यम से पेपर लीक आदि की शिकायतें पहले मिलती रही हैं।

## हाई कोर्ट पहुंचा इंटरनेट बंद करने का मामला, अदालत ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने के खिलाफ शनिवार को जनहित याचिका दायर की गई है। इस पर शनिवार को हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुधा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि इंटरनेट बंद करने के लिए क्या पॉलिसी है। क्या सभी परीक्षाओं में इसी तरह इंटरनेट बंद कर दीजिएगा। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा, जबकि स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने स्वयं बहस की। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने से रोजमर्रा के कई काम प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर लोगों के कामकाज पर पड़ रहा है। राज्य सरकार की ओर से दलील पेश की गई कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो, इसलिए एहतियातन सिर्फ मोबाइल का इंटरनेट बंद किया गया है, बाकी इंटरनेट की सुविधाएं पूर्व की तरह ही चल रही हैं।

### अघोषित आपातकाल थोप रही राज्य सरकार : संजय सेठ



**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा को लेकर झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद किए जाने पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने आपातकाल की भी सारी हदें पार कर दी है और एक तरह से राज्य की जनता पर अघोषित आपातकाल थोपने का कार्य कर रही है। इसका जवाब इस राज्य की जनता सरकार को जल्द देगी। सेठ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और झामुमो के गठबंधन वाली यह सरकार भ्रष्टाचार और अपराध रोकने में विफल रही है। यह सरकार उसी तर्ज पर काम कर रही है कि यदि अपराध बढ़ गया है, तो जनता को घरों में कैद कर दो। सड़क पर दुर्घटना बढ़ गई है, तो लोगों को सड़क पर निकलने से ही मना कर दो। दो दिनों के लिए झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद करना उसी का उदाहरण है। सेठ ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट की उपयोगिता हम सबको पता है। वह भी तब जब राज्य भर के लाखों युवा परीक्षा के सिलसिले में एक दूसरे शहरों का आवागमन कर रहे हैं। उन्हें ट्रेन का स्टेटस देखना होता है। बस का टिकट बनवाना होता है। यूपीआई से भुगतान करना होता है। यहां तक की कई बार उनके दस्तावेज मोबाइल में होते हैं और उसका प्रिंट लेना होता है। परीक्षा केंद्रों की लोकेशन तक देखनी हो, तो इंटरनेट का ही उपयोग किया जाता है।

### इंटरनेट बंद करने का निर्णय अव्यवहारिक : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन को तुगलकी फरमान बताया है। इसे लेकर राज्य सरकार के फैसले को लेकर शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते कहा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड में दो दिनों के लिए सुबह से दोपहर तक (8:00-1:30) इंटरनेट बंद किए जाने का निर्णय अव्यवहारिक और हास्यास्पद है। मरांडी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की परीक्षा देने के लिए कई राज्यों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इंटरनेट बंद कर देने के फैसले दूसरे राज्यों से आए अभ्यर्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट हमारी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर बैंकिंग कार्यों तक, सरकारी दफ्तरों से लेकर गांवों के प्रज्ञा केंद्रों तक, स्कूल, कचहरी, अस्पताल, मकान, दुकान, सड़क यातायात, रेल सेवा, हवाई सेवा, इंटरनेट हर जगह की जरूरत बन चुका है। आपके द्वारा इंटरनेट बंद किए जाने के निर्णय से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों के काम-धंधे प्रभावित हो रहे हैं, राज्य की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

### हेमंत सरकार ने की असम की नकल : हिमंता



**रांची।** झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा को बंद रखने के आदेश पर असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा के समय इंटरनेट सेवा को बंद करना हेमंत सरकार ने असम सरकार से सीखा है। इसका दूसरा मतलब ये हुआ कि असम आज की तिथि में अन्य राज्यों को रास्ता दिखा रहा है।एक अन्य मुलाकत में हिमंता ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, जब मैं झारखंड आता हूं झामुमो-कांग्रेस को बड़ी तकलीफ होती है, लेकिन उनके मुख्यमंत्री केरल से आए मुस्लिम लीग के सदस्यों का स्वागत करते हैं। आज जिन्ना की सोच की पार्टी राज्य में क्यों आयी? क्योंकि, सरकार के हलफनामे के अनुसार आदिवासी जिलों में एक विशेष समुदाय ने कब्जा कर रखा है। उल्लेखनीय है कि असम सरकार ने तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती की परीक्षा के दौरान 15 सितंबर को तीन घंटे के लिए असम में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया था। इसी तरह अगस्त 2022 में भी दो दिनों के लिए असम के लगभग सभी जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं चार घंटे के लिए निलंबित कर दी गई थीं।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का नामकुम में हुआ उद्घाटन

## अल्बेंडाजोल बिलकुल सुरक्षित है : प्रवीण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची** । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2024 को लेकर शनिवार को सिविल सर्जन एवं डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने नामकुम के एक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि दिवस का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि नीरज कुमार द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों, कृमि संक्रमण से बचाव के तरीके आदि के संबंध में जानकारी दी गई। नीरज कुमार ने बताया कि इस वर्ष रांची जिले में कुल 663812 लोगों, जिनमें 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चे व किशोर-किशोरियां शामिल हैं, को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। मौके पर प्रवीण कुमार सिंह एवं सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह बताया कि अल्बेंडाजोल की दवा बिलकुल सुरक्षित है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2024 के उद्घाटन के दौरान 250 बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में खिलाई गई। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों, सभी सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों, शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों में आंगनबाड़ी कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, शिक्षकों आदि द्वारा बच्चों, किशोर-किशोरियों को दवा खिलाने के लिए तैयारी योजना की जानकारी दी। उद्घाटन के दौरान बताया गया कि छूटे हुए बच्चों को मॉप राउंड के तहत 27 सितंबर को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और विद्यार्थी जीवन में उसका स्वास्थ्य सर्वोच्च होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार ने कहा कि कृमि मुक्त बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से होता है। साथ ही, उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है। सही पोषण और शारीरिक विकास के लिए डीवर्मिंग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर डीआरसीएचओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# आप कैसे पहचानें असली घी?

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा नजदीक है और तिरुपति मंदिर में मिलावटी घी से श्रद्धालुओं के मन में शंका उत्पन्न हो गई है कि कैसे असली घी की पहचान हो। घी सेहत के लिए ही नहीं, त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसी के चलते ज्यादातर घरों में घी का इस्तेमाल काफी आम होता है। लेकिन, अगर आप बाजार से देसी घी मंगवाते हैं, तो यह नकली भी हो सकता है। इसका इस्तेमाल आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि घी के असली और नकली होने की पहचान कर ली जाए।

मिलावट के इस दौर में देसी घी भी इससे अछूता नहीं है। असली घी के महंगे होने की वजह से बहुत से मुनाफाखोर व्यापारी इसमें वनस्पति घी, आलू, शकरकंद, हाइड्रोजेनेटेड तेल या फिर नारियल तेल की मिलावट करते हैं। ऐसे में आप कुछ तरीकों की मदद से घी के असली-नकली होने की पहचान कर सकते हैं। तो आइये जानते हैं इन तरीकों के बारे में। असली-नकली घी की



ज्यादातर घरों में घी का इस्तेमाल काफी आम होता है। लेकिन, अगर आप बाजार से देसी घी मंगवाते हैं, तो यह नकली भी हो सकता है।

पहचान करने में नमक आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए किसी बर्तन में एक चम्मच घी लें। अब इसमें आधा चम्मच नमक और हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिक्स करें। फिर लगभग बीस मिनट के लिए इसे ऐसे ही रख कर छोड़ दें। अगर इस दौरान घी का रंग बदल जाता है, तो यह घी नकली है। जबकि, असली घी का रंग बिल्कुल भी बदलता नहीं है। घी के शुद्ध और मिलावटी होने की पहचान करने के लिए पानी की मदद भी ली जा सकती है। इसके लिए आप एक गिलास पानी लें और इसमें एक चम्मच घी डाल दें। अगर घी पानी में ऊपर की ओर तैरने लगता है, तो यह घी असली है। नकली घी पानी में तैरने की बजाय बर्तन में नीचे की ओर डूब जाता है। घी की शुद्धता की जांच करने के लिए आप इसे हथेलियों पर रखकर भी देख सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा सा घी लेकर इसे अपनी हथेली पर रखें और कुछ सेकेंड के लिए इंतजार करें। असली घी हथेली पर पिघलने लग जाएगा, जबकि नकली घी जैसे का तैसा बना रहेगा। घी का रंग देखकर भी आप इसके असली और नकली होने का अंदाज लगा सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच घी किसी बर्तन में डालकर गैस पर गर्म करने के लिए रखें। अगर घी पिघलने पर इसका रंग हल्का-सा ब्राउन दिखने लगे, तो समझ लें कि यह असली है। नकली घी देर से पिघलेगा, साथ ही इसका रंग पीला ही बना रहेगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत पत्रकार रवि प्रकाश को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची प्रेस क्लब में शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत रवि प्रकाश के अंतिम दर्शन के लिए रखे गए पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का निधन काफी पीड़ादायक है। सोरेन ने कहा कि यह पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके बारे में जितना कुछ कहा जाए, वह कम होगा। पत्रकारिता के प्रति समर्पित इस युवा पत्रकार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में जो मिसाल कायम किए हैं, उन्हें आगे भी जिंदा रखा जाए। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से कामना है कि उनकी आत्मा की शांति एवं उनके

## न्यूज बॉक्स

### हेमंत सोरेन से आर्चबिशप विंसेंट आईंद ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कैथोलिक महाधर्मप्रांत रांची के नए आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने मुलाकत की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस मौके पर आर्चबिशप सतीश, बिशप विनय कंडुलना, फादर अजीत खेस, फादर डेविड खलखो, फादर मुकुल कुल्लू, फादर महेंद्र तिग्गा, पास्टर जे कुजूर एवं डेविड उपस्थित थे।

### सृष्टि को बचाने के लिए वृक्ष जरूरी : शिवराज




**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल के कुसई कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सृष्टि को बचाने के लिए वृक्ष जरूरी हैं। यह कार्य पौधरोपण के जरिये हो सकता है। शिवराज ने कहा कि मौसम को अनुकूल रखने के लिए भी वृक्ष जरूरी है। इससे प्रेरणा लेते हुए हर कार्यकर्ता कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल पांच वर्षों तक अवश्य करें, जब तक कि उसमें फल ना आ जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष पियूष विजय ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, प्रदेश के युवा नेता रोहित शारदा, युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रोहित नारायण सिंह, मनोज वर्मा, शोभा सिंह, अशोक सिंह, जॉनी वाकर खान, महेश विजय एवं अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी मौजूद थे।

### तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में वर्जित तत्वों के मिलने पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की

# ऐसा कर्म करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले : चंद्रकांत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद के लिए जो लड्डु चढ़ता है, उस पर एक जांच रिपोर्ट आई है। दरअसल, लड्डु जिस घी से बनाता है, उस घी की जांच हुई है। जांच के बाद जो रिपोर्ट आई है, उसने लोगों को चौंका दिया है। जांच रिपोर्ट में जिन तत्वों की मात्रा मिली है, वह सनातन धर्म के पूजा-पाठ में वर्जित है। इस संबंध में रांची के लोगों ने अपने अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इस तरह से आस्था को ठेस पहुंचाने वाली घटना के प्रति नाराजगी भी जताई है। हालांकि, रांची समेत पूरे देश में लोगों के अंदर नाराजगी और गुस्सा है। आम तौर पर खाने वाले देसी घी की कीमत 650 रुपये से 700 रुपये प्रति किलो है। वहीं, पूजा घी के नाम में जो बेचा जा रहा है, वह बाजार में 140 से 150 रुपये किलो मिलता है। अब प्रश्न यह उठता है कि यह कौन सा



जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा, जांच अभियान चलाएंगे

घी है, जो इतने कम दामों में बिक रहा है।

विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि इससे ज्यादा घिनौना काम क्या हो सकता है। तिरुपति बालाजी सनातन धर्म के प्रमुख पूजा स्थलों में से एक है। ऐसा कुकर्म जिस ने किया है, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस धिनौने काम को न सिर्फ भारत में, अपितु पूरे विश्व में सनातन समाज हमेशा याद रखेगा। हमारे सनातन धर्म की भावना को आहत करने वालो ने बहुत ही कुकर्म किया है और इस का परिणाम न सिर्फ इस लोक में, बल्कि इसके बाद परलोक में भी मिलेगा।

रांची जिला के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुविर रंजन ने कहा कि हमलोग खाने-पीने के समानों की समय-समय पर जांच करते रहते हैं। अगर अनियमितता मिलती है, तो उस पर आर्थिक दंड भी लगाते है। अभी जो मामला समाने आ रहा है। इस पर हमलोग जांच करने की योजना बना रहे हैं। एक-दो दिन में खाद्य समाग्री की जांच का अभियान चलाएंगे। पूजा घी खाने का सामान नहीं है। उस पर लिखा होता है पूजा घी। इससे लोग पूजा घी खाने के लिए उपयोग में नहीं लाते हैं। तिरुपति मामले को देखते हुए हमलोग इस पर जांच अभियान चलाएंगे। श्री लक्ष्मी वेंकेटश्वर मंदिर के रंजन सिंह ने कहा कि तिरुपति में जो हुआ है, वह बहुत गलत है। किसी की आस्था के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। इस प्रकार के अपराध जिन लोगों ने भी किया हो, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस प्रकार की घटना कहीं और ना हो इस पर ध्यान देना चाहिए।

भारतीय युवक संघ, बकरीबाजार के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां पंडाल में उपयोग में आने वाले सभी सामानों की शुद्धता की जांच होती है। उसके बाद ही उपयोग में लाया जाता है। बाजार में जो सबसे बेस्ट क्वालिटी के घी और तेल होते हैं, हमलोग उसी का प्रयोग करते हैं।

तपोवन मंदिर के पुजारी गोपाल उपाध्याय ने कहा कि मंदिर में हजारों श्रद्धालु भक्त आते हैं। वे भगवान को प्रसाद चढ़ाते हैं। उस प्रसाद का कुछ अंश दूसरे भक्तों को मिलता है। अब, अगर कोई कहे कि मुझे अशुद्ध घी का प्रसाद मिला है, तब यह तय कर पाना कठिन है किस दुकान से किस आदमी ने वह प्रसाद खरीदा था। दूसरा भगवान का भोग बनाने के लिए जरूरी सामग्री अनेक दान दाता देते हैं। अब कौन दान दाता कौन सा घी दे रहा है, और वह घी कितना शुद्ध है, यह बता पाना कठिन है।

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि मिलावटी किसी भी सामान की खरीद-बिक्री न करें। जितना पैसा ले रहे हैं, उसके लायक सामान भी दें। सेहत और शुद्धता के साथ कभी भी समझौता न करें।

इधर, तिरुपति बालाजी के प्रसाद में चर्बी पाए जाने के बाद भक्तों में भी संशय कायम है। ऐसे में रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक मुनचुन राय ने बताया कि राजधानी में इस तरह की अप्रिय घटना ना हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चूंकि त्योहारों का भी महीना नजदीक है, ऐसे में इस तरह की खबरों से भक्तों में हलचल का माहौल बना हुआ है। हालांकि, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की ओर से आश्वस्त किया गया है कि राजधानी में ऐसी अप्रिय घटना नहीं होगी। इस विषय को लेकर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट से भी बात करेंगे और घी बनाने वाली सभी कंपनियों या जगहों पर समय-समय पर जांच की जाएगी। सदस्यों ने बताया कि मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे और इस विषय पर चर्चा करेंगे।

रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने बताया कि पूजा में चढ़ाए गए प्रसाद का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। ऐसे में तिरुपति बालाजी में इस तरह के अप्रिय घटना से सनातन धर्म को मानाने वाले लोग काफी आहत हैं। राजधानी रांची में इस तरह की अप्रिय घटना ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## एक नजर

### अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए लोकतंत्र का गला घोट रही हेमंत सरकार : शिवराज



**रांची।** केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जाते जाते राज्य सरकार जनता को परेशान करने का हर तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सीटों को बेचने वाली यह सरकार आज इंटरनेट बंद कराकर अपनी नाकामियों को छुपाना चाहती है। जनता को सब पता है कि कैसे पिछले पांच वर्षों में हेमंत सरकार ने युवाओं की नौकरियों बेची हैं। कैसे पूरे के पूरे सेंटर बेंच दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियों को मिले व्हाट्सअप चैट में तो प्रश्न पत्रों और उनके रेट तक उजागर हुए हैं।
उन्होंने कहा कि इस सरकार ने युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है।

### जनता दल यूनाइटेड का कार्यकर्ता सम्मेलन 30 सितंबर को

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में आगामी 30 सितंबर को जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश के मांडर विधानसभा स्तरीय कार्यकताओं का एक दिवसीय सम्मेलन सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त घोषणा जनता दल यूनाइटेड के मांडर विधानसभा प्रभारी बिगा मिंज ने बेड़ो में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को मांडर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बिगा मिंज ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद खीरु महतो, जनता दल यूनाइटेड के विधायक सरयू राय, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, झारखंड के प्रभारी अशोक चौधरी सहित जदयू के कई वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे।

### मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी की पत्नी के मिट्टी में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर

**मांडर।** मुडमा के मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के अहिल्या का बीते रात आकस्मिक निधन हो गई थी। जिसकी मिट्टी शनिवार मुड़मा कब्रिस्तान में दिया गया। मिट्टी में पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने भी शिरकत किए। डॉ. परमेश्वर भगत ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मरहूमा के परिवार वालों को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर हाजी शमसेर आलम, हसन इमाम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम आयोजित

# कार्यशाला में झारखंड के 49 स्कूलों के कुल 110 शिक्षकों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में दो दिवसीय एचपीसी (होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड) पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें बुनियादी, प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक स्तरों पर एचपीसी के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण कार्यशाला एनसीईआरटी की 'परख' इकाई तथा रांची सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स के द्वारा संचालित की गई, जिसमें विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। प्रो. (डॉ) इंद्राणी भादुड़ी, सीईओ एंड हेड, परख और एजुकेशनल सर्वे डिविजन, एनसीईआरटी ने भी एचपीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभा को वर्चुअली संबोधित किया। कार्यशाला में झारखंड के 49 स्कूलों के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल सहित कुल 110 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मौजूदा मूल्यांकन पद्धति में सुधार करते हुए गुणवत्तापूर्ण और समग्र मूल्यांकन की दिशा में परिवर्तन को समझना था जो एनईपी 2020 और एनसीएफ 2023 का एक अभिन्न अंग है। इसमें रांची के विभिन्न स्कूलों से शिक्षक, शिक्षिका और प्रशिक्षक शामिल हुए। सत्र में रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को उनके शैक्षणिक ढांचे में एचपीसी को सम्मिलित करने के तरीकों पर मार्गदर्शन किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर ने एनसीईआरटी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सीबीएसई लगातार शैक्षणिक पद्धतियों में बदलाव कर रहा है। एचपीसी के माध्यम से यह मूल्यांकन प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धा आधारित मूल्यांकन की दिशा में एक बड़ा बदलाव आएगा।

## श्री श्याम की जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित एवं निर्मित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को सायंकाल 128 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में श्याम बाबा का प्रियभोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी का भक्तजनो ने गायन कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, हनुमान जी, श्री शिव परिवार, श्री राम दरबार, श्री गरूड़ जी, गुरुजनों को मंदिर में निर्मित शुद्ध घृत का बुंदिया, केशरिया जलेबी, जीरा पुलाव एवं आलू-लौकी की झोलदार सब्जी का भोग लगाया गया। यह सभी प्रसाद मंदिर में मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में श्रद्धापूर्वक शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था।128 वें श्री श्याम भंडारे का समय होते - होते मंदिर परिसर व हरमू रोड़ में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयी। खाटू नरेश की जयकारों से पुरा परिसर भक्तिमय हो रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारो के साथ श्री श्याम भण्डारे का प्रसाद वितरण प्रारम्भ किया गया। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम भण्डारे का प्रसाद वितरित किया गया। टाफी का प्रसाद अलग से वितरित किया जा रहा था। लगभग 2500 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री श्याम भण्डारे का प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, अमित सरावगी सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने भण्डारा व्यवस्था में सहयोग किया।

## न्यूज बॉक्स

### डा. परमेश्वर भगत ने किसानों से मुलाकात की



**बेड़ो।** प्रखंड के खत्री खटंगा में किसानों से मिलने पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत उनके खेतों में गए। इस दौरान किसानों ने उन्हें अपनी विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया, जिसमें सिंचाई के लिए समुचित व्यवस्था न होना, बीज की गुणवत्ता और फसलों के उचित दाम, फसल बीमा में हो रही बिचौलियाबाजी, फसल उत्पादन संबंधी कोई उपकरण सरकार से न मिलना, फसल बिक्री हेतु कोई बेहतर बाजार हाट का न होना, फसलों को उचित दाम ना मिलना आदि शामिल थे। डॉ. भगत ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस पहल से किसानों में उम्मीद जग गई है कि उनकी आवाज सुनी जाएगी।

### सोसायटी से कार्य कराने की दिशा में करें पहल



**खलारी।** खलारी के केडी नेहरू स्टेडियम निकट 'सहकार भारती' रांची जिला ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम सहकार भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव इनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। बैठक में एक श्रमिक समिति बनाने का प्रस्ताव लाया गया। इसके लिए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी से मिलकर जल्द से जल्द सोसायटी गठित करने की दिशा में पहल करने कहा गया। बैठक में उपस्थित सहकार भारती के प्रदेश मंत्री राकेश चौधरी ने कहा कि जल्द ही सीसीएल एनके एरिया के जीएम से मिलकर सोसायटी से कार्य कराने की दिशा में पहल करें। साथ ही जो भी सोसायटी गठित है या गठित होती है तो उसे कार्य देने की जिम्मेवारी लें। इस मौके पर दिलीप पासवान, मुन्ना देवी, मालती देवी, साधना देवी, नीतू विश्वकर्मा, पूनम सिंह, रिंकी देवी, बिंदु मुंडा, बबीता देवी, सुधा देवी, कामेश्वर सिंह, निर्मला देवी, सूर्या देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

### स्व. मुकेश तिर्की प्राइजमैनी फुटबॉल प्रतियोगिता का डा. परमेश्वर भगत ने किया उद्घाटन



**बेड़ो।** सरना क्लब बेडो के तत्वावधान में महादानी मैदान में भावी विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने स्व. मुकेश तिर्की प्राइजमैनी फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन किए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर जोर दिया। डॉ. भगत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह टीम भावना और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें मेहनत और समर्पण से खेलने की सलाह दी। डॉ. भगत ने भाग लेने वाले सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह आयोजन क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में मुख्य रूप से बेडो प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख धनंजय राय सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी को जाता है।

### इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची ने मनाया अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस

**रांची।** अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है,। इनरव्हील क्लब आफ स्वर्णरेखा रांची की सदस्यगण मोराबादी मैदान में एकत्रित होकर सभी देशों के बीच स्वतन्त्रता, अहिंसा, सहजीवन, शांति और खुशी के आदर्श संकल्प के लिए कामना की । अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस -2024 की थीम है, शांति और संस्कृति का विकास। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की मेम्बर्स ने मेडिटेशन कर विश्व शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## लगातार हुई बारिश से कई मकान गिरे, हजारों का हुआ नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
प्रखंड के सिल्ली छाता टांड़ कामार टोला निवासी लखींद्र करमाली उर्फ छुटु करमाली व रंथु करमाली का कच्चा मकान गिर गया है। जिससे घर में रखे हजारों रुपए के सामान भी बरामद हो गये। घर के गिरने से पीड़ित परिवार बेघर हो गया है। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगायी है। लखींदर करमाली ने बताया कि पिछले दिनों हुए बारिश के कारण अचानक धीरे-धीरे मकान का दिवार भरभरने लगा था। यह देख परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर निकलकर किसी तरह जान बचाए।यह वर्षो पुराना पुस्तैनी मकान है। उन्होंने बताया कि उन्हें पीएम आवास का लाभ भी नहीं मिला है। किसी तरह अस्थाई कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अब क्षतिग्रस्त मकान को बनाना संभव नहीं है। इधर सूचना मिलते ही प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और साथ ही मदद का आश्वासन दिया।

सीजीएल की परीक्षा में 56.2 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

# 1212 में से सिर्फ 530 परीक्षार्थी हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड में सीजीएल की जेएसएससी की स्नातक स्तरीय संयुक्त परीक्षा के चार केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन अलग-अलग पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। पूरे प्रखंड में 1212 परीक्षार्थियों में से 56.2 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सिर्फ 43.7 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। बेड़ो के सभी चार केंद्रों क्रमशः प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 336 में से केवल 147 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां 189 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वही राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक परीक्षा केंद्र में 312 में 124 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां 188 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो के परीक्षा केंद्र में 324 में से केवल 140 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जबकि यहां 184 अनुपस्थित मिले। वहीं शिशु विद्या मंदिर में 240 में से 119 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया वहीं 121 अनुपस्थित मिले। परीक्षा केंद्रों का अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर तथा थाना प्रभारी नकुल शाह ने कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खलारी में रैयत विस्थापित मोर्चा का 14वां स्थापना दिवस मना

# रैयत व विस्थापितों का हक अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत है मोर्चा : बिगनसिंह भोगता



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के विश्रामपुर बड़कीटांड में रैयत विस्थापित मोर्चा का 14वां स्थापना दिवस मनाया गया। अध्यक्षता मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव तथा विशिष्ट अतिथि खलारी पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी थी। शुरूआत नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व झंडोत्तोलन कर किया गया। बिगनसिंह भोगता ने कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा रैयत विस्थापितों को हक अधिकार दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत है। विस्थापितों के हक में अब तक अनेक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा। मोर्चा आपके साथ हमेशा खड़ा है। वहीं रंथू उरांव ने कहा कि मोर्चा का गठन रैयत विस्थापित को हक अधिकार दिलाने के लिए हुआ है। सीसीएल प्रबंधन उनके साथ अगर अन्याय करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने रैयत विस्थापितों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल में रैयत विस्थापित नौकरी मुआवजा सहित रोजगार, पुनर्वास आदि सुविधाओं से वंचित हैं। कहा गया कि जमीन की हेराफेरी कर नौकरी लेने के प्रयास का मोर्चा कड़ा विरोध करता है। प्रबंधन को अपनी ताकत का अहसास कराना होगा कि रैयत विस्थापित की उपेक्षा कर कोई भी कोयला खदान नहीं चल सकता है। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, इंदिरा देवी, दीपमाला कुमारी, दामोदर गंझू, शिवनारायण लोहरा, कन्हाई पासी, अनंत मुंडा, सुनील यादव ने संबोधित किया। सचिव जगरनाथ महतो ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

## शहीद शिव उरांव का 25वां शहादत दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
प्रखंड के हुरहूरी में शनिवार को शहीद शिव उरांव का 25वां शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व विशिष्ट अतिथि चान्हो पुर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी शामिल हुए। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि हमलोगों को शहीद शिव उरांव से प्रेरणा लेकर अपने समाज के लिए अच्छा काम करना चाहिए। जिन्होंने अपने सरना समाज के लिए लड़ते हुए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिए। शहीद शिव उरांव ने समाज को संदेश दिया कि कैसी भी विषम परिस्थिति हो या रास्ते पर किसी तरह का परेशानी हो अगर लक्ष्य को हासिल करना है तो नजर मंजिल पर होना चाहिए। समाज मे छुपी हुई जो कुरीतियां है उसे दुर कर एक अच्छा समाज का निर्माण करते हुए अगर जान गंवानी भी पड़े तो मंजिल से नही हटना चाहिए और अपने समाज के लिए अच्छे काम करने चाहिए। जिला परिषद आशुतोष तिवारी नेकहा कि शिव उरांव ने समाज की हिफाजत में अपना प्राण न्योछावर किया है। यह हमारे लिए उनके द्वारा किया गया बलिदान सदियों तक याद रखेगा।

## इंटरनेट बंद करना पेपर लीक को रोकना नहीं बल्कि छुपाना ह : देवेंद्रनाथ महतो

**सिल्ली।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का झारखंड नवनिर्माण पदयात्रा जारी है। आज शनिवार को सोनाहातू प्रखंड के गलउ पंचायत एवं सोनाहातू पंचायत में किया गया। गलउ पंचायत के कांशीडीह, मूरुतडीह,वनडीह गांव एवं सोनाहातू पंचायत के हितजारा आदि गांवों में किया गया। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो एवं कार्यकताओं ने अपनी बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित किया। सांस्कृतिक ढोल एवं मांदर के थाप के साथ लोगों ने ग्राम भ्रमण किया। राज्य के क्षेत्रीय समस्याओं पर परिचर्चा किया। एवं स्थानीय मुद्दा को प्राथमिक रूप से समाधान करने पर बात कही गई। पदयात्रा के दौरान देवेंद्र नाथ महतो ने कहा की वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न पहलुओं पर उदासीन रवैया हो रही है। सीजीएल परीक्षा हेतु इंटरनेट को बंद करना प्रश्न पत्र लिक को रोकना नहीं बल्कि प्रश्न-पत्र लिक को छुपाने का षड्यंत्र है। प्रखंड पदाधिकारी रंजीत महतो ने कहा कि संगठन के प्रती लोगों के विश्वास झारखंड नए बदलाव का इशारा करता है।

महीने भर भी नहीं चली लाखों की सड़क

# पुरानी सड़क के पत्थरों से बना दी नई सड़क



कृष्णा उरांव



सोमरा उरांव



बिशु उरांव



सड़कों में पड़ी दरार



नई सड़कों में बरती गयी लापरवाही

नवीन मेल संवाददाता। चान्हो प्रखण्ड के चटवल पंचायत के मसमानो गांव में पंचायत के फंड से बनी लाखों की सड़क में महीने भर में दरारें आने से ग्रामीण नाराज हैं । उरांव आदिवासी समुदाय बहुल टोले में बनी सड़क के दोनों ओर नियमानुसार मिट्टी भी नहीं भरी गई है । युवा बिशु उरांव (फोटो) का कहना है कि काम सही नहीं हुआ है और ठेकेदार अरशद को कई बार मिट्टी भरने के लिए कहा गया पर वह टालमटोल करता रहा । पूर्व चौकीदार सोमरा उरांव (फोटो) जिनका घर पास में ही है उनका कहना है कि पुरानी कच्ची सड़क के बोल्डर और पत्थरों को उखाड़कर जैसे तैसे सड़क बना दी गई है जिसमें सीमेंट का ठीक इस्तेमाल नहीं किया गया है जिससे महीने भर में दरारें आ गईं हैं । युवा कृष्णा उरांव (फोटो) भी नाराज हैं और अधिकारियों से जांच की मांग कर रहे हैं । इनका कहना है कि काम सही नहीं हुआ है । ठेकेदार अरशद का कहना है कि उसे आधा ही पैसा मिला ऐसे में सही काम कैसे होगा अभी भी उसके बीआईएस हजार रुपए नहीं मिले हैं । ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जांच जिला स्तर के अधिकारी करें तो सच्चाई सामने आ जाएगी ।

### झामुमो-कांग्रेस की सरकार अब नरभक्षी बन गई है : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को कहा कि हेमंत सरकार नरभक्षी सरकार बन गई है। उत्पाद सिपाही की दौड़ में अब तक 19 युवा अपनी जान गवां चुके हैं। आज गिरिडीह में उत्पाद सिपाही की दौड़ में धनवार थाना क्षेत्र के गादी गांव निवासी विरंची राय की मौत हो गई। आठ बेहोश हो गए जबकि कई अस्पताल में इलाजरत हैं। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने ना तो जानलेवा नीति बदली है, ना ही भर्ती स्थलों पर स्वास्थ्य व्यवस्था और ईलाज के पुख्ता इंतजाम किए हैं। नौकरी की आस में एक-एक कर 19 युवा मौत के मुंह में समा चुके हैं।

लाठी खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के करतब ने किया रोमांचित

# भूतनगर में चेहल्लुम मेले सह लाठी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
भूतनगर खलारी में चेहल्लुम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार देर शाम मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार, पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी खलारी विजयकुमार सिंह व जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। एनके जीएम सुजीत कुमार व डीएसपी आरएन चौधरी ने लाठी खेलकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इससे पहले अतिथियों का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। मालूम हो कि दो दशक से अधिक समय से भूतनगर में चेहल्लुम मेला का आयोजन होता आ रहा है। मेला के संयोजक सह मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी तथा मेला कमेटी द्वारा इस मेला सह प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। प्रतियोगिता में आसपास के जिलों व थाना क्षेत्रों से 40 से अधिक टीम भाग लिए। सभी टीम बारी बारी से अपने पारंपरिक हथियार व लाठी खेल का करतब दिखाए। खिलाडियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता पूरी रात चलती रही। अंत में सभी टीमों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जीएम सुजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सांस्कृतिक एकता मजबूत होती है और एक दूसरे के साथ मिलने का मौका मिलता है। मेला भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। भूतनगर में इस तरह का आयोजन सराहनीय है। वहीं कार्यक्रम के दौरान कलाकार हाफिल हर्ष ने एक से बढ़कर एक कव्वाली गाकर समा बांधे रखा। कार्यक्रम में अब्दुल्ला अंसारी, पुरनाडीह पीओ शकील अख्तर, इंटक नेता बीएन पांडेय, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, सोनू पांडेय, सुनील सिंह, नीलू विश्वकर्मा, सदीक जी, इस्लाम अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, आजाद अंसारी, सोनू ठाकुर सहित आसपास के सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

# सुगम एवं पारदर्शी तरीके से परीक्षा के लिए प्रशासन रख रही है कड़ी निगरानी

- लॉज, हॉस्टल, होटल आदि की हो रही गहनता से जांच पड़ताल
- संपूर्ण परीक्षा की गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से रखी जा रही है नजर



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित हो रही जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफ़ल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने जिला +2 विधालय, संत जेवियर स्कूल एवं हॉली क्रॉस स्कूल का भ्रमण कर बारीकी से हर बिंदुओं एवं तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होने उक्त परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम पहुंच कर जरूरी सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में बताया कि सभी केंद्रो पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण संचालित हो रही है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निर्देशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हज़ारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केन्द्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पु.अ.नि./स.अ.नि. के स्तर के कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल/गृहरक्षक की तैनाती की गईं है। वही गश्ती-सह-उड़न दस्ता दल में पु.अ.नि./स.अ.नि. स्तर के कुल 29 पुलिस पदाधिकारी एवं 87 पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गयी है। जिला प्रशासन के द्वारा हजारीबाग जिला में परीक्षा के मद्देनजर शहर के अलावे बरही, पदमा एवं अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच कर रही है, तथा इनके मालिक, मैनेजर की नोटिस देकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा हर एक परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसे कंट्रोल रूम के द्वारा मॉनिटरिंग किया जा रहा है। हजारीबाग जिला में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराई जा रही है। जेएसएससी परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम (06546-264159/8002529349) बनाया गया है,जिसपर किसी भी प्रकार संदिग्ध कार्यों तथा विधि व्यवस्था से संबंधित सूचना दी जा सकती है।

## आवारा पशुओं के आतंक से आम जनता भयभीत : खतियानी

**हजारीबाग।** पुराना धरना स्थल के नजदिक अशोक राम की अध्यक्षता मे खतियानी परिवार की बैठक शनिवार को हुई। जिसमें खतियानी परिवार के सदस्यों ने जिला प्रशासन से माँग कि की शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को गौशाला भेजा जाए। खतियानी परिवार के सदस्यों ने बताया कि डेली मार्केट, पेठिया बाजार के साथ-साथ पूरे शहर में आवारा पशु जैसे गाय बैल बछड़ा टहलते घूमते और बैठे हुए दिखते हैं, जिससे सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और आम जनता पर भी कभी कभी हमला कर देते है जिसके कारण कई बार सड़क हादसे भी हो रहे है। नगर निगम के अधिकारि आवारा पशुओं को गौशाला में बंद करने की जगह तमाशा देखते रहते हैं। खतियानी परिवार जिला प्रशासन से निवेदन करता हैं की, शहर में भ्रमण के स्वयं स्थिति का जायज़ा ले और स्थिति को ठीक-ठाक करें। बैठक में उपस्थित मोहम्मद हकीम, रामावतार भगत, रामेश्वर प्रसाद मेहता, अनवर हुसैन, मोहम्मद नसीरुद्दीन, बोधी साहब, प्रदीप प्रसाद मेहता, शंभू ठाकुर, मुन्नी देवी, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

### बड़कागांव से दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा अटलविचार मंच का दामन

**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के संस्थापक भारत सरकार के पूर्व वित्त विदेश मंत्री हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा की प्रेरणा प्रभावित बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र से पुष्पा तिर्की और रफीक अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने अटल विचार मंच का सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से आंगो पंचायत की मुखिया नीलम मिंज, झारखंड राज्य अनुसूचित जाति जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान, रमन गंझूं, प्रभु राम, गिरजा भुइयां, बंधन तुरी, सहदेव कुमार, एतवा बेसरा, विनोद खालको, हरदयाल प्रसाद, एतवा गझूं, महेंद्र मांझी, दिनेश कुमार, मनिंदर गंजू टिकेश्वर कुमार, रीजन मांझी, मिश्रीलाल मांझी, जनार्दन शर्मा तथा कुलेश्वर प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

### समाजसेवी नीरज कुमार ने दो अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में लावारिश और अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था मुक्तिधाम सेवा संस्थान के द्वारा शनिवार को एक बार फिर से दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार उनके धर्म के मुताबिक नीरज कुमार के द्वारा किया गया।

### मृतक प्रीतम के परिजनो से मिले सांसद व पूर्व विधायक

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण प्रखण्ड के बहुचर्चित ट्रेलर दुर्घटना में 17 वर्षीय प्रीतम कुमार के मौत के चौथे दिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उनके परिजनों से मिले। सांसद श्री जायसवाल ने कहा यह दुःखदाई घटना है। इस संकट की घड़ी में हम सभी भाजपा परिवार आपके साथ खड़े है। कहा प्रसाशन नियम संगत परिजनों को सहयोग करें। सांसद ने कहा कि चौपारण में सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही एवं प्रसाशन के विधि व्यवस्था में लचीलेपन के कारण आये दिन वाहन दुर्घटना में लोग मौत के शिकार बन रहे है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पिंटू केशरी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कौशल किशोर का संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी के माध्यम से चयन

**हजारीबाग।** सदर प्रखण्ड अंतर्गत जगदीश कॉलोनी रामनगर व पैतृक आवास लावालोंग प्रखण्ड के बांदू गांव के मूल निवासी अर्जुन साहू (सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक) के सुपुत्र कौशल किशोर का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित जेटीओ (राजभाषा अधिकारी) इपीएफओ, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार परीक्षा में 32वें रैंक के साथ हुआ है। कौशल किशोर अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दीदी-जीजा, ईश्वर व गुरुजनों को देते हैं। कौशल किशोर पूर्व में भी सिविल सेवा के साक्षात्कार के स्तर तक जा चुके है एवं केंद्र व राज्य को भी विभिन्न परीक्षाओं में भी अंतिम स्तर तक जा कर कई बार निराशा हाथ लगी है। परन्तु निरंतर प्रयास से आखिर कर देश के प्रतिष्ठित संस्था यूपीएससी के माध्यम से चयन हो सका है।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय का टाइगर जयराम ने किया उदघाटन

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ का जिला कार्यालय टायर मोड मुर्रामकला नियर सत्कार होटल के निकट खोला गया है। पार्टी कार्यालय का उदघाटन पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के हाथों किया गया। कार्यालय उदघाटन कार्यक्रम में पार्टी कर केंद्रीय पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी समिति, जिला मीडिया प्रभारी,प्रखंड कार्यकारिणी समिति ,पंचायत कार्यकारिणी समिति व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। रामगढ़ जिला कार्यालय खुलने से रामगढ़ के छः प्रखंडों के लोग अपनी समस्या व सुझाव रखने में आसानी होगी। कहा गया कार्यालय खुलने से गरीब, मध्य, दबे कुचले, पीड़ित, शोषण ,वंचित आदिवासी, मूलवासी लोगों के हक अधिकार से संबंधित समस्या रामगढ़ जिला कार्यालय को उपलब्ध करा सकते हैं। जेएलकेएम रामगढ़ संबंधित विभाग से मिलकर ,बातकर समस्या का निदान करने का प्रयास करेगा।


### कोठार के कुंओं में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज ने किया ब्लीचिंग का छिड़काव

**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत कोठार में शनिवार को आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में बरसात के मौसम के मद्देनजर ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। कुंओं में ब्लीचिंग का छिड़काव करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी ने हमेशा जनहित के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया है। श्री महतो ने कहा की पार्टी द्वारा जरूरतमंदों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने,जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करने एवं जरूरतमंदों को मदद आदि जनहित के मुद्दों को हमेशा प्रमुखता दिया गया है। मनोज कुमार महतो ने कहा की बरसात के मौसम में कुंओं में जीवाणु पनप जाते हैं।

### चेचकपी मुखिया की पहल पर श्रमदान कर सिजुआ में बनाई गई सड़क

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल ग्राम सिजुआ,पंचायत चेचकपी में पिछले दिनों बारिश के कारण सड़क व पुलिया टूट गया था। विदित हो कि सड़क अब तक नहीं बना है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं सिजुआ को जोड़ने वाली पुलिया बारिश के कारण टूट कर बह जाने से आवागमन पूरी तरह बाधित था इस संदर्भ में ग्रामीणों ने चेचकपी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द पुलिया को ठीक कराने का आग्रह किया। इस निमित मुखिया ने बताया कि सडक व पुलिया की समस्या को लेकर पूर्व में कई बार पदाधिकारियों को अवगत कराई थी लेकिन समस्या का निदान नहीं होने पर मुखिया ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर अपने निजी खर्चे से सीमेंट व बालू देकर ग्रामीणों के सहयोग से सड़क व कामचलाऊ पुलिया बनवाया।

## हजारीबाग का सर्वांगीण विकास करना मेरी जिम्मेदारी है : डॉ आरसी मेहता



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ता के साथ कटकमसांडी प्रखंड के होरिया रैबर डाटो डाटो अब हुसैन झोंजी सहित दर्जनों गांव का दौरा किया गया। भरामन के दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए. ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है . सबो ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर आरसी मेहता ने ग्रामीणों से सवाल जवाब किया। बेटियों और महिलाओ ने कहा- मइयाँ सम्मान योजना से 1000 रुपय मिल रही है जिससे घर बार चलाने मे मदद मिल जाती है.कच्चे खपरेला मकान वालो ने कहा की सरकार की योजना अबुवा आवास मिला है जिससे छत का मकान बनाने का सपना पूरा होगा.सखी सहायता समूह से जुडी माताए बहनो ने भी कहा की लोन लेकर सिलाई से, ब्यूटी पार्लर खोलकर, राशन दुकान देकर घर की आर्थिक स्तिथि मजबूत कर रही हु.कई नौजवान ने बताया की नियुक्ति होने पर सरकारी नौकरी कर रहा हु.दर्जनों किसानो ने बताया की सरकार ने किसानो का 2 लाख तक लोन माफ़ करके बहुत बड़ा काम किये हैं. कई किसान आत्महत्या करने से बचे.ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की 200 यूनिट बिजली निशुल्क करना काबिले तारीफ बताया ,गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगो के लिए सरकार ने 10 लाख रूपये तक मदद करने की योजना को लोगो ने सराहा। कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख़्तार ने कहा की पुनः गठबंधन सरकार बनने पर ऐसे ही अनेको योजना सुचारु ढंग से जन कल्याण हेतु संचालित किया जायगा।

## कुरहागड़ा में चल रही थी प्रतिबंधित मांस की तस्करी, ग्रामीणों ने पकड़ा, आक्रोश

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड के कुरहागड़ा गांव में ग्रामीणों ने एक गौ तस्कर को पकड़ा है, गौ तस्कर के कब्जे से लगभग २० किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया हैं। इस मामले में स्थानीय थाने में ग्रामीणों ने आवेदन भी दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि शेरघाटी निवासी मोहम्मद इरफान उर्फ छोटू पिता असरफ शाह के द्वारा प्रतिबंधित गौ मांस बांटा जा रहा है। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय कुरहागडा के लोग पिछले 1 वर्ष से प्रतिबंधित गौ मांस ले रहे थे। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने उसे प्रतिबंधित मांस के साथ धर दबोचा। ग्रामीणों के द्वारा पूछताछ के दौरान उसने बताया कि कई महीनो से वह इस व्यवसाय से जुड़ा है और इस कार्य को कर रहा है। उसने कहा कि इस कार्य में कुरहागुड़ा गरवा निवासी बबलू, समीम, सुभान उसके सहयोगी रहे है। बताया कि इस व्यवसाय से 20-25 अन्य लोग भी जुड़े हुए है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले गयी। बताते चले कि उक्त व्यक्ति के द्वारा प्रतिबंधित गौ मांस अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को बांटने के दौरान नीचे गिर जाने के क्रम में कुछ ग्रामीणों ने देखा था जिसके बाद उसकी धरपकड़ की गयी। इस घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित है। ग्रामीणों ने आवेदन को देते हुए उपरोक्त मामले में जांच कर सम्मिलित सभी लोगो पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## परिषदन भवन में हजारीबाग लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** परिषदन भवन (सर्किट हाउस) लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के हजारीबाग जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान के द्वारा किया गया। बैठक में अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान ने कहा की झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान का संदेश है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी मे लोगों को जोड़ने का काम जिला के सभी जिला कमेटी के पदाधिकारी गण करें इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले एवं सदस्यता अभियान चलावे । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बैनर तले जो भी चुनाव लड़ना चाह रहे हैं ,वह जनता के बीच जाएं एवं अधिक से अधिक पार्टी की नीति सिद्धांतों को बताने का काम करें। प्रत्येक विधानसभा के बूथ को मजबूत करने का काम करें इस बैठक में रामकिशोर सावंत, जिला प्रवक्ता राकेश रंजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, हजारीबाग सांस्कृतिक और पोस्ट के जिला अध्यक्ष प्रवीण राठौर, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, विवेक कुमार मिश्रा ,एवं बहुत सारे गणमान लोग उपस्थित थे।

## अबुआ आवास के फार्म निःशुल्क इंट्री करवाने से प्रज्ञा केंद्र नाराज हुए



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक अबुआ आवास के फॉर्म का ऑनलाइन करने को लेकर नाराजगी जताई. संचालकों ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र संचालकों को प्रखंड की ओर से अबुआ आवास के फॉर्म इंट्री करने की बात कही जा रही है. जिसके लिए प्रज्ञा केंद्र संचालकों को किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नही किया जाना है. इस कार्य के लिए उन्हें सीएससी की ओर से कोई पत्र या निर्देश भी निर्गत नही किया गया है. प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बताया कि वे लोग एक उद्यमी है. जो सरकार के ट्रीपेल पी मॉडल पर कार्य करने के लिए सीएससी से पंजीकृत किए गए है. उन्हे हर कार्य के लिए सरकार के द्वारा निर्धारित राशि मिलना तय है. फॉर्म एंट्री करने के लिए उन्हें अतिरिक्त ऑपरेटर रखने होंगे, यह अपना काम पूर्ण रूपेण बंद करना होगा. जिससे उन लोगो को आर्थिक क्षति उठानी होगी. संबंधित मामले में प्रखंड आवास समन्वयक केके भारती ने बताया कि यह सभी फॉर्म जनता दरबार में लिए गए है जिसे 25 सितंबर तक एंट्री करने के निर्देश प्राप्त है. इस संबंध में पंचायत वीएलई से सहयोग लिया जा रहा है. जिला समन्वयक मुकेश झा ने बताया कि इस संबंध में प्रखंड द्वारा जारी पत्र के आधार पर स्टेट निर्देश मांगा गया है. फिलहाल संचालको को सहयोग करने को कहा गया गया है. संचालकों ने बीडीओ व जिला समन्वयक से फॉर्म इंट्री के लिए निर्धारित राशि भुगतान करने की मांग किया है।

## विधायक उमाशंकर अकेला ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही/चौपारण।** बीते दो दिनों से चौपारण के चतरा मोड़ के निवासी अंधकार मे जीने को मजबूर हो गए थे कारण ट्रांसफार्मर का जलना। बाजार के लोगों ने बहुत हाथ पैर इधर उधर मारने के बाद बरही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक उमाशंकर अकेला को ट्रांसफार्मर जल जाने का सुचना दिया। विधायक ने ट्रांसफार्मर की गंभीर मामला को तुरंत संज्ञान लिया और एक दिन के अंदर ही ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर चतरा मोड़ का बिजली बहाल करवाने का कार्य किया। इस संबंध मे विधायक उमाशंकर अकेला ने बोला की हमारे क्षेत्र में कोई भी घर अंधेरे मे ना रहे इसके बारे मे मै पहले सोचता हूँ हमारी गठबंधन की सरकार ही जो बिजली को लेकर इतनी ज्यादा सक्रिय है और उपभोक्ताओं का बिजली बिल भी माफ कर रही है। मेरे विधानसभा मे ट्रांसफार्मर की समस्या नही है अगर कहीं भी है तो लोग मुझे सुचना दें तुरंत ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंटु यादव,विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह,जीप सदस्य भाग-2 रविशंकर अकेला,नवीन यादव,नकीब खान,नकुल यादव,घनशयाम राणा,अजय केशरी, बिनोद केशरी,पंकज रविदास,प्रकाश केशरी,दिलीप केशरी,ठाकुर इत्यादि सहित अन्य।

## एनटीपीसी से सड़क की दुर्गति, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ने बढाई ग्रामीणों की मुश्किलें

नवीन मेल संवाददाता



- गढ्ढे में सड़क या सड़क में गढ्ढा पता ही नही चलता, सर पर कफन बांध कर आवागमन करने को विवश हैं ग्रामीण
- छोटे वाहनों की भी बढ़ी परेशानी, सड़क में इतने गढ्ढे है कि छोटे वाहन कब कहाँ पलट जाय कहा नही जा सकता

**हजारीबाग।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना से विभिन्न स्थानों तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग पब्लिक सड़क से भारी वाहन हाइवा के द्वारा धड़ल्ले से जारी है। ये वाहन चट्टी बरियातू एंव केरेडारी कोल माइंस से कोयला लेकर ग्रामीण सड़क जोरदाग लबनिया मोड़ होते हुए केरेडारी टंडवा मुख्य सड़क से विभिन्न स्थानों तक कोयला पहुंचाते हैं। एक ओर जहाँ पॉवर प्लांटो में कोयले की आपूर्ति हो रही है तो पब्लिक सड़क से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग होने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है इन्हें अब जान माल का डर सता रहा है। जोरदाग से लबनिया मोड़ तक सड़क से आने जाने वाले व्यक्ति ट्रांसपोर्टिंग से उड़ते धूल के कारण अब परेशान हैं। वहीं नही उक्त सड़क से प्रत्येक दिन 50 से अधिक छात्र-छात्रएं पैदल शिक्षा की दीप जलाने केरेडारी हाई स्कूल जाते हैं, उन सभी को भी धूलकणों का काफी सामना करना पड़ रहा है, और तो और छोटे वाहनों की भी परेशानी बढ़ गई है, सड़क में इतना गढ्ढे है कि छोटे वाहन कब कहाँ पलट जाय कहा नही जा सकता। ग्रामीणों का कहना है की कोयला ढुलाई के लिए कम्पनी को अपना अलग सड़क बनाना चाहिए था लेकिन दुर्भाग्य है की कम्पनी ग्रामीण जनता को भय दिखाकर बाजबरण ग्रामीण सड़क का उपयोग कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के लिए कर रही है। चूँकि जोरदाग से लबनिया मोड़ सड़क पर आम जनता आवागमन करती है लेकिन कोयले की ट्रांसपोर्टिंग से यमराज रूपी हाइवा से लोग भयभीत हैं। राहगीरों में लगातार डर बना रहता है की पता नहीं कब जान चली जाय लोग सर पर कफन बांध कर यात्रा करने को विवश हैं। बीते दिनों कई राहगीर इन हाइवा के चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। वहीँ कृषक वर्ग के ग्रामीण कहते हैं की हमलोग खेती कर के जीविको पार्जन करते थे लेकिन ट्रांसपोर्टिंग से कोयले की उड़ती धूल के कारण अब खेती करना भी मुश्किल लग रहा है।

## स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

नवीन मेल संवाददाता




स्वच्छता ही सेवा को आत्मसात करें: नगर आयुक्त

**हजारीबाग।** स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद के निदेशानुसार हजारीबाग झील परिसर में जनभागीदारी से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ नगर आयुक्त द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सद्भावना विकास मंच, श्रीरामचरित सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह, महिला अध्यक्ष स्वेता सिंह एवं सदस्य महताब आलम, सोहेब अहमद, शिबली अहमद, एहसान, मनोज कुमार, सुधा कल्याण के सदस्य एवं झील एवं पर्यावरण समिति के सदस्यों की भागीदारी रही। स्वच्छता अभियान चलाकर लोगो के बीच स्वच्छता के प्रति जन विकसित करने का प्रयास किया गया है, इसमें मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।इस अभियान में नगर प्रबंधक राजीव रंजन, फरहत अनिसी, अर्पण इंदवार, लेमांशु कुमार, मो महफुज आलम, कनीय अभियंता रामचंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार, अंकित कुमार, आतिश आनंद, शाहिल कुमार रवी, तिलकधारी बेदिया, अविनाश कुमार, एम आई एस स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह, प्रधान जमादार दीपक कुमार, विधि सहायक अब्दुल राशिद उपस्थित थे। नगर आयुक्त ने सभी शहरवासियों से अनुरोध किया कि सभी शहर को साफ रखने में अपना योगदान दे। कचरा यत्र तत्र न फेके, निर्धारित स्थान, कूड़ेदान का प्रयोग करे। यथासंभव कूड़ा टिपर को ही दे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने डंपिंग यार्ड, मंडई, मार्केट कॉम्प्लेक्स, टैक्सी स्टैंड, खीरगांव में प्रस्तावित आई एस बी टी, का निरक्षण किया। इस दौरान उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, कनीय अभियंता रामचन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। डंपिंग यार्ड में पाए गए अतिक्रमण पर नगर आयुक्त ने संज्ञान में लिया, उन्होंने उसे जल्द से जल्द हटाने का निदेश दिया।

## आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन शपथ ग्रहण समारोह आज



नवीन मेल संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का होगा आज आयोजन। जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता,केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी सहित कई केंद्रीय नेता सम्मेलन में शामिल होंगे। जिसको लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू कमेटी पिछले एक सप्ताह से लगातार तैयारी में जुटी हुई है पूरा बड़कागांव प्रखंड आजसू पार्टी के झंडा बैनरों से पाट दिया गया है। इस संबंध में बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस सम्मेलन में 20000 से भी अधिक कार्यकर्ता पहुंचकर वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए शपथ लेंगे।

## जीएसएलपीएस महिला समूह की बहन बन रही है लखपति दीदी

**हजारीबाग।** चुरचू प्रखंड के संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस वार्षिक आम सभा का मंच संचालन अध्यक्ष माया देवी एवं पीआर सीता देवी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि अनूप भाई समिति सभी अतिथियों द्वारा दीप उज्ज्वलित कर किया गया । मौके पर वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का वित्तीय जानकारी,लेखा जोखा एवं जेएसएलपीएस में चल रहे परियोजनाओं एवं इस वित्तीय वर्ष में शुरू होने वाले परियोजनाओं का विस्तृत जानकारी बीपीएम सुधीर गुप्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनूप भाई ने अपने संबोधन में कहा की जीएसएलपीएस के बहनों के मेहनत से प्रखंड का नाम रोशन हो रहा है, और बहाने आप निर्भर बन रही है।

## 35 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच जेएसएससी की परीक्षा हुई



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण और सदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। शनिवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी। पहले दिन कुल 10452 परीक्षार्थी इसमें शामिल होने वाले थे। लेकिन परीक्षा के दौरान सिर्फ 5602 परीक्षार्थी उपस्थित हो सके। 4850 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजार किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ पुलिस जवान भी मुस्तैद थे। इसके अलावा 10 फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी काम कर रही थी। सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 तक तीन पालियों में परीक्षा संपन्न हुई। रामगढ़ जिले में 22 सितंबरको भी परीक्षा आयोजित होगी जिसमें लगभग 10 हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है।

## एक नजर

### मानव तस्करी रोकने के लिए सिमडेगा पुलिस की पहल जारी किया टोल फ्री नंबर

**सिमडेगा।** मानव तस्करी रोकने के लिए सिमडेगा पुलिस ने नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत पुलिस ने टोल फ्री नंबर 1800 345 6256 जारी किया है। इस टोल फ्री नंबर के जरिए पीड़ित या अन्य व्यक्ति फोन कर पुलिस को उत्पीड़न की सूचना दे सकते हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। सिमडेगा पुलिस ने आईजी प्रोविजन को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। पत्र में लिखा है कि सिमडेगा जिला मानव तस्करी से काफी प्रभावित है। यहां से लोगों को पैसा कमाने का लालच देकर बाहर ले जाने की शिकायतें मिलती रहती हैं। कई बार शहर के लड़के-लड़कियों को कमाने और नौकरी दिलाने के नाम पर बाहर ले जाया जाता है और उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाता है।

### बरही में जेएसएससी सीजीएल की पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बरही ।** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा का पहला दिन बरही के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. परीक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क दिखा. एसडीओ जोहान टुड्डू और एसडीपीओ सुरजीत कुमार डीएवी पब्लिक स्कूल, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही इंटर कॉलेज सहित अनुमंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा का जायजा लिया और केंद्रधिक्षको को आवश्यक निर्देश भी दिया. इस दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था सहित प्रबंधन का भी जायजा लिया. सीजीएल परीक्षा को लेकर सरकार ने सुबह 8 बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक राज्य में इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश दिया था.

### तीन दिनों से मालगाड़ी खड़ी रहने से जान जोखिम में डाल ट्रैक पार कर रहे लोग

**जयनगर ।** पूर्व-मध्य रेलवे के धनबाद-गया रेलखंड के बीच हीरोडीह रेलवे स्टेशन पर केटीपीएस रेल ट्रैक पर तीन दिनों से कोयला लगा मालवाहक ट्रेन खड़ी रहने के कारण लोगों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। रेभनाडीह, कुशाहन, सुगासांख, महेशमराय, बिहारो, पपराओ, चेहाल, पहाड़पुर समेत दर्जनों गांव के स्कूली बच्चों व आम लोग प्रति दिन रेल ट्रक पार कर स्कूल व बाजार करने आते-जाते है। केटीपीएस का कोयला लदा ट्रेन तीन दिनों से खड़ी रहने से स्कूली बच्चों समेत आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग जान जोखिम में डालकर रेल ट्रैक पार तो कर रहे हैं, लेकिन रेभनाडीह के किसान अपने खेतों की जुताई व पशुओं को चरवाहा के लिए एक छोर से दूसरे छोर रेल ट्रैक पार नहीं कर पा रहे हैं।

# यूपी के उप मुख्यमंत्री और असम के मुख्यमंत्री 22 को कोडरमा में जनसभा को करेंगे संबोधित



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा और यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 22 सितंबर को हेलिकॉप्टर से कोडरमा पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली सभा ब्लॉक मैदान, झुमरीतिलैया में पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित है, जहां यूपी के उप मुख्यमंत्री आमजनों को संबोधित करेंगे। जबकि दूसरी सभा इंदरवा फुटबॉल मैदान में अपराह्न दो बजे से होगी, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा लोगों को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक डॉ नीरा यादव ने यह जानकारी शनिवार को परिसदन कोडरमा में संयुक्त रूप से दी है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पहले ही दिन से भाजपा की आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में लोगों के बीच भारी उत्साह है। लोगों ने झारखंड में परिवर्तन का संकल्प ले लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में लूट और झूठ की सरकार है। सीएम हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव में कई वायदे किए, लेकिन एक भी पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली दौड में 15 लोगों की जान चली गयी। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, रमेश हर्षधर, गोपाल कुमार गुतुल, रामचंद्र सिंह, शिवेन्द्र नारायण आदि मौजूद थे।

कदाचार मुक्त संपन्न हुई झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा

# 4140 में 820 लोग हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 से संबंधित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र एवं डीपीआरओ पलटू महतो द्वारा किया प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 का सिमडेगा जिला में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराया गया। जिले कुल- 10 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी उपस्थित हो कर अपना परीक्षा दिये। तथा जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिसमें दिनांक 21 सितंबर 2024 को 4140 परीक्षार्थियों का सेन्टर मिला था। इस दौरान कुल - 820 परीक्षार्थी उपस्थित होकर अपना परीक्षा दिया। वहीं 3320 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा का जिला निरीक्षक ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शनिवार को जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने विद्यालय के सभी क्रियाकलापों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। मौके पर संबोधित करते हुए जीवन में भारतीय संस्कृतियों की महत्ता और आधुनिक जीवन में आधुनिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ एवं स्वास्थ्यपूर्ण जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय के अन्य दैनिक गतिविधियों का बारीकी से मुल्यांकन एवं निरीक्षण कर आचार्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य रूप से विद्यालय के आचार्य - आचायाओं के साथ बैठक कर आगामी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अक्टूबर माह में विगत 27 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक विद्यालय परिसर में प्रस्तावित शिशु - शिविर के विषय में विस्तार पूर्वक चचाएं की तथा सहयोगी आचार्यों के मध्य शिशु शिविर में उपस्थित होने वाले 600 बालक-बालिकाओं के व्यवस्थित कार्यक्रम के लिए विभिन्न उत्तरदायित्वों का विभाजन करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश और सुझाव प्रस्तुत किए । बैठक में सलडेगा संकुल के संकुल प्रमुख संतोष दास तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक जी तथा विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का सिमडेगा में मनाया गया 64 वां स्थापना दिवस



सिमडेगा। श्री सर्वेश्वरी समूह का 64 वा स्थापना दिवस देश भर की विभिन्न शाखाओं सहित सिमडेगा शाखा में भी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान भगवान राम के चित्र के साथ वाहनों के साथ प्रभातफेरी से हुई। समूह सदस्य अपने वाहनों के साथ पूरे नगर की परिक्रमा की।तत्पश्चात प्रातः 9 बजे से पूजन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सर्वप्रथम सर्वेश्वरी ध्वज पूजन एवं ध्वजोतोलन हुआ इसके बाद समाधि पूजन एवं सफल योनि ग्रंथ का पाठ हुआ। दोपहर 1-30 बजे स्थानीय वृद्धाश्रम में वहां रह रहे लोगों के बीच गरम चादर का वितरण किया गया। शाम 2 बजे से कक्षा 9-10 के छात्रों के बीच 'वर्तमान समय में शिक्षा जगत में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमे प्रथम पुरस्कार सखी बड़ाईक ब्रिलियंट हाई स्कूल द्वितीय पुरस्कार प्रज्ञा कुमारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तथा तृतीय पुरस्कार तुलिका कुमारी बिरसा आवासीय विद्यालय को मिला। कार्यक्रम की समाप्ति संध्या आरती के पश्चात अघोरन्ना परो मंत्रः के संकीर्तन से हुआ।

### प्रखंड ग्राम सभा मंच केरसई का हुआ पुर्नगठन, अध्यक्ष बने प्रफुल्ल



केरसई। प्रखंड के सागजोर ग्राम के धुमकुड़िया भवन चबुतरा में अनुप लकड़ा के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय आम सभा संपन्न हुई।आम सभा में मुख्य रूप से जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा के अध्यक्ष समर्पण सुरीन, समाजिक सलाहकार अनुप लकड़ा और सिप्रियन समद शामिल हुए। अनुप लकड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वन कानून 1927 के तहत वन विभाग जंगलों को अपने कब्जे में लिया है। इसके तहत वन विभाग को जंगलों को हरा भरा रखने के लिए सरकारी फंड आता है बावजूद जंगल खत्म होते जा रहा है। वन अधिकार कानून 2006 में प्रावधान है कि जिस गांव के जंगल को लुटा गया उसे ग्राम सभा को वापस करना है। इस कानून के तहत समुदाय को जंगलों का संरक्षण, प्रबंधन व संवर्धन के साथ साथ आजीविका के साधनों के रूप में समुचित उपयोग करने का अधिकार देता है। पेशा कानून 1996 एवं ग्राम सभा झपांचवी अनुसूचि क्षेत्र में अजजा के लोग ही मुखिया रहने का प्रावधान है। ग्राम सभा में लोग क्यों नहीं बैठते हैं। इस प्रश्न पर ग्रामीणों ने ने कहा क योजना पंजी में योजना ग्राम सभा द्वारा अति जरुरत मंद वालों का योजना को ऊपर लिखते हैं परंतु पंचायत में फेर बदल किया जाता है।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2023 के तहत उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

# पहले दिन 10452 अभ्यर्थियों में 5600 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत परीक्षा के पहले दिन की समाप्ति पर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि जिले के 35 केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा पूरी कर ली गई है। पहले दिन 10452 अभ्यर्थियों में 5600 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। वहीं,4852 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। मौके पर उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचार मुक्त एवं पूरीपारदर्शिता के साथ परीक्षा पूर्ण करने को लेकर जिले के 35 केन्द्रों में 35 ऑब्जर्वर, 35 स्थिर दंडाधिकारी, 17 गश्ती दंडाधिकारी, 6 फ्लाइंग स्क्वाड कुल 58 पुलिस पदाधिकारी, 90 सशस्त्र बल एवं 70 लाठीबल के जवान लगाए गए हैं। सभी परीक्षा के केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर लगाए गए हैं। जेएसएससी परीक्षा 2023 के तहत 22 सितंबर 2024 को तीन पालियों, प्रथम पाली 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक, द्वितीय पाली 11:30 बजे पूर्वाह्न से 1:30 बजे अपराह्न तक एवं तृतीय पाली 3:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा आयोजित होगी।

राजनीतिक धुरी पर चल रहा ट्रांसफार्मर का खेल, विधायकों ने किया खुलासा

# बिजली विभाग की जानकारी के बिना बदल रहे ट्रांफमार्मर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिले के राजनीति धुरी पर चल रहा है बिजली ट्रांसफार्मर का गंदा खेल ये खुलासा शनिवार को प्रेस वार्ता कर कोलेबिरा और सिमडेगा विधायक ने की। सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता करते हुए जिला में विधानसभा चुनाव से पूर्व राजनीतिक स्टंट पाने के लिए जिले में चल रहे बिजली ट्रांसफार्मर के गंदा खेल का खुलासा किया है। कोलेबिरा विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिला में बिजली विभाग की जानकारी के बिना कुछ तथाकथित नेता किस्म के लोग चोरी छिपे बिजली की ट्रांसफार्मर को



खराब भी कर रहे हैं। इसके बाद कहीं से चोरी छिपे इसे बनवाकर उसका उद्घाटन करके जनता के बीच हीरो बनने की कोशिश में लगे हुए हैं। जबकि बिजली विभाग को किसी भी ट्रांसफार्मर के उद्घाटन की जानकारी नहीं मिल रही है। ऐसे में चालू बिजली में ट्रांसफार्मर उद्घाटन करना भी खतरनाक है। विधायक ने कहा कि ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किसी जनप्रतिनिधि का हक होता है। लेकिन इस तरह की ओछी हरकत कर तथाकथित नेता किस्म के लोग विधायकों और सरकार को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कड़ी करवाई की जाएगी।

भाजपा और झापा से मुक्त होना चाही है क्षेत्र की जनता

# हजारों की संख्या में लोग कांग्रेस में हो रहे शामिल : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा के कार्यशैली से आज हर वर्ग और हर समुदाय के ग्रामीण काफी खुश हैं। उनके कार्यशैली से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोगों का जुटान विधायक के साथ एवं कांग्रेस पार्टी के साथ हो रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण शनिवार को पालकोट प्रखंड के बघिमा में देखने को मिला। जहां एक या दो दर्जन नहीं बल्कि झापा और भाजपा के हजारों कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़ विधायक भूषण बाड़ा की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का सदस्?यता ग्रहण किया। कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों में हर धर्म और हर समुदाय के लोग शामिल थे। सभी ग्रामीण उज्वल कुमार प्रसाद, संजय साहू, रोहित साहू और ऋषि साहू के अगुवाई में पार्टी में शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों का विधायक ने गर्मजोशी के साथ फुल माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। साथ ही इस अभियान को एतिहासिक बताया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि लोगों का अब झापा और भाजपा से मोह भंग हो चुका है। लोकसभा चुनाव में भी हमारी जनता ने दोनों ही पार्टियों को सबक सिखाने का काम किया है। आगामी विधानसभा चुनाव तक पुरा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र कांग्रेसमय हो जाएगा। बड़ी संख्या में लोगों का कांग्रेस पार्टी में जुड़ना भाजपा और झापा मुक्त क्षेत्र होने का आहट है।

# परिवर्तन यात्रा के निमित्त मंडलों व सेक्टरों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** 24 सितंबर से सिमडेगा जिला में प्रारंभ हो रहे परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता द्वारा सिमडेगा गांधी मैदान कुरडेग केरसई बोलबा ठेठईटांगर मंडलों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया, साथ ही मंडल के पदाधिकारी से बैठकर परिवर्तन यात्रा एवं रोड शो की सफलता के लिए समीक्षा भी की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि जिला के दोनों विधानसभा में परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि परिवर्तन यात्रा की पूरी तैयारी कर ली गयी है, सिमडेगा जिला में परिवर्तन रथयात्रा 24 तारीख को बानो से प्रवेश करेगी जहां रोड शो के बाद कोलेबिरा में सभा होगी जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर अनिल एंटोनी एवं एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव मोजूद रहेंगे।वहीं 24 सितंबर को सिमडेगा गांधी मैदान में सभा के बाद ठेठईटांगर बोलबा केरसई में रोड शो करते हुए कुरडेग में सभा होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रह घर कार्यकर्ताओं को सत्ता परिवर्तन हेतु संकल्प दिलाएंगे।

केरेया कोवाटीली स्थित टोंगरी में धूमधाम से मना गया क्रूस विजय पर्व, उमड़े मसीही

# खीस्तियों के लिए मुक्ति, आशा, प्रेम व शांति का प्रतीक है क्रूस : अनिल कंडुलना



**खीस्त के क्रूस द्वारा बुराई एवं शैतान की पराजय हुई है। हमें जीवन प्रदान किया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठाईटांगर** प्रखंड के जामपानी पल्ली अंतर्गत, केरेया कोवार्टीली स्थित क्रूस टोंगरी में शनिवार क्रूस विजय पर्व बड़े धुमधाम के साथ मनाया गया। क्रूस पहाड़ में क्रूस की उपासना की गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ। क्रूस विजय पर्व पर फा संदीप कू खेस के नेतृत्व में किया गया। मौके पर फादर की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा की गई । कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना सहित भारी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित हुए थे। श्री कंडुलना ने कहा कि ईश्वर की दया क्रूस के मध्यम से हमारे लिए प्रकट होती है, जो समस्त संसार का आलिंगन करती है। खीस्त के क्रूस द्वारा बुराई एवं शैतान की पराजय हुई है। हमें जीवन प्रदान किया गया है । उन्होंने कहा कि येसु का क्रूस ही हमारी सच्ची आशा है। इसीलिए कलीसिया पवित्र क्रूस का सम्मान करते हैं।मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता फा संदीप ने कहा हम क्रूस के चिन्ह द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। येसु के क्रूस पर विश्वास करते हुए उनका अनुसरण करें। कार्यक्रम में झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, झामुमो जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, जामपानी पल्ली के हेड प्रचारक विलियम केरकट्टा, फ्रांसिस बागे, सभी मण्डली के प्रचारक गण,उरसुलाइन धर्म बहने सहित भारी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

बरही में लगा रोजगार मेला, एसडीओ व एसडीपीओ ने किया उद्घाटन

# बरही में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाना मुख्य उद्देश्य : अविनाश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अविनाश आर्य चंद्रवंशी के निर्देशन में बरही में पहली बार रोजगार मेला का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन एसडीओ जोहान टुड्डू और एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया. एसडीओ ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए श्री आर्या को इस प्रकार के आयोजन के लिए हौसला वर्धन किया. एसडीपीओ ने इसे बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर बताया. आयोजक श्री चंद्रवंशी ने बताया कि मेला में बैंगलोर और चेन्नई की कंपनियाँ के अलावा एपल आईफोन, टाटा, किर्लोस्कर इलेक्ट्रिक कंपनी लिमिटेड, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ऊनो मिडा कोराएको लिमिटेड, हिताची और विभिन्न मोबाइल आदि कंपनियां के स्टॉल लगाए गए हैं. उन्नति और उज्ज्वला कंपनी के एचआर ने युवाओं को रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया. आयोजक श्री आर्या ने बताया कि उनका प्रयास है कि उनके क्षेत्र के युवाओं को रोजगारमय बनाया जाए. बरही क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाना उनका मुख्य उद्देश्य है.

# सांयपुर की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता, पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित



**जो अच्छा नहीं खेलते है वे मैदान पर दोष मढ़ते है : एनोस**

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** रेंगारिह कोनबेगी तेली टोली में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा नेता संदेश एक्का और विशिष्ठ अतिथि के रुप में थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू, मुखिया एलिजाबेथ बागे उपस्थित थे। फाईनल मैच बंगरु बनाम सांयपुर के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच काफी रोमांचक रहा। निधार्रित समय तक दोनों ही टीम गोल नहीं कर सकी। पेनाल्टी में सांयपुर की टीम 4-3 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सुषमा देवी, विनोद साहू, गणेश साहू, तिलेश्वर साहू, दिनेश, मंगल, चुड़, कैलाश, सुरेश, मुकेश,कलेश्वर, स्टेफन डुंगडुंग, रसेल खलखो, अमन खेस सहित कई लोग उपस्थित थे।

फाईनल समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे चाहते थे कि दोनों टीम जीते लेकिन जितना किसी एक ही टीम को है। उन्होंने कहा कि जितने वाली टीम आने वाले दिनों में और बेहतर खेले और हारने वाली टीम मैच में हुए गलतियों को सुधारते हुए अच्छा प्रदर्शन करें। मौके पर एनोस एक्का ने वर्तमान राजनीति पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ी ऐसे भी होते है जो टीम के जर्सी से पहचाने जाते है। ऐसे खिलाड़ियों की खुद की काबलियत नहीं होती है। खुद अच्छा नहीं खेल सकते है। इसलिए मैदान में दोष मढ़ते है।







# झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार बिशुनपुर के स्ट्रॉल से खरीदे गोड़ा चावल

**स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता व कृषि एवं वन पर्यावरण सचिव डॉ अबू बकर सिद्दीकी ने किया स्टोल का अवलोकन**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया एग्जीवेशन में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने गुमला जिला के सर्वेश्वरी महिला समूह बिशुनपुर के द्वारा लगाए गए पलास मार्ट के स्टॉल से गोडा चावल की खरीदारी की। इस मौके पर पलास मार्ट के अनीता देवी ने बताया कि पलास मार्ट में वैसे सामान की बिक्री की जा रही है जो हम सभी ग्रामीण महिलाओं के द्वारा उत्पाद है। उन्होंने बताया कि जिस चावल को राजपाल महोदय के द्वारा खरीदा गया वह गोड़ा चावल है। जिसे ढेकी से कूट कर बनाय गया। जो काफी पोस्टिक रहता है इसी वजह से राजपाल महोदय के द्वारा इस गोड़ा चावल की खरीदारी की गई। उन्होंने बताया कि पलास मार्ट में हम लोगों के द्वारा निर्मित आचार, शहद, जामुन सिरका, जमुना बीच चूर्ण, रागी आटा, रागी लड्डू, महुआ लड्डू, गोड़ा चावल इत्यादि वस्तु को लाया गया है। जो बिल्कुल घरेलू तरीके से देसी उत्पाद है जो लोगों को काफी पसंद पड़ रहा है। वहीं दिल्ली के प्रगति मैदान में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता एवं कृषि व वन पर्यावरण सचिव अबू बकर सिद्दकी भी पहुंचे जहां उन्होंने झारखंड के पलास मार्ट का अवलोकन किया और महिलाओं के उत्पाद को देखकर सराहना की और उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया। इस मौके पर उद्योग निदेशक एवं गुमला के पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव मौजूद थे।

# अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में अगली सुनवाई

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में शनिवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन कोर्ट के अवकाश में रहने के वजह से मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई पांच अक्टूबर को निर्धारित की गयी है। यह जानकारी शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू ने दी। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने 14 अगस्त को सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल की है।

# खेलने के दौरान छह वर्षीय बच्चे की कुआं में डूबने से मौत



**गांडेय,गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के अर्जुनबाद गांव की रहने वाले हरी सिंह के 6 वर्षीय इकलौता पुत्र पियूष कुमार,का कुआ में डूबने से मौत हो गई। बता दे की घटना अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के अर्जुनबाद गांव की है। शनिवार को करीब 10 बजे हरी सिंह के 6 वर्षीय पुत्र पियूष कुमार सिंह खेलने के लिए घर से बाहर निकले थे पियूष खेलते खेलते घर के बगल में स्थित कुआ में जा गिरी । कुआ में डूबने की आवाज परिजनों को सुनाई दी तो परिजनों ने आनन फानन में पियूष को कुआ से निकला गया और इलाज के लिए प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र गांडेय लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिए गए इधर घटना से परिजनों का रो रोकर पूरा हाल है । घटना की सूचना मिलने पर बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष शंकर मंडल घटना स्थल पर पहुंचे और बच्चे को अस्पताल ले जाने में सहयोग किए।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(जिला नजारत)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

**(Very Short term Tender Notice)**

विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक **30.09.2024** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक तीसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **30.09.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय कय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **9471163670** पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 336622 Lohardaga(24-25)D


# पुलिस ने पति की हत्या में शामिल पत्नी व उसके सहयोगी को भेजा जेल

**अपराध में मृतक की पत्नी, साढ़ू और साढ़ू के दोस्त की संलिप्तता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** बीते दिनों बेलवाना में हुए मो. मुस्तकीम की हत्या का आरोप उसकी ही पत्नी खुशबू खातून पर लगा है.इस मामले में तिसरी पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत एक अन्य युवक जाकिर अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है।

जबकि मुख्य आरोपी मृतक का साढ़ू फरार बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इस हत्या में मृतक की पत्नी, साढ़ू और साढ़ू के दोस्त की संलिप्तता है. प्रेम - प्रसंग में घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है.पुलिसिया पूछ - ताछ में आरोपियों द्वारा अपराध कबूलने की बात सामने आ रही है। बेलवाना के टोला परसनवा के रहने वाले मो. मुस्तकीम की हत्या के आरोप में तिसरी पुलिस ने उसकी पत्नी खुशबू खातून समेत घोड़ाथम्बा ओपी क्षेत्र के जाकिर अंसारी पिता मो. इम्तियाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मामले का मुख्य आरोपी फरार है। बताते चलें कि तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना टोला परसनवा के रहने वाले मो. जलील के 28 वर्षीय पुत्र मो. मुस्तकीम की हत्या कर दी गई थी.बीते सोमवार को परसनवा टोला के पास ही कच्चे रास्ते पर शव पड़ा मिला था.उसके चेहरे और सिर पर चोट के गंभीर निशान भी थे. इस मामले में तिसरी पुलिस ने कांड संख्या 63/24 दर्ज किया था।

# सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज रांची में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के संबंध में प्राचार्य डॉ.बी.पी.वर्मा ने बताया कि हम सभी को अपने घर, कार्यालय, परिसर, क्षेत्र को स्वच्छ रखना चाहिए ताकि हम पार्यावरण के अनुकूल रह सकें और हमारे अनुकूल पार्यावरण रहे। अभियान का मतलब सभी के लिए यह संदेश जाना चाहिए की अपने पर्यावरण को साफ सफाई रखें जिससे हमें जीने के लिए स्वक्ष्य वायु और जल मिल सके,बीमारियों से हम बचे रहे। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.रंजित कुमार चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा महाविद्यालय की साफ-सफाई की गई,साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के संबंध में बताया गया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार की एक योजना है, जिसके जरिए छात्रों को सामुदायिक सेवा गतिविधियों में हिस्सा लेने का मौका मिलता है आज का स्वाक्षता अभियान उसी की कड़ी है यह योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए चलाई जाती है. इस योजना के तहत, छात्रों को समाज के लिए काम करने का मौका मिलता है.। प्रो.राजेश कुजुर द्वारा बताया गया की अपने माँ अनुरूप धरती को स्वक्ष्य रखना सभी मानव का कर्तब्य है हमें कचड़ा फैला कर धरती को गंदा नहीं करनी चाहिए, नहीं तो धरती से प्रतिफल भी वैसा ही मिलेगा। जैसा की आजकल पेय जल का घोर संकट देखने को मिल रहा है। कहीं अति बृष्टि तो कहीं अना बृष्टि।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 24/2024–25 दिनांक 20/09/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | आश्रम आवासीय विद्यालय, भेलवारा में 100 छात्रों के लिए नये छात्रावास भवन एवं अन्य विविध निर्माण कार्य। | 42999300.00 | 10000.00 | 860000.00 | एक वर्ष छः माह |
| 2 | बड़कागांव | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बड़कागांव को मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने से संबंधित कार्य। | 49167800.00 | 10000.00 | 984000.00 | एक वर्ष छः माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 05.10.24 से 12.10.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.10.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.336614 District(24-25):D


# 24 घंटे बाद खोली गई झारखंड-बंगाल सीमा, भाजपा का ममता पर तीखा हमला

**कोलकाता/रांची।** लगभग 24 घंटे तक बंद रहने के बाद झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच अंतरराज्यीय व्यापार के लिए ट्रकों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल सरकार ने दामोदर वैली कॉपोरेशन (डीवीसी) द्वारा अपने बांधों से पानी छोड़े जाने से दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की वजह से गुरुवार शाम को झारखंड से लगती सीमा को बंद कर दिया था। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, अंतरराज्यीय सीमा अब खुल गई है और एनएच-2 और एनएच-6 पर फंसे हजारों मालवाही ट्रक रवाना हो गए हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल के ट्रक ऑपरेटरों ने कहा कि सीमा खुल चुकी है लेकिन 20-25 किलोमीटर लंबी ट्रकों की कतार को खत्म होने में समय लगेगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर पोस्ट किया, ‘ममता बनर्जी केंद्रीय गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और झारखंड की जनता के संगठित प्रयासों के दबाव के आगे झुक गई हैं, जिन्होंने झारखंड से पश्चिम बंगाल जाने वाले वाहनों को रोकने के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने कहा, झारखंड से पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने वाले वाहनों को अब जाने की अनुमति दी गई है। मेरी तरफ से इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद ही चीजें तेजी से हुईं और मैं सभी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस अवैध अवरोध को समाप्त करने में अपना योगदान दिया। अधिकारी ने ममता बनर्जी की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने हाल के दिनों में एक कदम आगे और चार कदम पीछे जाने की आदत बना ली है। आरजी कर अस्पताल मामले से लेकर उनके द्वारा उठाए गए सभी कदम विफल साबित हो चुके हैं। यह सिर्फ शुरूआत है, अब से ममता बनर्जी को लगातार अपने फैसले वापस लेने पड़ेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया था कि झारखंड की बांधों से पानी छोड़ने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है और उन्होंने झारखंड से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने डीवीसी को मानव निर्मित बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उनकी सरकार डीवीसी से सभी संबंध समाप्त कर देगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने भी ममता बनर्जी पर सीमा सील करने के फैसले को लेकर तीखा हमला किया। जेएमएम के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, ममता बनर्जी का यह फैसला उन्हें भारी पड़ेगा। अगर झारखंड अपनी सीमाओं को सील कर देता है, तो पश्चिम बंगाल का पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी भारत से संपर्क टूट जाएगा। मैं दीदी से आग्रह करूंगा कि वे संवेदनशील बनें। माल वाहक वाहन आपके राज्य में बाढ़ लाने के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। डीवीसी ने गुरुवार को स्पष्ट किया था कि पानी छोड़ने का फैसला पश्चिम बंगाल और झारखंड के जल संसाधन विभागों और डीवीसी के तकनीकी विशेषज्ञ समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया था।

## झारखंड की सीमा सील करने पर राज्यपाल ने ममता सरकार से मांगी सफाई

**कोलकाता/रांची।** पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से बंगाल-झारखंड सीमा को सील किये जाने पर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सफाई मांगी है। राजभवन सूत्रों के अनुसार संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत, राज्यपाल बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सीमा सील करने की वजह स्पष्ट करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि ममता ने गत गुरुवार को बंगाल में बाढ़ की स्थिति के लिए दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) को जिम्मेदार ठहराते हुए झारखंड-बंगाल सीमा बंद करने का आदेश दिया था। इसके चलते झारखंड-बंगाल सीमा पर कई मालवाहक ट्रक फंस गये। इसी बीच, बंगाल के विभिन्न जिलों में बाढ़ की स्थिति पर राज्यपाल बोस ने शनिवार को कहा, बाढ़ एक ऐसा मुद्दा है, जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# सीएनआई चर्च बानो मे मनाया गया संत मती दिवस सह 59 चर्च स्थापना



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के सी एन आई चर्च बानो मे संत मती दिवस सह 59 चर्च स्थापना दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरोहित रेव्ह जेकलिन लंग बोदरा ने प्रभुभोज व अनुष्ठान संपन्न कराया। उन्होने कहा कि प्रभु यीशु के जीवनी से प्रेरणा ले उनके बताये मार्ग पर चले। इस अवसर पर बुरूइरगी, गढाटोली, डोलडाडी, चिरूबेडा, कारमाटी, लचरागढ, बानो के विभिन्न मंडली ने धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत गान प्रस्तुत किया गया रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया विभिन्न मंत्रियों के द्वारा गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर जिलापरिषद सदस्य विरजो कडुंलना, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम, निखिल भुइंया, इमिल एलमान कडुंलना, विलसन कडुंलना, ओएल होरो आदि लोग उपस्थित थे।

# संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बानो में बालक बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता

**बानो।** संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बानो में बालक बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय छात्र छात्राओं का अलग अलग टीम बनाया गया था। बालक वर्ग में ए व बी टीम बनाया गया।जिसमें ए टीम विजयी रहा।बालिका वर्ग में सी व डी ग्रुप के बी च खेला गया ।जिससे सी ग्रुप के टीम विजेता टीम रहा । जूनियर बालक वर्ग के फुटबॉल प्रतियोगिता में वर्ग ए की टीम बिजयी रहा ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश बागे उपस्थित थे।उन्होंने कहा खेल से सिर्फ मनोरंजन नही होता है बल्कि शरीर भी स्वस्थ रहता है।खेल के माध्यम से आप अपना जीवन सवार सकते है।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, LATEHAR
Email id – eercdlatehar-jhr@nic.in

**Letter No. 615 Latehar / Dated 20-09-2024**
**Very Short Notice invitation Quotation (1st Call)**
**Quotation No.- 01 /2024-25**

Sealed Quotations for supply of Scorpio (N Series) of equivalent hard top vehicles for Road inspection uses are invited from competent suppliers including accessories and all applicable taxes including GST.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Department | Road Construction Department, Road Division, Latehar |
| 2 | Name address of Authority inviting Quotation. | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Latehar. |
| 3 | Date and time for receiving of Quotation. | 30-09-2024 up to 3.00 P.M. |
| 4 | Date and time of opening of Quotation. | 30-09-2024 On 3.30 P.M. |
| 5 | Place of Opening Quotation. | Office of the Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Latehar. |

| Sl. No. | Item of Work | Unit | Rate (In Rs.) | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Re-Construction work of Balumath -Murpa-Lapra Road (MDR-143) (Total Length-23.00 Km) | Per Vehicle per Month | 60,000.00 Vehicle Fare with Fuel | 12 Month |

कार्यपालक अभियंता,
PR 336606 (Road Construction Dept Road Division Ranchi) 24-25 (D) प.नि.वि. पथ प्रमण्डल, लातेहार।


## चुनाव पहुंचते याद आए गांव, पड़ने लगे नेताजी के पांव

# उद्घाटन की आस में जर्जर हुए अस्पताल और कॉलेज भवन

**शकील अहमद**

**कैरो / लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव का विगुल बजने ही वाला है और नेताओं का आम लोगों से मिलना जुलना भी तेजी पकड़ने लगा है।अलग-अलग बहाने से गांव-गांव जाकर लोगों के साथ बैठकर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा रहे है,सभी समस्याओं की समाधन का आश्वासन भी दे रहे है।हालांकि नेताओं की बगलें झांकने की भी स्थिति बन रही है क्योंकि कैरो प्रखण्ड में दशकों से समस्याएं ज्यो की त्यों बनी हुई है जबकी लोहरदगा सीट से जीत कर गए सांसद और विधायक को केंद्र व राज्य में मंत्री भी बनाया गया है लेकिन स्थितियां नहीं बदलीं। बड़ी परियोजना हो या छोटी राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी व अधिकारियों की लापरवाही से धरातल पर नहीं उतर पाई।प्रखण्ड में करोड़ो रुपये की लागत से आईटीआई कॉलेज, अस्पताल भवन सहित और कई छोटे-बड़े भवन का निर्माण कराया गया है जो उद्घाटन की बाट जोहते जर्जर होने की कगार में है। इस नाते भी अटकी हुई है कि कोई पहल करने वाला ही नहीं है।जबकी 2014 से 19 तक भाजपा की डबल इंजन ने भी समस्या का समाधान नही किया । जब दिसंबर 2019 में सत्ता परिवर्तन हुआ और झामुमो कांग्रेस राजद की महागठबंधन सरकार बनी तो फिर से लोगो मे एक आस जगी। लेकिन महागठबंधन की सरकार ने भी ग्रामीणों के आस पर पानी फेर दिया। पिछले साढ़े चार साल में महागठबंधन सरकार के द्वारा आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया लेकिन समस्याएं ज्यो का त्यों रही। इन साढ़े चार सालों में भी सरकार ने कोई सकारात्मक पहल नहीं किया जिसके कारण आज भी अस्पताल व आईटीआई कॉलेज की शुरूआत नहीं हो पाई है। इन साढ़े चार सालों में कई बार मंत्री रामेश्वर उरांव का दौरा भी हुआ लेकिन हर बार सिर्फ आश्वसन के अलावा कुछ नहीं मिला। तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत भी सिर्फ आश्वासन ही देते रह गए थे। वर्तमान सांसद सुखदेव भगत भी विधायक रह चुके हैं लेकिन जन सरोकार से जुड़े उपरोक्त मुद्दों के समाधान करने की दिशा में अबतक कोई पहल नहीं किया अब जब वे सांसद बन गए हैं तो लोग फिर से उनसे उम्मीद कर रहे हैं। अब देखना होगा कि विधायक सांसद उपरोक्त मुद्दों को गंभीरता से लेते हैं अथवा फिर से ढाक के तीन पात होती है। क्या फिर से जनता छले जायँगे अथवा कार्य होगा।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

**e-Procurement Cell**
**Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 26 /2024-25 Date:-20-09-2024**

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work for District Transport office Hazaribag | 3675250/- | 74000/- | 5000/- | 04 Month |
| 2 | Renovation of 32 Chamber Toilets for Judicial Officers in Civil Court Hazaribag , Dist-Hazaribag | 4843550/- | 97000/- | 5000/- | 04 Month |
| 3 | Construction of Boundary wall Campus of Magistrate Colony near DVC Chowk Hazaribag . | 3138500/- | 63000/- | 5000/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 24-09-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 30-09-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 336527 (Building) 24-25 (D)

# सौंदर्य व शांति से भरपूर गौतम धारा जलप्रपात


चारुमित्रा

चलो कहीं दूर निकल जाएं ......। मन में यही गाना बजता है जब शहर सैरसपाटे के लिए किसी जगह का चुनाव करने बैठो। पर ,आजकल यदि हम दूसरे शहर जाकर घूमने का प्लान बनाएं तो उसके लिए अतिरिक्त छुट्टी और छह महीने पहले से ही तैयारी करनी पड़ती है। नैसर्गिक सुंदरता एडवेंचर और सुकून यदि हमें अपने शहर में ही मिल जाए तो 'सोने पर सुहागा'। ऐसी ही जगह की तलाश हमने अपने शहर रांची में की यकीन मानिए वहां जाकर आप एक ओर झरने का मधुर स्वर सुनेंगे तो दूसरी और पहाड़ ,पेड़ और परम शांति महसूस करेंगे। शहर की भाग -दौड़ से इतर किसी ऐसी जगह पर जाना दिल को अच्छा लगता है जहां हरियाली भी हो और वातावरण में शांति भी हो। इसलिए हमने चुना रांची का गौतम पहाड़ पर स्थित जलप्रपात गौतम धारा! यह जलप्रपात जोन्हा गांव के समीप होने के कारण ' जोन्हा फॉल' नाम से भी जाना जाता है।

वैसे तो रांची के आसपास कई जलप्रपात है लेकिन यह जलप्रपात न केवल सोलो ट्रैवल के लिए बल्कि परिवार के साथ घूमने के लिए एक खूबसूरत जगह है। रांची से 35 से 40 किलोमीटर दूर रांची- मुरी मार्ग पर दक्षिण में स्थित यह जलप्रपात रांची पठार की भ्रंश रेखा पर निर्मित है। 140 फीट की ऊंचाई से गिरने वाला झरना पर्यटकों को एक सुंदर अनुभव प्रदान करता है। जोन्हा फॉल तक पहुंचाने के लिए 722 सीढियों का लंबा सफर तय करना पड़ता है। जो अत्यंत रोमांचकारी है। यह क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है।



## बुद्ध के नाम पर धारा का नाम पड़ा गौतम धारा

इस जलप्रपात के बारे में ऐसी मान्यता है कि गौतम 'बुद्ध' बनने से पूर्व यहां आए थे और उन्होंने यहां के पवित्र जल में स्नान किया था ।गौतम धारा के एक छोर पर बुद्ध को समर्पित एक मंदिर है और एक आश्रम है जिसे बलदेव दास बिड़ला के बेटों ने बनवाया था। स्थानीय लोग जोन्हा को गंगा नाला भी कहते हैं क्योंकि इसकी धारा गंगाधार से निकलती है। यह जलप्रपात राढ़ू नदी पर स्थित है। इसके पास ही सीताधारी नामक एक छोटा जलप्रपात भी है, जिसके बारे में यह मान्यता है कि वनवास के दौरान सीता जी ने यहां का जल लेकर भोजन बनाया था ।यहां सीता रसोई भी है। जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

**मंत्र मुग्ध करती है राढ़ू की धारा :** इस जलप्रपाप में नीचे जाने के दो रास्ते हैं पहला रास्ता जलप्रपाप की तरफ जाता है और दूसरा राढ़ू नदी की तरफ। राढ़ू नदी की तरफ उतरकर हमें बहुत आनंद आया। नदी पत्थरों से टकराती, फुदकती बह रही थी साथ ही ऊंचे पहाड़ ,जाड़े की खिली धूप हममें एक रोमांच भर रही थी। कुछ देर नदी के जल के पास बैठने के बाद हमने जलप्रपाप की ओर जाने के लिए अपने कदम बढ़ा लिए। जलप्रपात की तरफ बढ़ते हुए रास्ते में हमें एक गुफा मिली जहां बुद्ध की सफेद संगमरमर की मूर्ति थी ।वहां दो अगरबत्तियां चल रही थी जहां हमें एक अजीब सी शांति मिल रही थी और बुद्ध के बताए तीन आर्य सत्य' सब्बे संखारा अनिक्का (अनित्य), सब्बे संखारा दुक्खा, सब्बे संखारा अनात्ता (अनात्मवाद) याद आने लगे। हमने बुद्ध को प्रणाम किया और आगे बढ़ गए। कूछ दूर जाने पर झरने की मृदुल ध्वनि सुनाई पड़ने लगी और जलप्रपात को देखने की हमारी उत्सुकता बढ़ने लगी। अब हम जलप्रपाप के बिल्कुल समीप थे। हमारे मन में जितनी शंकाएं थी वहां जाते ही खत्म हो गई, क्योंकि वह जगह मेरी उम्मीद से भी कहीं ज्यादा सुंदर थी।

**आकर्षण का केंद्र गौतम धारा जलप्रपाप :** जंगलों के बीच से गुजरते हुए इस जलप्रपात को देखने का मौका मिला जिसकी खूबसूरती को लोग कैमरे में कैद करना नहीं भूलते। दरअसल जंगलों के बीच स्थित यह जलप्रपात चारो ओर से पहाड़ों से घिरा है जो कभी-कभी गंगटोक जैसे पर्वतीय स्थलों की तरह प्रतीत होते हैं। वहीं पास में रोपवे भी बना है। जो पर्यटकों के लिए आनंददायक है। यह जलप्रपात सुरक्षित पर्यटन स्थलों में एक है इसलिए आप परिवार के साथ आराम से इस जगह पर जा सकते हैं। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा सहित कई हिस्सों से लोग यहां आते हैं। आप साल, महुआ, शीशम सहित अनगिनत पेड़ों और चट्टानों की खूबसूरती को निहारते हुए यहां आसपास कुछ समय बिता सकते हैं। कुछ बच्चे लकड़ियों को तराशकर सुंदर-सुंदर खिलौने, फूल, आदिवासी हथियार, किचन में उपयोग होने वाले सामान बड़ी तन्मयता के साथ बना रहे थे। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र था। मैंने पूछा 'ये किस चीज की लकड़ी का बना है? 'उन्होंने बताया 'दुद्धी की लकड़ी'।

**कब जाएं :** गौतम धारा घूमने का सबसे अच्छा समय मध्य सितंबर से मार्च तक माना जाता है। वैसे दिसंबर और जनवरी के महीने में यहां सैलानियों की सबसे अधिक भीड़ रहती है।

**कैसे जाएं कहां ठहरे :** जोन्हा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट है। यहां से आप टैक्सी या बस से जा सकते हैं। यहां छोटी रेल लाइन वाला 'गौतम धारा रेलवे स्टेशन' भी है। जो हर राज्य के बड़े शहर से जुड़ा है। सड़क मार्ग से भी जोन्हा जलप्रपाप घूमने जाया जा सकता है। जहां तक इस खूबसूरत जगह पर ठहरने की बात है तो यहां रुकने की व्यवस्था नहीं है ।रांची में आप होटल बुक कर आराम से इस जगह पर घूम सकते हैं। यह क्षेत्र रांची से बिल्कुल सटा है और चार-पांच घंटे में आप घूम कर आराम से शहर वापस आ सकते हैं। ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी को सुलगाकर बनाए गए स्वादिष्ट पकौड़े और व्यंजन का लुत्फ भी आप यहां उठा सकते हैं।

## मैं विलुप्त हो रहीं हूं

मैंने पढ़ा था किताबों में जानवरों के बारे में।
कुछ जानवर कम हो रहें हैं,
कुछ जानवर खतरे में हैं
और कुछ तो विलुप्त हो रहें हैं।
मैं लड़की हूँ-
मैं तो वैसे भी कम हो चुकी हूँ,
खतरे में तो हमेशा से थी
अब विलुप्त भी हो रही हूँ।
फर्क बस यह है कि जानवरों को डर है इंसानों से।
मैं तो इंसान होकर भी, इंसान से डर रही हूँ।
निर्भय होकर रातों में निकलना छोड़ चुकी हूँ।
चौक-चौराहे सुरक्षित नहीं,
इसलिए वर्क फ्रॉम होम भी कर चुकी हूँ।
हर बात पर रोक-टोक, हर बात पर शिकायत।
कभी कहते मुझे इस काम में नहीं सुरक्षा,
कभी कहते मुझे इस काम में नहीं इज्जत।
पापा ने कहा- कि इस प्रोफेशन में बहुत इज्जत है।
माँ ने कहा-यह काम लड़कियों के लिए सुरक्षित है।
सबका कहा मान चार-दिवारी में घिरकर सिर्फ पढ़ रही हूँ।
परिवार गर्व से हो खड़ा इसलिए खुद को गढ़ रहीं हूँ।
हमेशा रोका- टोका मुझे इसलिए ,
जो सब ने कहा अब बस वही कर रही हूँ।
घर से काम, काम से घर
बीच में ना कहीं उतर रही हूँ।
लेकिन अब अपने काम पर ही वहशीपन से
साक्षात्कार मैं कर रही हूँ।
इस इज्जतदार प्रोफेशन में भी,
अपनी इज्जत को तार-तार कर रही हूँ।
सड़कों पर बेखौफ मैं चल ना सकी।
अंधेरों में चैन से मैं सो ना सकी।
अब ये दुनिया हीं बताएं मुझे -
किसकी बात अब मैं सूनूँ,
और कौन सा रास्ता मैं चूनूँ।
जिस राह पर भी मैं चली
उस राह पर तिल- तिल कर मर रही हूँ।
मैं लड़की हूँ,
इंसान हो कर भी इंसान से डर रही हूँ।


कंचन सिंह

## पायल डोली मेंहदी


पुष्पांजलि मिश्रा

डोली में बैठाना, पायल, मेंहदी से बेटी को सजाना
प्यारा सपना था माँ-बाप का, साथ में था पढ़ाना
बेटी आई जब घर में सब थे बड़े उल्लास में
पाला- पोसा, पढ़ाया, संस्कारित किया साथ में
बढ़ती बेटी चाँद सी निखरी, साथ में थी गुणवंती
जल्द घड़ी आ गई जब दुल्हन अब वो बनती
पिता ने ढूँढा, जाँचा-परखा, लाए एक नेक वर
हैसियत अनुसार करके तैयारी दी उससे शादी कर
दुल्हन बन जब जाने को ससुराल
हाथों में मेंहदी, पैरों में पायल, बैठ चली वो डोली
मां ने कहा दे नसीहत, प्यार और दुलार
यह घर तो तेरा अपना है ही,अब उस घर
की भी तू हो ली
उतरी पिया आँगन में रुनझुन करती
मन में सुखद भविष्य के सुहाने सपने ले हजार
पर यहाँ तो स्वागत सह उसके पायल को
कई नजरों ने ऐसे तोला जैसे पहुँची हो कोई बाजार
पायल की रुन-झुन की मिठास से
ज्यादा उसके वजन पर थी जिनकी नजर
समझ ना पाए वे इससे
पर सकता है संबंधों के मिठास पर असर
शायद दुल्हन सोच रही थी आज
इनके लिए वजन ही है खास
पर आएगा वह समय जरूर जब
मेंहदी डोली सह पायल की रुनझुन का होगा राज
तब सही मायनों में मेंहदी दमकेगी, पायल छनकेगी जब
एक घर के साथ दूसरे घर की भी खुशी आत्मविश्वास के
साथ डोली में बैठेगी।

## गजल

घायल तमाम जिस्म है,.....छाले हैं पाँव में!!
रुकता कहाँ मैं!... भीड़ थी हर एक ठाँव में!!

हँसती है........ मेरी भूख मेरे कारोबार पर
आईना बेचता हूँ........ मैं अंधों के गाँव में!!

बैठे हैं पंच,.......... जात के मुद्दे पे है बहस
चौपाल जल उठा वो भी पीपल की छाँव में!!

तुम हो कि मेरी हार की खुशियों में मस्त हो
मैं हूँ कि....... खुदफरेब रहा अपने दाँव में!!

"विक्रांत" अपनी कूक पे... हैरां है अंदलीब
जिसकी मिठास..... डूब गई काँव-काँव में!!

---

अंजाम से वाकिफ हैं मगर ठान रहे हैं!!
कुछ लोग अंगोछों से नदी छान रहे हैं!!

बालू के घरौंदे......जो कभी मैंने बनाये
इक उम्र तलक वो मेरी पहचान रहे हैं!!

क्या उनका तकल्लुफ है, मेरे ख्वाब से पूछो
उस घर में मेरे ख्वाब भी मेहमान रहे हैं!!

तरकीब के परदों में कहाँ तक वो छुपेंगे
ये अहले-नजर उनकी अदा जान रहे हैं!!

"विक्रांत" उजालों की कसम खाइये लेकिन
कब.... आप चरागों के निगेहबान रहे हैं??


लखन प्रसाद विक्रांत

## संस्मरण


डॉ. कविता विकास

यादों की सीपियों में से कुछ संस्मरण के मोती इतने अजीज होते हैं कि चाह कर भी हम उन्हें अपने से जुदा नहीं कर पाते हैं। ऐसे संस्मरण जीवन से जुड़े होते हैं। इतने प्रेरक कि कोई भी सीख ले ले, इतने जीवंत कि लगता है यह उनकी ही कहानी है। इसलिए तो समय के साथ धुँधली होती अनेक यादों में भी वे अपनी चमक,अपनी स्पष्ट छवि बनाए रहते हैं। कोयला खदान के आस-पास का कस्बा,जिसमें मेहनत-मजूरी करने वाले लोग रहते हैं, राष्ट्रीय एकता की मिसाल रखते हैं। उनमे से कोई बड़े - छोटे का भेदभाव नहीं रखता है। धर्म और जाति की भी दीवार नहीं। बस एक ही धर्म उनमे पलता है, मानवता का। यह बात हमने केवल सुनी नहीं है, देखी है। हम ऑफिसर कालोनी में रहने वाले बाशिंदे, जरूरत के समय ही मानव धर्म को याद करते हैं इसलिए मेहतर भी अगर बर्तन साफ कर देते हैं तो उस समय कोई परहेज नहीं करते, वरना भेदभाव तो पढ़े - लिखे में ज्यादा विद्यमान है। हम सरकारी सुविधाओं से लैस सरकारी क्वॉर्टर में रहते थे। मैं और मेरे पति। दोनों कामकाजी थे, इसलिए घर में माली, कूक और सफाईकर्मी अपनी मजी से आते, काम कर के चले जाते। चाबी माली के पास रहती थी जो दो बजे मेरे लौटने तक रहता था। एक दिन मैं काम से लौटी तो माली नहीं था, सफाईकर्मी बरामदे में बैठ कर बड़ी तल्लीनता से मेरी एक किताब पढ़ रहा था। वह बहुत ही सुंदर, 20 - 22 साल का लड़का था। उसने बताया आज माली भैया को अस्पताल जाना था इसलिए वह रुक गया है। उसके हाथों में मेरा कविता संग्रह देख कर मैंने पूछा, तुम्हें पढ़ना आता है? यह किताब समझ में आ रही है? उसने उत्तर दिया,हाँ मेम साहब, मैं बारहवीं पास हूँ। आगे कोई साधन नहीं मिला पढ़ाई का तो जब कम्पनी वालों की टेंडर स्वीकृत हुई तो उन्होंने मुझे झाड़ू लगाने और टॉयलेट साफ करने के लिए रख लिया। इस किताब को तो मैं रोज दिन थोड़ा - थोड़ा पढ़ता हूँ और एक दिन तो बाजू वाले घोष बाबू भी अखबार में छपा आपका लेख बड़े उत्साह से सबको पढ़ कर सुना रहे थे। उसकी शालीनता और बात - चीत मुझे प्रभावित कर रही थी। पिछले एक - डेढ़ महीने से वह काम कर रहा था और उसे जब देखती थी तो लगता था यह सुदर्शन कैसे आ गया इस काम पर! मुझे लगा इसे गाइड किया जाय तो एक बच्चे का भविष्य सँवर सकता है। दूसरे दिन रविवार था, घर में रहने का फायदा उठाया मैंने। उसके आते ही मैंने उसे सरकार द्वारा जरूरतमंदों और पिछड़ी जाति को दी जाने वाली वित्तीय मदद के साथ अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दाखिले की प्रक्रिया बतलायी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाली छूट के बारे में भी। मैंने उसे अपनी ओर से भी भरपूर मदद के लिए आश्वस्त किया था। इसके बाद बीच में एक - दो बार मैंने टोहा भी कि मेरी सलाह पर वह अमल कर रहा है कि नहीं। ढाई महीने के बाद उसका कार्य - क्षेत्र दूसरे सेक्टर में हो गया । लेकिन यह तो था ही कि किसी उस उम्र के बच्चे को काम करते मैं देखती तो उसकी याद हो आती थी। वह लगनशील था और महत्त्वाकांक्षी भी। उसने पढ़ाई आरम्भ कर दी थी जिसके लिए एक - दो बार कुछ रुपए भी मुझसे उधार लेने के लिए आया था।तीन साल के बाद हमारा भी तबादला हो गया और फिर उसकी भी याद धूमिल होती गयी लेकिन कुछ तो कशिश थी उसमें जो मैं उसको भूल नहीं पायी थी।

## आदमी कौन...?


-डॉ0 अमरेन्द्र सुमन

हर साल की भाँति इस वर्ष भी वर्षांत पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में गेट-टूगेदर कार्यक्रम का आयोजन था। इस विभागीय प्रोग्राम में पुलिस कप्तान सहित क्षेत्रवार सभी पुलिस पदाधिकारी व अन्य वदीर्धारी स्थल पर मौजूद थे। कुछ प्रबुद्ध पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर पब्लिक के साथ कैसा हो पुलिस का रिश्ता", विषय पर सीमित समय में स्वेच्छा से भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का का आयोजन कर उनका विचार लिया जा रहा था। क्रमवार लोग अपनी-अपनी बातें रख रहे थे। पत्रकार दीर्घा से भी वरीयता के आधार पर एक सज्जन से अपनी बात रखने को कहा गया था। विभागीय प्रतिभागियों का भाषण खत्म होते ही जिले के कप्तान ने पहले से तय पत्रकार को मंच पर जाने का इशारा किया। बिना किसी औपचारिकता के उस पत्रकार ने एक वाकया का जिक्र करते हुए कहा- सावन का महीना था। एक माह तक चलने वाला श्रावणी मेला अपने सबाब पर था। पब्लिक की सुविधा के लिए सभी चौक-चौराहों पर जरूरत के हिसाब से पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। उसी आदेश के तहत टावर चौक पर दो पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। तभी कुछ श्रद्धालुओं की नजर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर पड़ी। नये शहर से वे सारे श्रद्धालु बिल्कुल अनजान थे। उनमें से एक ने पूछा भाई साहब क्या आप बता सकते हैं कि बाबा मंदिर जाने का रास्ता किधर से है? चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसकी बात पर कोई संज्ञान नहीं लिया। कुछ देर के बाद एक दूसरे श्रद्धालु ने फिर से वही बात दुहरायी। इस बार भी दोनों खामोश ही रहे। उपरोक्त श्रद्धालु ने डरते डरते अंततः तीसरी और अंतिम मर्तबा भी वही बात दुहरायी - भाई साहब मंदिर का रास्ता किधर से है ...? ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों ने एक भीड़ की ओर इशारा करते हुए एक साथ कहा जाकर किसी आदमी से पूछ लो........, और फिर दोनों आपस की बातों में खो गए ...!! पत्रकार के मुख से इस वाकये को सुनकर समारोह स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों की तालियों से वातावरण गूँज उठा। इधर पुलिस कप्तान सबकुछ समझ चुके थे।

## वृद्धों की कहानी वृद्धों की जुबानी


जिन्हें पालने संवारने में उम्र गुजार दी, वही आज पराए हुए हैं ।
बाग की धूप में बैठे हैं बागबान, जर्जराते शरीर गले भर्राए हुए हैं ।।
बड़े जतन से बेटा पोसा, खूब खिलाया खोवा मेवा।
दो रोटी की बारी आई, भारी पड़ा है सबको सेवा ।।
जीवन की जब संझा आई, हाथ थमाया है कटोरा।
खुद न खाया उसे खिलाया, कहता रहता मुझे चटोरा।।
बेटे की बेवफाई ने कर दिया बर्बाद मुझे।
तड़प तड़प कर पत्नी मरी, जाऊं कहां राह न सूझे।।
अपने मन से शादी कर बेटा अपना हुआ बेगाना।
बेटी बेटा हिस्सा मांगे, उलझ गया सब ताना बाना।।
अस्पताल में भर्ती कर बेटा मेरा भाग गया।
वृद्धाश्रम में बैठा हूं, रिश्ते नाते वह तोड़ गया ।।
स्वार्थी दुनिया के रिश्ते, निस दिन होते तार-तार ।
पैसों की बुनियाद जहां, रक्त संबंध हो गए बेकार।।
बच्चों की उपेक्षा से बुजुर्ग हो रहे हैं शिकार ।
संतानों को चाहिए केवल धन संपत्ति अधिकार।।
असहनीय जब हो गया बेटे- बहू का बर्ताव ।
छोड़-छाड़ वृद्धाश्रम आए, छूटा सब अब जोड़-घटाव।।
विदेश में बेटा बसा, बिस्तर पर बीत रहे हैं दिन ।
पति भी साथ छोड़ गए, अभागिन बनी अब वह सुहागिन ।।
आउट हाउस में मात-पिता, घर का मालिक है कुत्ता।
चकराता रहता है मन, देख जमाने की बुद्धिमत्ता।।
सींचा जिसे लहू से मैंने, मुंह मोड़ वह चला गया।
आस लगाए बैठी रहती, सुनती हूं विदेश गया।।
जिंदगी की सांझ में, बेटा बन गया है आफत।
छीन ले गया मां से एटीएम, छोड़ दिया है शराफत।।
बेटा बना है मां का दुश्मन, लात जूते देता है।
निर्जला जितिया का पारण, बूढ़ी को करने का कहता है ।।
कभी मंदिर में छोड़े, कभी रेलवे स्टेशन पर ।
लावारिस भटके जननी, आंसू से हो तर-बतर।।
संपत्ति मत करिए कभी,निज संतानों के नाम ।
'विल' अपना बनवाइए, सांसों तक दे यह काम ।।


'मीनू' मीना सिन्हा
रांची, झारखंड।

# गांधीजी की अहिंसा नीति


सुधा गोयल 'नवीन'

गांधीजी आधुनिक युग में लोकनायक एवं युग निर्माता के रूप में याद किये जाते हैं। उन्होंने भारत-माता की सेवा में, विशेषकर विदेशी दासता की बेड़ियों से भारत को स्वतंत्र कराने में अभूतपूर्व आत्मिक शक्ति का परिचय दिया। इसी कारण उन्हें राष्ट्र निर्माता, राष्ट्र नायक राष्ट्र पिता कहा जाता है। उनके जीवन मूल्यों, विचार धारा सोच का एक मुख्य स्तम्भ अहिंसा थी। अहिंसा का अर्थ है- - किसी को भी शारीरिक मानसिक चोट या नुकसान नहीं पंहुचाना। यह शब्द संस्कृत के शब्द 'हिम्स' से बना है जिसका अर्थ होता है चोट पंहुचाना। अ उपसर्ग लगाने से इसका अर्थ हो जाता है चोट नहीं पंहुचाना। अहिंसा बहुत से भारतीय धर्मों जैसे हिन्दू, बौद्ध, जैन इत्यादि का अहम सिद्धांत है। सभी प्राणियों पशु-पक्षियों के प्रति दया-भाव का बर्ताव ही अहिंसा है। गांधी जी जिस धर्म का पालन करते थे, उसके मुख्य आधार थे भगवान पर विशवास, स्वयं को भगवान का कार्यवाहक समझना तथा अहिंसा का पालन करना। उनका मानना था कि अहिंसा से ही विश्व में शान्ति ० खुशहाली लाई जा सकती है। जब किसी के हाथों में हथियार होता है तब वह अपने आप को बहुत बलवान समझने लगता है, और हथियार चलाकर दूसरों को यह दिखाना चाहता है कि वह एक योद्धा है। उसका मन स्वाभाविक रूप से हिंसा की ओर जाना चाहता है। जब निहत्थे और कम अस्त्र-शास्त्र वाले लोग उससे डरते हैं तो वह अपने को विजयी समझता है और उसे बड़ी सुखद अनुभूति होती है। पर यह अनुभूति कुछ ही समय रहती है, असल में वह अपने लिए संकट बुलाता है। भीड़ में जहां एक ओर कुछ लोग उसके हथियारों हिंसा से डरते हैं तो दूसरी ओर उसकी जैसी प्रवृति वाले हथियार जुटाने में लग जाते हैं और फिर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। इस तरह से हथियार वाला व्यक्ति विरोध और दुश्मनी को जन्म देता है। हिंसा, चाहे हाथों से की जाए या वाणी से, तात्कालिक सफलता भले ही दिलाये, पर कालान्तर में अपने पतन का कारण होती है। हमारे देश के बुद्धिजीवियों में गांधी जी हिटलर को लेकर अक्सर बहस चलती है। अनेक लोग गांधी जी की अहिंसा नीति का यह कर विरोध करते थे कि इससे आजादी नहीं प्राप्त हो सकती और ना ही समाज की रक्षा हो सकती है। उनका कहना था कि जब देश में संविधान है, सरकार है, सेना है तो समाज की रक्षा।।।।।। अहिंसा से करने का ख्याल ही बेमानी है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि गांधी जी ने अहिंसा के रूप में कोई नया विचार नहीं व्यक्त किया था। अहिंसा भारतीय आध्यात्मिक ग्रंथों में हमेशा से मौजूद रही है। आधुनिक युग जिसमें देशों के गठन और उनके संविधानों के कारण समाजी वाद-विवाद से पनपने वाली हिंसक संघर्षों की परम्परा कम हो रही थी, गांधी जी ने अहिंसा की राजनीति करना सिखाया अहिंसा की शक्ति का प्रयोग किया। इसके विपरीत



हिटलर का क्या अंत हुआ? उसने आत्महत्या की। उसने देश के नाम पर इतनी हिंसा की, लाखों लोगों की जान ली, पर उसके देश को क्या मिला - विभाजन। हिटलर को सारी दुनिया में, यहाँ तक कि उसके देश में भी नफरत की नजरों से देखा जाता है। इसी से समझ में आता है कि जो हिटलर की चाल चलेगा उसका वही अंत होगा। भारत में एवं बहुत से अन्य देशों में भी गांधी जी के भक्त तो बहुत हैं, लेकिन उनकी अहिंसा नीति शक्ति की सही व्याख्या कम ही कर पाए हैं। वे अहिंसा नीति शक्ति की बात जरूर करते हैं पर उसके परिणामों का सकारात्मक पक्ष नही रखते हैं। गांधी जी ने मानसिक रूप से अंग्रेजों को कितना परेशान किया इसका अनुमान उनके अनुयायी भी कम ही लगा पाते हैं। सच तो यह है कि पूरा विश्व उनकी अहिंसा नीति के कारण उन्हें आदर ० प्रसंशा की नजर से, जबकि हिटलर को उपेक्षा व निरादर की नजर से देखता है। यह पक्की बात है कि हिंसक आंदोलन विरोधियों को हमेशा ही जीत का आसान अवसर प्रदान करता है, किसी वस्तु के बहिष्कार की हिंसक कोशिश एवं अहिंसक चेष्टा में बड़ा अंतर है। जब गांधी जी ने देशवासियों से विदेशी सामानों के बहिष्कार की अपील की। तब असंख्य देशवासियों ने ऐसे सामानों को आग के हवाले कर दिया। ऐसा उन्होंने स्वेच्छा से, अपनी खुशी से किया न की किसी जोर ० दबाव में। लेकिन कहीं भी विदेशी वस्तुओं के विक्रय केंद्र जलाए या तोड़े नहीं गए, और ना ही इन वस्तुओं को इस्तेमाल करने वालों को मारा पीटा गया। अर्थात कहीं कोई हिंसा नहीं हुई। आन्दोलन को आशातीत सफलता मिली और ब्रिटिश हुकूमत हिल गई। इसके विपरीत यदि आन्दोलन में हिंसा का सहारा लिया गया होता तो जनता द्वारा उसका विरोध होता, रक्तपात होता, और शासन को आन्दोलन के विरुद्ध कदम उठाने का मौका मिल जाता और आन्दोलन खत्म हो जाता एसी थी अहिंसा की शक्ति.....।

### रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक**

### आज का दोहा

**लोग जिन्हें कहते रहे, युग का बड़ा दधीच।
क्यों नंगे से दीखते, वे कपड़ों के बीच।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# पितृपक्ष का महत्व


सविता गुप्ता

पितृपक्ष भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर अश्विन मास की अमावस्या तक रहता है ।सनातन धर्म में इस समय का विशेष महत्व होता है। इन दिनों पितरों की ,आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया जाता है। मान्यता है कि पितरों के प्रसन्न होने पर घर में सुख और शांति आती है। श्राद्ध का मतलब श्रद्धा पूर्वक अपने पितरों को प्रसन्न करें और उन्हें याद करें। श्रद्धाये इदं श्राद्धम सच्ची श्रद्धा से पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए जो तर्पण किया जाता है,उसे ही श्राद्ध कहा जाता है। मान्यता है कि मृत्यु के देवता यमराज श्राद्ध पक्ष में जीव को मुक्त कर देते हैं ताकि वो परिवारजनों के यहाँ जाकर तर्पण ग्रहण कर सके। जिस तिथि पर हमारे पूर्वजों की मृत्यु होती है उसे श्राद्ध की तिथि कहते हैं ।जिसे तिथि याद नहीं वे आश्विन अमावस्या को तर्पण करते हैं, इसलिए इस अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि महाभारत के युद्ध में दानवीर कर्ण के निधन के पश्चात उनकी आत्मा को स्वर्ग में भोजन के बजाए सोने के आभूषण दिए गए,कर्ण के पूछने पर इंद्र देव ने कहा आपने ,अपने जीवन काल में कभी किसी को भोजन दान नहीं दिया ,आप 15 दिनों के



लिए धरती पर जाइए और पूर्वजों को भोजन दान करिए। इसलिए इन पंद्रह दिनों को पितृ पक्ष के रूप में जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार तीन प्रकार के ऋण होते हैं-पितृ ऋण,देव ऋण,ऋषि ऋण इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। इन दिनों मन ,कर्म ,वाणी पर संयम रखते हुए अपने पितरों का जल में जौ ,तिल आदि डालकर तर्पण किया जाता है। पितृपक्ष का वैज्ञानिक महत्व भी है,इन दिनों कौओं का प्रजनन काल होता है। हम जब इन दिनों पितरों को खाना खिलाते हैं जिन्हें कौए आकर खाते हैं और स्वस्थ कौए को जन्म देते हैं। इस तरह हम धार्मिक कर्मकांड के द्वारा प्रकृति की भी मदद करते हैं। कहते हैं कि पीपल या बरगद के पेड़ बीज से नहीं पनपते ,लेकिन जब कौए इन पेड़ों के फल खाकर फेंक देते हैं तो वह पौधा बन जाता है। गया जी में जाकर पूर्वजों का पिंडदान करने का विशेष महत्व है। जहाँ देश विदेश से श्रद्धालु पिंडदान कर अपने पूर्वजों की आत्मा को शांति प्रदान करते हैं ताकि उनके जीवन में भी सुख ,समृद्धि और शांति बनी रहे।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



**विश्व** नदी दिवस प्रत्येक वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। वर्ष 2024 में 22 सितंबर को नदी दिवस मनाया जाएगा। पहला विश्व नदी दिवस वर्ष 2005 में मनाया गया था। नदी दिवस मनाने की शुरुआत 1980 के दशक में कनाडा के मार्क एंजेलो ने की थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2005 में नदी दिवस मनाने की आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। और, उसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व नदी दिवस मनाया था। हर वर्ष नदी दिवस के लिए कोई न कोई थीम निर्धारित की जाती है। वर्ष 2024 की थीम है जीवन का जलमार्ग (वाटरवेज ऑफ लाइफ)। यह थीम महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पृथ्वी पर जीवन के लिए जल के महत्व को रेखांकित करती है। विश्व नदी दिवस मनाने के पीछे का महत्वपूर्ण कारण यह है कि आमलोगों को नदियों के महत्व के बारे में बताया जाए और उन्हें नदियों को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया जाए। नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जाए। नदियों को विलुप्त होने से बचाया जाए। पृथ्वी पर कई नदियां मानव के अतिक्रमण से विलुप्त हो चुकी हैं। इसे रोकना जरूरी है, क्योंकि नदिया पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नदियों के कारण ही मानव सभ्यता फली-फूली है। नदियां और अन्य जलस्रोत मानव के भविष्य के लिए भी अहम हैं।

**दो तरह की होती हैं नदियां**

1. **सदानीरा :** सदानीरा नदियों में पूरे वर्ष जल भरा रहता है। इन नदियों के स्रोत हिमनद, झील या झरना होते हैं। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, नील, अमेजन आदि नदियां सदानीरा हैं।
2. **बरसाती :** बरसाती नदियों में जल केवल बारिश पर निर्भर है।

**स्वर्णरेखा की प्रमुख सहायक नदियां :** खरकई नदी, रोरो नदी, कांची नदी, हरमू नदी, दमरा नदी, करकरी नदी, चिंगुरु नदी, सिंगडुब्बा नदी, डुलुंगा नदी, खैंजोरी नदी, दमरा नदी।

# नदी मां है, लेकिन हम पुत्र का कर्तव्य नहीं निभा पाए...

नदी शब्द संस्कृत के नद्यः से आया है। नदी को संस्कृत में सरिता भी कहते हैं। पृथ्वी के तल पर प्रवाहित जलधारा को नदी कहते हैं। इसका स्रोत हिमनद, झरना, बारिश का पानी आदि हो सकता है। नदी भूतल पर प्रवाहित होते हुए किसी सागर या बड़ी झील में समा जाती है। नदी न केवल मनुष्य के अस्तित्व के लिए जरूरी है, बल्कि सभ्यता और संस्कृति के विकास में भी सहायक होती है। इसलिए सनातन संस्कृति में नदियों को देवी माना गया है। यह मां की तरह मनुष्यों का लालन-पालन और उसका विकास करती हैं। नदियों की मिट्टी के उपजाऊ होने के कारण सारी सभ्यताओं का विकास नदी किनारे ही हुआ है। नदी किनारे ही मानव सभ्यताएं फली-फूली हैं। हमारे ऋषि-मुनि, ज्ञानियों, मनीषियों ने नदी किनारे ही ज्ञान प्राप्त कर धर्म, दर्शन, गणित, अंतरिक्ष विज्ञान की नींव रखी, अनेक ग्रंथों की रचना हुई। भारत भूमि शस्य श्यामला नदियों के कारण ही है। नदियां मां की तरह हमारा पालन-पोषण किया, लेकिन हम पुत्र का कर्तव्य नहीं निभा पाए। पुत्र की तरह उसकी रक्षा नहीं कर पाए। आज नदियां इतनी प्रदूषित हो गई हैं कि बिना फिल्टर किए इसका जल नहीं पी सकते। नदियों में हम सारा कचरा बहा देते हैं। बिना शोधन किए फैक्ट्रियों की गंदगी नदियों में बहाई जा रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अनुसार, देश के हजार से अधिक शहरों और कस्बों का 70 फीसदी गंदा जल नदियों में बिना शोधन के ही बहा दिया जा रहा है।

वैदिक काल में ऋषि-मुनियों ने सभी जीवों की रक्षा के लिए पर्यावरण संतुलन के तहत नदियों, पहाड़ों, पशु-पक्षियों सहित पूरे विश्व में सभी चर-अचर के सहअस्तित्व की अवधारणा का विकास किया। उन्होंने नदी-पहाड़ सभी में जीवन देखने का मंत्र दिया, लेकिन हम आज उसे भूल गए। सहअस्तित्व की अवधारणा के प्रति ध्यान नहीं देना आज पूरे मानव के अस्तित्व के लिए घातक हो चला है। जब भी नदी पर संकट आता है, तो उससे जुड़े सभी जीव-निर्जीव प्रभावित होते हैं। इसलिए नदी में प्रदूषण से आज पूरी मानव जाति प्रभावित हो रही है।

## रानी चुआं है स्वर्णरेखा का उद्गम स्थल



स्वर्णरेखा नदी छोटानागपुर पठार पर राजधानी रांची से 16 किलामीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित नगड़ी के पांडु गांव स्थित रानी चुआं नाम की जगह से निकलती है। रानी चुआं समुद्र तल से 610 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। लोगों का मानना है कि महाभारत काल में पांडव इस गांव में आए थे। अज्ञातवास में आर्इं द्रौपदी को जब प्यास लगी, तो उन्होंने पांडव भाइयों को यह जानकारी दी। इस पर अर्जुन ने तीर मारकर इसी स्थान से पीने के लिए पानी निकाला था। इसलिए इस स्थान का नाम रानी चुआं दे दिया गया। इस जलस्रोत का नाम रानी चुआं दो शब्दों रानी और चुआं से मिलकर बना है। चूंकि जल द्रौपदी के लिए निकाला गया था, इसलिए इसे रानी कहा गया और किसी गड्ढे से निकलने वाले पानी की जगह को स्थानीय भाषा में चुंआ कहा जाता है, इसलिए यह रानी चुआं हो गया।

## नदियों के कुछ लाभ

- भूगर्भ जलस्तर का बरकरार रखने में सहायता मिलती है।
- नदियों के जल का प्रयोग पीने के पानी के लिए होता है।
- नदियों के जल का प्रयोग खेतों की सिंचाई के लिए होता है।
- नदियों के जल का उचित प्रयोग कर विद्युत उत्पादन किया जा सकता है।
- नदियों में मछलियां रहती है और इससे कुछ लोगों का जीविकापार्जन होता है।
- पर्यटन और मनोरंजन के लिए रिवर क्रूज का उपयोग किया जाता है।

## स्वर्ण कणों से लदी लहराती बहती है स्वर्णरेखा

स्वर्णरेखा दुनिया की एकमात्र नदी है, जिसमें सोने के कण मिलते हैं। स्वर्णरेखा का अर्थ होता है सोने की रेखा। स्वर्ण कणों से लदी यह नदी सोने की रेखा की तरह रांची के नगड़ी स्थित रानी चुआं से निकल कर लहराती-इतराती झारखंड के रांची शहर, चांडिल, जमशेदपुर एवं घाटशिला से होते हुए बंगाल और ओडिशा के विभिन्न हिस्सों से गुजर कर करीब 400 किलोमीटर की दूरी तय कर ओडिशा के कीर्तनिया बंदरगाह के पास समुद्र में मिल जाती है। बेसिन का आकार करीब 19 हजार वर्ग किलोमीटर है।

## कभी जीवनदायिनी रही स्वर्णरेखा आज स्वयं की मुक्ति की लगा रही गुहार

**त्रिभुवन कुमार सिन्हा**

स्वर्णरेखा नदी रांची की जान, आन-बान और शान थी। लेकिन, आज लगता है कि रांची में यह नाला बन गई है। प्रदूषण है सो अलग। किसी के विनाशकारी निणर्य का जब जिक्र होता है, तो कहा जाता है- उसके पैर पर कुल्हाड़ी नहीं लगी, उसने स्वयं कुल्हाड़ी पर जाकर पैर मारा है। यही हाल रांचीवासियों का है। नदी को प्रदूषित कर और उसपर अक्रिमण कर रांचीवासियों ने स्वयं अपने लिए घातक कदम उठाया है।

स्वर्णरेखा नदी को रांचीवासियों ने न केवल प्रदूषित किया, बल्कि किनारे घर बनाकर नदी के प्रवाह को खत्म कर दम घोंट दिया। स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानी चुआं के पास ही कई छोटे-बड़े कल-कारखाने हैं, जिससे नदी उद्गम के पास ही काफी प्रदूषित हो गई है। तुपुदाना इंडस्ट्रीयल एरिया के पास तो नदी की स्थिति और भी बदतर है।

वैसे, आगे भी यह प्रदूषित हो रही है। स्वर्णरेखा उन क्षेत्रों से गुजरती है, जहां तांबा और यूरेनियम अयस्कों का व्यापक पैमाने पर खनन होता है। इन क्षेत्रों में छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां भी हैं। अनियोजित खनन गतिविधि और छोटी-बड़ी फैक्ट्रियों से स्वर्णरेखा लगातार प्रदूषित होते जा रही है। स्वझरिखा छोटनागपुर क्षेत्र के आदिवासियों की जीवन रेखा है और इसके प्रदूषित होने से उनका जीवन और उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कई अभियान चलाए गए, लेकिन इसका जितना सार्थक प्रभाव पड़ना चाहिए था, वह नहीं पड़ा। जो नदी 1990 के दशक तक रांची के लिए जीवनदायिनी थी, वही आज स्वयं की रक्षा और मुक्ति की गुहार लगा रही है। स्वर्णरेखा नदी आज भी अपने उद्धारक के इंतजार में है, जो आए और उसे प्रदूषण और अतिक्रमण की पीड़ा से मुक्ति दिलाए।

**राज्यों से**

# पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिलावट पर जतायी चिंता



**एजेंसी**

**वाराणसी।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में पशुओं की चर्बी इस्तेमाल किए जाने को बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं में प्रसाद को लेकर जो श्रद्धा होती है अब उसमें शंका उत्पन्न हो गई है। ये देश के हर मंदिर की कहानी हो सकती है। हर तीर्थ स्थल में ऐसी मिलावट हो सकती है। सनातन हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है। यह एक विचारणीय विषय है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद शनिवार को बीएचयू के कृषि शताब्दी सभागार में भारतीय गाय, जैविक कृषि एवं पंचगव्य चिकित्सा विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे बीएचयू के आयुर्वेद संकाय के काय चिकित्सा विभाग और नागपुर के देवलापार स्थित गो-विज्ञान अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी में पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि शुक्रवार रात मेरे कुछ सहयोगी श्री काशी विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई और मेरे मन में थोड़ा खटका। मैंने बाबा विश्वनाथ से कान पकड़कर माफी मांगी कि इस बार मैं आपका दर्शन नहीं कर पाया लेकिन बाबा विश्वनाथ के प्रसादम में हर किसी का अटूट भरोसा और श्रद्धा है।

## हिंदू मंदिरों को हिंदू बोर्ड के अधीन करे सरकार: धीरेन्द्र शास्त्री



**छतरपुर।** तिरुपति मंदिर प्रसादम विवाद पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अगर यह सत्य है तो यह सनातनियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से किया गया षड्यंत्र है। सरकार को शीघ्र हिंदुओं के मंदिरों को हिंदू बोर्ड के अधीन कर देना चाहिए। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार रात बागेश्वरधाम में प्रवचन के दौरान कहा कि दक्षिण भारत में तिरुपति बालाजी के प्रसाद में चर्बी के घी के लड्डू का प्रसाद वितरण की जानकारी सत्य है, तो यह बहुत बड़ा अपराध है। यह निश्चित रूप से भारत के सनातनियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से किया गया षड्यंत्र है। इस प्रकार का कृत्य करके भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि इसकी बारीकी से जांच होना चाहिए। हम तो चाहेंगे कि वहां की सरकार सख्त से सख्त कानून बनाकर उन दोषियों को फांसी की सजा दे। पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सरकार को शीघ्र हिंदुओं के मंदिरों को हिंदू बोर्ड के अधीन कर देना चाहिए, ताकि किसी भी सनातनियों की आस्था को ठेस ना पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत में जितने भी तीर्थस्थल हैं, वहां पर बारीकी से सभी सनातनी जांच करवाएं और दोबारा इस प्रकार की घटना न हो इसके लिए सभी एकजुट होकर तैयार रहें।

## प्रसादम विवाद में आरोप के बाद अमूल ने दर्ज करायी शिकायत

### कहा, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को अमूल ने कभी घी की आपूर्ति नहीं की



**अहमदाबाद।** तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद विवाद में अमूल द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करायी गई है। इसकी शिकायत अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच को की गई है। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के एमडी जयेन मेहता ने कहा कि, आंध्र प्रदेश में तिरुपति देवस्थानम में घी में कई तरह की मिलावट पाई गई। वो घी अमूल का है, ऐसा कुछ लोगों ने दुष्प्रचार शुरू किया। जिसे रोकने के लिए हमने अहमदाबाद के साइबर क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज कराई है, क्यूंकि ये मामला अमूल के साथ जुड़े होने छत्तीस लाख परिवारों के लिए बड़ा गंभीर है। हम बताना चाहते हैं की अमूल ने कभी भी वहां पर घी सप्लाई नहीं किया है और अमूल के जो प्रोडक्ट हैं, वो अच्छे गुणवत्ता के हैं, सबसे उच्च मानक से वो पास होते हैं और हम अपने करोड़ों उपभोक्ताओं को ये भरोसा दिलाना चाहते है। उन्होंने आगे कहा कि, एक्स पोस्ट के माध्यम से काफी सारा दुष्प्रचार हो रहा था, जिसके बाद हमने ये स्पष्टीकरण जारी किया है कि अमूल ने कभी भी वहां पर घी का सप्लाई नहीं किया है। लोगों को इस गलत जानकारी और दुष्प्रचार से दूर रहने की हम लोग अपील करते हैं। इससे पहले अमूल कंपनी ने बयान जारी अपना रुख साफ किया था। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पुष्टि की है कि उन्होंने कभी भी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति नहीं की है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए अब्दुल्ला मुफ्ती, नेहरू-गांधी परिवार जिम्मेदार: शाह

**एजेंसी**



**2014** में मोदी सरकार नहीं आती तो पंचायत, ब्लॉक और जिले के चुनाव नहीं होते

**पुंछ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि विधानसभा का यह चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों के शासन को समाप्त करने जा रहा है। अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार, इन तीन परिवारों ने यहां लोकतांत्रिक शासन की राह में रोड़े अटकाये। अगर 2014 में मोदी सरकार नहीं आती तो पंचायत, ब्लॉक और जिले के चुनाव नहीं होते। अमित शाह ने पुंछ जिले के मेंढर में चुनावी जनसभा में कहा कि अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार ने 1990 के दशक से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाया। 1990 के दशक में जम्मू-कश्मीर में कितनी गोलीबारी होती थी। पहले यहां गोलीबारी इसलिए होती थी क्योंकि पहले यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे लेकिन अब पाकिस्तान प्रधानमंत्री मोदी से डरता है। इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की और अगर इन्होंने गोलीबारी की तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। आज मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म कर दिया है। यहां के युवाओं को पत्थर की जगह लैपटॉप दिए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता साह ने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि हम आरक्षण समाप्त करेंगे जबकि हम कह रहे हैं कि हम प्रमोशन में भी गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देंगे।

## अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को साफतौर पर कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने रात्रि गश्ती बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## नक्सली हिंसा पीड़ितों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र से नक्सली हिंसा के कई पीड़ितों ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने पीड़ितों से मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए स्वयं यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी उद्देश्य हिंसा के रास्ते पर चलने को उचित नहीं ठहरा सकता।

चेन्नई टेस्ट तीसरे दिन का **खेल खत्म**

# जीत के लिए भारत को छह विकेट तो बांग्लादेश की टीम को चाहिए 357 रन




- भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 515 रन का लक्ष्य दिया है
- अश्विन ने उड़ाए तीन विकेट
- पंत और गिल ने खेली शानदार पारी

**एजेंसी। चेन्नई**

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खराब रोशनी के चलते जल्दी खत्म कर दिया गया है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 515 रन का लक्ष्य दिया है। जवाब में शनिवार को खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 158 रन बना लिए हैं। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 60 गेंदों पर 51 रन और शाकिब अल हसन 14 गेंद पर पांच रन बनाकर नाबाद हैं। बांग्लादेश को अभी जीत के लिए और 357 रन बनाने होंगे, जबकि भारतीय टीम को यह मैच अपने नाम करने के लिए छह विकेट लेने हैं। मैच के तीसरे दिन शनिवार को 515 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शदमान इस्लामे ने 50 रनों से ज्यादा की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलाई। बांग्लादेश टीम को 62 के स्कोर पर पहला झटका लगा। जाकिर हसन 47 गेंदों पर 33 रन बनाकर आउट हुए। हसन ने अपनी पारी में 5 चौके और एक छक्का लगाया। बांग्लादेश का 86 के स्कोर पर दूसरा विकेट गिरा। रविचन्द्रन अश्विन ने शदमान इस्लाम को पवेलियन भेजा। शदमान ने 35 रन बनाए। इसके बाद अश्विन ने मोमिनुल हक और मुशफिकुर रहीम को आउट कर बांग्लादेश को दो और झटके दिए। मोमिनुल 24 गेंदों पर 13 रन और मुशफिकुर 11 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान नजमुल हुसैन शांतो 51 रन और शाकिब अल हसन पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट अपने नाम किया।

### भारत ने दूसरी पारी 287 रन पर घोषित की

इससे पहले तीसरे दिन लंच के बाद भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी 4 विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित कर दी। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शानदार शतक लगाया। पंत ने 109 रन बनाए, जबकि गिल 119 रन बनाकर नाबाद रहे।

### 149 रनों पर सिमटी बांग्लादेश की पहली पारी

बांग्लादेश की पहली पारी 149 पर ही सिमट गई थी। बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही और केवल 40 रनों के स्कोर पर शादमान इस्लाम 02 रन, जाकिर हसन 03 रन, कप्तान नजमुल हसन शांतो 20 रन, मुश्फिकुर रहीम 08 रन और मोमिनुल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद शाकिब अल हसन और लिटन दास ने छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 91 रनों तक पहुंचाया। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद पहले लिटन दास और फिर शाकिब को पवेलियन भेज बांग्लादेश को गहरे संकट में डाल दिया। लिटन ने 22 और शाकिब ने 32 रन बनाए। इन दोनों के बाद बांग्लादेश की पारी जल्दी ही 149 रनों पर सिमट गई। मेहदी हसन मिराज 27 रन बनाकर नाबाद रहे। तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 11-11 रनों का योगदान दिया।

## पंत और गिल ने जमाया शतक

**128 गेंदों पर पंत ने 109 रन बनाए** | **176 गेंदों पर गिल ने 119 रन बनाकर नाबाद लौटे**

**भारतीय** टीम ने आज सुबह अपने कल के स्कोर 3 विकेट पर 81 रन से आगे खेलना शुरू किया। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने संभलकर खेलना शुरू किया। दोनों बल्लेबाजों ने इस दौरान अपने अर्धशतक भी पूरे किये। खासकर पंत ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद तेज अंदाज में बल्लेबाजी करनी शुरू कर दी और अपना शतक पूरा किया। हालांकि अपना शतक पूरा करने के कुछ देर बाद ही मेहदी हसन मिराज की गेंद पर पंत आउट होकर पवेलियन लौट गए। पंत ने 128 गेंदों पर 13 चौके और 4 छक्के की बदौलत 109 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद गिल ने भी अपना शतक पूरा किया। गिल के साथ केएल राहुल ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 287 रनों तक ले गए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने पारी घोषित कर दी। गिल 176 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 119 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि केएल राहुल 19 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी पारी में बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन मिराज ने 2, तस्कीन अहमद और नाहिद राना ने 1-1 विकेट लिये।

## पंत ने टेस्ट क्रिकेट में एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की

**चेन्नई ।** ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में भारतीय विकेटकीपर द्वारा सर्वाधिक शतक लगाने के एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उन्होंने यह उपलब्धि चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन अपना छठा शतक लगाकर हासिल की। पंत ने 124 गेंदों पर शतक बनाया, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल थे। दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना के बाद, लगभग दो साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस साल की शुरूआत में, पंत ने 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान पेशेवर क्रिकेट में वापसी की, जहाँ उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की। इसके बाद उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम में अहम भूमिका निभाई।



'एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर' के लिए नामित हुए हरमनप्रीत, कहा

## दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होना सम्मान की बात




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नामांकित किए जाने पर कहा कि दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होना मेरा लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि ये सब मेरी टीम की बदौलत संभव हो पाया है। उनके समर्थन के बिना ये संभव नहीं हो पाता। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। हॉकी इंडिया द्वारा शनिवार को एक बयान में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए फिर से नामांकित होना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं विश्व के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल होने पर बहुत खुश हूं, लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मेरी टीम के समर्थन के बिना यह संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस ओलंपिक 2024 में मैंने जो गोल किए हैं, वह इसलिए कर पाया, क्योंकि टीम ने मेरे लिए गोल करने के मौके बनाए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पुराने गौरवशाली दिनों को वापस लाना है। हम इस सपने को साकार करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे लेकिन हम इसे अपने दम पर पूरा नहीं कर सकते, हमें अपने प्रशंसकों से समर्थन की आवश्यकता है।

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

## वनडे सीरीज में द.अफ्रीका को हराकर बनाई अजेय बढ़त

**एजेंसी। शारजाह**

स्पिनर राशिद खान की फिरकी और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी के दम पर अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के साथ एक नया इतिहास रचा। शुक्रवार 20 सितंबर को अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान का जन्मदिन था। इस खास मौके पर उन्होंने टीम को 177 रनों की बड़ी जीत दिलाई। ये अफगानिस्तान की वनडे में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है, जिसने जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया। मैच की बात करे तो अफगानिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के तेजतर्रार शतक, रहमत शाह (50) और अजमतुल्लाह उमरजई (नाबाद 86) के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवरों में 311/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।



## भारतीय पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान से 2-2 से ड्रा खेला

**नई दिल्ली।** शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारतीय पुरुष टीम का जीत का सिलसिला शुक्रवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एसवाईएमए स्पोर्ट्स एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में ओपन सेक्शन के नौवें दौर में गत चैंपियन उज्बेकिस्तान से 2-2 से ड्रा होने के बाद समाप्त हो गया। डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती ने अपने-अपने मैच ड्रॉ कराए, जिससे भारत अंक तालिका में शीर्ष पर बना रहा। जहां विश्व में पांचवें नंबर के गुकेश ने कड़ा मुकाबला खेला और विश्व में छठे नंबर के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को तीन बार ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया, वहीं विदित और जाखोंगिर वाखिदोव ने पहले 10 मिनट में ही मैच ड्रॉ करा लिया।



### भारतीय महिला टीम ने यूएसए के खिलाफ अपना राउंड 2-2 से ड्रॉ किया

भारत ने खराब फॉर्म में चल रही हरिका द्रोणवल्ली को शीर्ष बोर्ड से हटाकर आर. वैशाली के साथ खेला, लेकिन इससे बोर्ड नंबर 1 पर भारत की किस्मत नहीं बदली, क्योंकि गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोवा ने वैशाली को ओवरप्रेसिंग के लिए दंडित किया। तानिया सचदेव ने एलिस ली के खिलाफ अनुकूल स्थिति से ड्रॉ खेला, जबकि दिव्या देशमुख ने शानदार खेल दिखाते हुए कैरिसा यिप के साथ जीत साझा की। एक बार फिर वंतिका अग्रवाल ने महिला टीम को बचाया, क्योंकि उन्होंने इरिना क्रश के खिलाफ रागोजिन डिफेंस ऑफ क्वीन गैम्बिट डिक्लाइन्ड गेम को बेहतरीन तरीके से बदला। इस ड्रॉ का मतलब यह भी था कि भारत 15 मैच पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि कजाकिस्तान 16 मैच पॉइंट के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एफआईआई ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में 14,064 करोड़ का निवेश किया

**20 सितंबर तक कुल एफआईआई निवेश 33,699 करोड़ रुपये रहा, जिससे इस साल अब तक देश में कुल एफआईआई निवेश 76,585 करोड़ रुपये हो गया**

**एजेंसी। मुंबई**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में 14,064 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो कि मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के बीच भारतीय बाजार की स्थिरता को दशार्ता है। शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के बीच भारतीय बाजार में मजबूती बनी रही। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर तक कुल एफआईआई निवेश 33,699 करोड़ रुपये रहा, जिससे इस साल अब तक देश में कुल एफआईआई निवेश 76,585 करोड़ रुपये हो गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, आने वाले दिनों में एफआईआई की खरीदारी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। बीडीओ इंडिया के मनोज पुरोहित के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पिछले चार सालों में पहली बार ब्याज दर में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है, जो अनुमान से ज्यादा था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस कदम के प्रति सचेत हैं तथा उन्होंने इस पर निष्क्रिय प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मनोज पुरोहित ने कहा,




भारतीय बाजारों ने मजबूत बुनियादी ढांचे और अपेक्षित जीडीपी ग्रोथ पर मजबूत अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आधार पर सकारात्मक रूप से अपने लचीलेपन को दशार्या। सितंबर 2024 में निवेश की दर सबसे अधिक रही, पिछली बार मार्च में ऐसा हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में एफआईआई के निवेश से रुपये में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे एफआईआई की खरीदारी को और बढ़ावा मिल सकता है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत जैसे उभरते बाजारों को आकर्षक बनाने वाले प्रमुख कारक 'संतुलित राजकोषीय घाटा, भारतीय मुद्रा पर ब्याज दरों में कटौती का प्रभाव, मजबूत मूल्यांकन और ब्याज दरों में कटौती के बिना मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने का आरबीआई का दृष्टिकोण है।' विश्लेषकों ने कहा कि इस साल घोषित आईपीओ ने विदेशी फंडों का एक बड़ा हिस्सा आकर्षित किया। इसके कारण भारतीय शेयर बाजार मजबूत हुआ। विदेशी निवेशक अन्य जोखिम भरे देशों की जगह भारत में निवेश करना चाहते हैं। भारतीय बाजार अब आकर्षक और सुरक्षित है। अब सबकी निगाहें आरबीआई पर हैं कि क्या वह अक्टूबर में रेपो दर में कटौती करेगा या दिसंबर तक इंतजार करेगा। खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में मामूली कटौती करने का एक मजबूत मामला है, घरेलू बचत से ब्याज में कमी आई है, जिससे बैंकों का खुदरा ऋण कारोबार प्रभावित होता है। बीडीओ इंडिया के मनोज पुरोहित ने कहा कि फेड की अब तक की कार्रवाई के बावजूद भारत की मौद्रिक नीति अधिक रूढ़िवादी रही है।

## कर्मचारियों के वेलफेयर पर ईपीएफओ वित्त वर्ष 2025 में 13 करोड़ करेगा खर्च




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारियों के वेलफेयर को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025 में 145 कार्यालयों में कुल 15,529 कर्मचारियों के कल्याण के लिए 13.10 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है, जिसमें हॉलिडे होम्स के लिए 74.37 लाख रुपये शामिल हैं। कर्मचारी निधि संगठन ने एक सर्कुलर जारी कर कहा कि केंद्रीय पूल (मृत्यु राहत कोष) के रूप में 2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा बजट में 94.25 लाख रुपए छात्रवृत्ति के लिए होगा। अन्य गतिविधियों में 1.88 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ओए-मेडिकल चेकअप के लिए आवंटित कल्याण निधि में 40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए 3.97 करोड़ रुपये और 40 वर्ष से कम उम्र के कर्मचारियों के लिए 1.27 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा, सभी 145 कार्यालयों में स्मृति चिन्हों पर 1.26 लाख रुपये, सांस्कृतिक बैठकों पर 29 लाख रुपये और कैंटीन पर 61 लाख रुपये आवंटित किए हैं।

## प्राइमरी मार्केट के लिए रिकॉर्डतोड़ महीना बनेगा सितंबर

**आईपीओ के जरिये 28 कंपनियों की होगी एंट्री**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी मार्केट में सितंबर का महीना एक रिकॉर्ड तोड़ महीना साबित होने जा रहा है। इस महीने आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में जोरदार तेजी आई है। शेयर बाजार के मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट में इस महीने कुल 28 कंपनियां एंट्री करने जा रही हैं, जो पिछले 14 साल का एक रिकॉर्ड है। भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर बुलेटिन में इस बात की जानकारी दी गई है। बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की गतिविधियों में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाले कंपनियों में निवेशकों की दिलचस्पी का बढ़ना



है। घरेलू म्युचुअल फंड कंपनियां भी इसमें बड़ी भागीदारी कर रही हैं, जिसके कारण सब्सक्रिप्शन रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया है। बुलेटिन में ये भी बताया गया है कि निवेशकों को अलॉट किए गए शेयरों का 54 प्रतिशत हिस्सा आईपीओ की लिस्टिंग के एक हफ्ते के अंदर ही बिक गया। ये बात बाजार के बेहतर माहौल की ओर इशारा करती है। रिजर्व बैंक के बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ लॉन्चिंग की संख्या बढ़ने से प्राइमरी मार्केट की हलचल तो बढ़ी ही है, बाजार में पहले से लिस्टेड कंपनियां वर्किंग कैपिटल जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का विकल्प भी चुन रही हैं। इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 8 महीने में क्यूआईपी के जरिए 60 हजार करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई जा चुकी है? आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय बाजार में ग्लोबल फंड्स की भी रुचि बढ़ी है और मई के बाद उन्होंने भारतीय डेट मार्केट में लगातार पैसे लगाए हैं। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार के सूचकांकों में लगातार तेजी बनी हुई है। मार्केट आउटलुक भी बुलिश बना हुआ है।

## ओयो करेगा मोटेल' 6 का अधिग्रहण, 52.5 करोड़ डॉलर में होगी डील

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका की बजट होटल चेन मोटेल 6 अब स्टार्टअप ड ड का हिस्सा बनेगी। प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन ने मोटेल 6 ब्रांड की कंपनी जी6 हॉस्पिटैलिटी को ओयो को बेचने पर सहमति दी है। यह सौदा 52.5 करोड़ डॉलर में पूरी तरह नकद डील के रूप में होगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह डील इस साल के अंत तक पूरी हो सकती है। इस सौदे में मोटेल 6 के साथ




उसका अन्य होटल ब्रांड स्टूडियो 6 भी शामिल होगा। ओयो ने 2019 में अमेरिकी बाजार में प्रवेश किया था।

ओयो की पेरेंट कंपनी के अधिकारी ने कहा है कि उसने जी6 हॉस्पिटैलिटी का अधिग्रहण करने पर सहमति जताई है। जी6 हॉस्पिटैलिटी अमेरिका की अग्रणी इकोनॉमी लॉजिंग फ्रेंचाइजर और मोटेल 6 तथा इसके ऑफशूट होटल ब्रांड स्टूडियो 6 की पेरेंट कंपनी है। यह सौदा 2024 की चौथी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है, जो कि सामान्य शर्तों के पूरा होने पर निर्भर करेगा।

मोटेल' 6 का फ्रेंचाइज नेटवर्क हर साल 1.7 बिलियन डॉलर का ग्रॉस रूम रेवेन्यू उत्पन्न करता है, जो ऋ6 के लिए मजबूत फीस बेस और नकद प्रवाह सुनिश्चित करता है। ओयो ने कहा है कि वह अपनी उन्नत तकनीक, वैश्विक वितरण नेटवर्क और मार्केटिंग विशेषज्ञता का उपयोग करके ब्रांड्स को और मजबूत करेगी और उनके वित्तीय विकास को गति देगी। ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म ओयो ने 2019 में अमेरिका में अपनी शुरूआत के बाद से धीरे-धीरे वहां अपना विस्तार किया है। फिलहाल, कंपनी अमेरिका के 35 राज्यों में 320 से ज्यादा होटलों का संचालन कर रही है। 2023 में ओयो ने अमेरिका में अपने पोर्टफोलियो में लगभग 100 नए होटल जोड़े हैं। कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2024 में करीब 250 और होटलों को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी।

## नो इंट्री का उलंघन करनेवाले कोल वाहनों का सीओ ने काटा चालान

**चतरा।** सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के नेतृत्व में शनिवार को चतरा के सिमरिया-टंडवा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नो इंट्री का उल्लंघन कर रहे कोलवाहनों को रोका गया। इसके बाद वाहनों के कागजातों का गहनता पूर्वक जांच किया गया। नो इंट्री के उल्लंघन में वाहनों का चालान काटा गया। सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय ने कहा कि आये दिन शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि नो इंट्री के दौरान धड़ल्ले से कोलवाहनों का परिचालन हो रहा है। जिससे आम लोगों के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक कार्रवाई करते हुए वाहनों को पकड़ कर सिमरिया थाना पुलिस को सौंप दी गई है। उन्होंने कोलवाहन चालक व मालिकों को हिदायत देते हुए कहा कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# पुत्र की लम्बी उम्र के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत 25 सितंबर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** संतान की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की मंगलमय कामना को लेकर किया जाने वाला जीवित्पुत्रिका व्रत 25 सितंबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा। व्रत का नहाय-खाय और संयत 24 सितंबर दिन मंगलवार को होगा। इस दिन व्रत करने वाली महिलाएं नहाय-खाय करेंगी जबकि 25 सितंबर को दिन रात व्रत रखेंगी। इस दिन व्रती पूजा-अर्चना कर व्रत कथा का श्रवण करेंगी। व्रत का पारण तीसरे दिन यानी 26 सितंबर दिन गुरुवार को होगा। चतरा के पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि इस बार जीवित्पुत्रिका व्रत पर कई दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। यह संयोग व्रत करने वाली महिलाओं के लिए काफी लाभप्रद होंगे। तीन दिवसीय इस व्रत में 24 घंटे का अखंड निर्जला उपवास का महत्व है। व्रत करने वाली महिलाएं इस दरमियान कुछ भी ग्रहण नहीं करती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत हर साल अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। इस व्रत की शुरूआत सप्तमी तिथि को नहाय-खाय के साथ होती है और नवमी तिथि को पारण के साथ इसका समापन होता है।

जीवित्पुत्रिका व्रत कथा के अनुसार, यह व्रत सप्तमी युक्त अष्टमी में कभी भी नहीं करना चाहिए। जिस दिन सूर्योदय व्यापनी शुद्ध अष्टमी तिथि हो उस दिन इस व्रत को करना चाहिए। इस बार सूर्योदय व्यापनी शुद्ध अष्टमी तिथि 25 सितंबर दिन बुधवार को पड़ रहा है। ऐसे में यह व्रत इस बार 25 सितंबर को ही मनाना सर्वश्रेष्ठ होगा। इस व्रत का महाभारत काल से भी जुड़ाव रहा है।

कथा के अनुसार, जब अश्वथामा ने पांडवों के सोते हुए सभी बेटों और अभिमन्यु के अजन्मे बेटे को मार दिया था, उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के पोते को गर्भ में ही जीवित कर दिया। इसी वजह से अर्जुन के इस पोते का नाम जीवित?पुत्रिका पड़ा। मान्यता के अनुसार यही कारण है कि माताएं अपने बेटे की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं। जीवित्पुत्रिका व्रत कथा में सियारनी और चिल्ली का भी उल्लेख है। जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए उपवास शुरू करने से पहले सुबह सूर्योदय से पहले ही कुछ खाया-पिया जा सकता है। सूर्योदय होने से पहले महिलाएं पानी, शर्बत व अन्य फल व मीठे भोज्य पदार्थ ले सकती हैं। इसे शरगही कहते हैं। इस बार सरगही का समय भोर में 3:30 से 4:30 बजे तक है लेकिन इसके बाद कुछ भी खाने या पीने की मनाही रहती है।

## पहले सूर्योदय में व्रत का धारण व दूसरे सूर्योदय के बाद करें पारण





पंडित चेतन पाण्डेय ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत का नहाय-खाय 24 सितंबर दिन मंगलवार को है। इस दिन प्रातः काल सप्तमी तिथि में नहाय-खाय कर व्रत का संयत करना चाहिए। हालांकि, इसी दिन शाम में 5:58 पर अष्टमी तिथि प्रवेश कर रहा है लेकिन सूर्योदय काल की उद्याअष्टमी की शुद्ध अष्टमी तिथि 25 सितंबर दिन बुधवार को मान्य होगा। ऐसी स्थिति में व्रत का उपवास और पूजन भी 25 सितंबर दिन बुधवार को ही किया जाएगा। 25 सितंबर बुधवार को नवमी तिथि शाम में 4:57 बजे प्रवेश कर रहा है लेकिन जीवित्पुत्रिका व्रत में पहले सूर्योदय से व्रत का धारण व दूसरे सूर्योदय के बाद ही व्रत का पारण लिखा है। ऐसे में इस व्रत का पारण इस बार 26 सितंबर दिन गुरुवार को सुबह 6:03 बजे के बाद होगा।

### डूबे युवक को ढूंढने में प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने पर भड़के परिजन

# छहमुहान पर किया जाम लगाकर विरोध-प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** कोयल नदी तट पर रील बनाने के लिए वीडियो बनाते समय नदी के तेज धार में बहे युवक का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई अता पता नहीं चल पाया है। इस बीच अपने स्तर से खोजबीन करने के क्रम में प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने के खिलाफ परिजन और स्थानीय लोगों ने छहमुहान को ढाई घंटे तक जाम रखा। धरना-प्रदर्शन किया। परिजन एसडीआरएफ की टीम बुलाकर युवक को ढूंढने की गुहार लगा रहे हैं। सड़क जाम डेढ बजे से चार बजे तक रहा।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयल नदी तट पर रील बनाने के लिए वीडियो बनाते समय घासपट्टी निवासी सज्जन गुप्ता उर्फ बंटी गुप्ता का 17 वर्षीय पुत्र सक्षम कुमार कोयल नदी में डूब गया था। शुक्रवार को पूरे दिन परिजन अपने स्तर से सक्षम की खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच परिजन शहर थाना, सदर एसडीओ एवं उपायुक्त कार्यालय जाकर एसडीआरएफ टीम बुलाकर सक्षम को ढूंढने की गुहार लगायी लेकिन प्रशासनिक सक्रियता नहीं होने पर शनिवार दोपहर परिजनों का धैर्य जवाब दे दिया और वे धरना -प्रदर्शन पर उतर गए। छहमुहान को हर तरफ से जाम कर दिया। इस क्रम में कई गाड़ियां जाम में फंस गयी।

धरना दे रहे परिजन ने कहा कि घटना के तुरंत बाद सक्षम को ढूंढने के लिए शहर थाना पुलिस को सूचना दी गयी थी लेकिन मदद नहीं मिली। उन्हें बताया गया कि पुलिस इसमें कोई मदद नहीं कर सकती। उपायुक्त स्तर से इसमें पहल होगी। उपायुक्त के पास जाकर आग्रह किया गया। वहां से जवाब मिला कि मामले को आगे बढ़ा दिया गया है लेकिन शनिवार दोपहर तक एसडीआरएफ की टीम सक्षम को ढूंढने के लिए डालटनगंज नहीं पहुंची।

## जपला युवा बाल संघ के अध्यक्ष बने जयशंकर गुप्ता व सचिव रवि यादव

**हुसैनाबाद।** शहर के रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम में दुर्गा पूजा युवा बाल संघ समिति एवं आम लोगो की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रजनीश कुमार ने की।इस बैठक में सर्वसम्मति से मां दुर्गा पूजा को सम्पन्न कराने के लिए एक पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें जयशंकर गुप्ता को अध्यक्ष, रवि यादव को सचिव,प्रमोद मेहता को उपाध्यक्ष, रामलाल साव को उप सचिव,सन्नी विश्वकर्मा ,जिशु कुमार को कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार यादव व सोनू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, राजा कुमार, मुरारी गुप्ता,टुकी कुमार को पंडाल व्यवस्थापक, पंकज, ऋषि,सुधांशु, दूलार को प्रसाद व्यवस्थापक, छोटू शर्मा, छोटू पासवान व कौशल कुमार को कलश यात्रा व्यवस्थापक, जबकि प्रकाश अग्रवाल, राजेश्वर सिंह, बिजय सिंह, रवि कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता को संरक्षक, वही राहुल, सुभाष गोल्डेन, प्रदीप, मोदन वाल, रितिक, मोनू, ऋषभ, मोहित, दीपू, सैनिक, कुर्बान, रूपक व अजय को सक्रिय सदस्य मनोनीत किया गया।

# सहायक अध्यापकों का मानदेय भुगतान में देरी पर फूटा गुस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड में सहायक अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ गहरी नाराजगी जाहिर की है। सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष इंदल पासवान ने बताया कि अगस्त माह का मानदेय अब तक नहीं मिला है, जिससे सहायक अध्यापक अत्यधिक परेशान हैं। उनका कहना है कि एक ही विद्यालय में कार्यरत सरकारी शिक्षक और सहायक अध्यापक दोनों समान कार्य करते हैं, परंतु सरकारी शिक्षकों को उनका वेतन हर महीने की 5 तारीख तक मिल जाता है जबकि सहायक अध्यापकों का मानदेय देने में सरकार लगातार देरी करती है। इंदल पासवान और अन्य सहायक अध्यापकों का कहना है कि उन्हें अल्प मानदेय पर काम करने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलना अनुचित है। यदि सरकार का यही रवैया बना रहा तो सभी सहायक अध्यापक मजबूर होकर सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले महीने सरकार के साथ हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया है। यह सरकार की उदासीनता और असंवेदनशीलता को दशार्ता है। सहायक अध्यापक यह भी आरोप लगा रहे हैं कि सरकार हर बार केवल आश्वासन देती है लेकिन उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता। वेतन की अनियमितता के कारण उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, जिससे उनके परिवारों की भी समस्याएं बढ़ गई हैं। अब सहायक अध्यापक सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और जल्द ही आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। यदि जल्द ही सहायक अध्यापकों की मांगों को नहीं सुना गया और उनके मानदेय का समय पर भुगतान नहीं हुआ, तो सहायक अध्यापक संगठनों द्वारा सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन की संभावना है। मौके पर सहायक अध्यापक सुजीत कुमार, दीपक पासवान, शिवपूजन यादव, उदय गुप्ता, रघुवीर प्रसाद यादव, श्यामराज गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।



# मकान से भारी मात्रा में शराब बरामद, तीन पर एफआइआर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित एक मकान से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि इसके साथ किसी शराब तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उक्त मकान से रॉयल ब्लू माल्ट वाइन 180 एमएल का 60 कार्टून तथा एक प्लास्टिक के बोरे में रॉयल ब्लू माल्ट वाइन 180 मल का 44 पीस करीब 544 लीटर शराब बरामद करने के साथ ही भगत तेंदुआ निवासी पवन पासवान, विनय पासवान तथा मुकेश पासवान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापामारी दल में उत्पाद विभाग हुसैनाबाद अंचल के एसआई अमित कुमार सिंह तथा हरिहरगंज थाना के सी विगेश कुमार राय सहित पुलिस बल शामिल थे।

## डायन बिसाही मामले में 17 पर प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव में अकली देवी पर डायन भूत का आरोप लगाते हुए लोगों ने समूह बनाकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले में अकली देवी के पति रामरूप साव के फर्द बयान पर स्थानीय थाना में 17 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इनमें कौवाखोह पिरोजी गांव निवासी ललन साव, विकास साव, मुकेश शर्मा, धनंजय साव, अंजन साव, जगदीश साव , रंजीत साव, मिथलेश साव, श्यामलाल साव, पिंटू कुमार, राजकुमार साव, अवधेश मेहता आदि शामिल हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है।

### किसान संकल्प महापंचायत के लिए तैयारी पूरी, कल ऐतिहासिक जमावड़ा

# हुसैनाबाद में इस बार होगा परिवर्तन : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आगामी 23 सितंबर, सोमवार को किसान ब्रिगेड के बैनर तले हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाली किसान संकल्प महापंचायत की तैयारी पूरी कर ली गई है। सफल बनाने को लेकर जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान जारी है। किसान ब्रिगेड की टीम पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाते हुए क्षेत्र के किसानों और आम जनता को इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने का आग्रह कर रही है। शनिवार को ब्रिगेड की टीम ने कुमीर्पुर, डंडीला और जमुआ पंचायतों में लोगों से मुलाकात कर और महापंचाययत में आने का आह्वान किया। इस मौके पर ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह संघर्ष केवल किसानों का नहीं, बल्कि आम जनमानस का है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही है, लेकिन कोई जनप्रतिनिधि उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। कागजों पर विकास के दावे तो बहुत किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। इस बार जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। कर्नल संजय ने यह महापंचायत एक बड़ा मंच होगी, जहां कहा कि क्षेत्र के किसान, युवा और महिलाएं अपनी समस्याओं को उजागर कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि विवाद, सिंचाई और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं ने जनता को परेशान कर रखा है। बेरोजगार युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार और निष्क्रियता से ग्रस्त इस सरकार को सत्ता से हटाना जरूरी है। किसान संकल्प महापंचायत का यह आयोजन हुसैनाबाद के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी शक्ति और समर्पण के साथ पंचायत स्तर पर जनसंपर्क को और तेज करें, लोगों को 23 सितंबर को होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करें और इस आयोजन को सफल बनाएं।



## खरौंधी प्रखंड में इंटरनेट सेवा बाधित, आमजनों को हुई कठिनाई

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में इंटरनेट सेवा शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बाधित रही, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इंटरनेट की अस्थायी बंदी के कारण विभिन्न आवश्यक कार्य जैसे ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग, व्यापार और अन्य डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हुईं।खासकर छात्रों और व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनकी ऑनलाइन कक्षाएं और लेन-देन रुक गए। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं पर निर्भर रहने वाले लोग भी प्रभावित हुए। सरकारी कार्यालयों में भी इंटरनेट से जुड़े कार्य बाधित हो गए, जिससे कई प्रशासनिक कार्यों में देरी हुई।झारखंड सरकार द्वारा रविवार को भी इंटरनेट सेवा बाधित रहने की सूचना से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आम लोग सरकार से इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि रोजमर्रा के कामकाज में असुविधा न हो।

# नप के घोरडीहा गांव में डीहवार देव स्थल को जेसीबी से कराया ध्वस्त

- *स्थानीय प्रशासन से मिलकर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड कंपनी ने घटना को दिया अंजाम*



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद के घोरडीहा गांव के ग्राम देवता डिहवार बाबा देव स्थल को शुक्रवार की देर शाम जेसीबी व पोकलेन मशीन लगवाकर ध्वस्त करा दिया गया।यह कारनामा स्थानीय प्रशासन के मदद से रेल विस्तारीकरण का कार्य कर रही कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड ने किया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन तक रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण हो रहा है। रेल पटरी बिछाने का काम एमबीपीएल कंस्ट्रक्सन कंपनी को मिला था। जिसे उसने पेटी पर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा.लिमिटेड कंपनी को दे दिया है। रेल पटरी घोरडीहा गांव से गुजरने के क्रम में ग्राम देवता डीहवार बाबा देवस्थल बीच में पड़ रहा था जिसको हटाने को लेकर कंपनी के प्रतिनिधियों,रेल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक और ग्रामीणों के बीच एक बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। जिसमे कुछ शर्तों के साथ ग्रामीण डिहवार बाबा को दूसरे स्थान पर स्थांतरित करने को तैयार हुए थे। जिसका एक लिखित समझौता पत्र भी बना था जिसके तहत परंपरा के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान के बीच डिहवार बाबा को दूसरे जगह स्थान पर स्थांतरित करने पर सहमति बनी।ग्रामीणों ने जब धर्म गुरुओं से इस संबंध में बात की तो धर्म गुरुओं ने बताया कि बरसात बाद अक्तूबर में शारदीय नवरात्रि के समय स्थांतरित किया जायेगा। लेकिन शुक्रवार को सीओ चंद्रदेव प्रसाद व रेहला पुलिस के साथ कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राम प्रसाद पोकलेन और जेसीबी मशीन के साथ डीहवार बाबा देव स्थल पहुंचे और इस धार्मिक स्थल को ध्वस्त करा दिया। शनिवार की सुबह विरोध में ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ग्रामीण कंपनी के साइड ऑफिस के समक्ष भी विरोध प्रदर्शन किया इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विरोध प्रदर्शन में हिंदुओं के साथ गांव के मुस्लिम लोग भी शामिल रहे। सूचना मिलने पर कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे उर्फ बडू दुबे, आजाद समाज पार्टी के नेता सिराज खान व प्रो.नंदलाल शुक्ला भी पहुंचे।

# बहू ने ससुर के खिलाफ कराई बेटे की हत्या की प्राथमिकी दर्ज

- *आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही हैं छापेमारी*
- *आठ वर्षीय पोते का हत्या का आरोप*




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के होलया गांव निवासी अंकुश सिंह की पत्नी खुशबू देवी ने अपने पुत्र की हत्या के मामले में अपने ससुर के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में खुशबू देवी ने कहा है कि मेरे ससुर कपिलदेव सिंह छह महीने मेरे भैसूर राकेश कुमार सिंह और छह महीने मेरे घर पर खाना खाते थे, लेकिन ससुर मेरे घर पर ही रहते थे, मेरे ससुर और पति के बीच खेत में धान रोपने को लेकर दो तीन दिनों से विवाद कर रहें थे। इसी बीच 19 सितंबर को मेरे पुत्र शुभम कुमार आठ वर्ष गांव से दूर दूध लाने साइकिल से गया था, इस बीच मेरे ससुर मेरे पुत्र की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को आहर के मिट्टी में दबाकर वहां से फरार हो गए। इस घटना के बाद मेरे ससुर को गांव के कई लोगों ने उन्हें भागते हुए देखा हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है की धान रोपने की विवाद को लेकर मेरे ससुर ने इस घटना को अंजाम दिये हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि खुशबू देवी के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसका हुसैनाबाद थाना कांड संख्या- 204/2024 हैं। वैसे आरोपी की गिरफ़्तारी के लिये पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### केंद्रीय रक्षा मंत्री व कृषि मंत्री ने की श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना



**श्री बंशीधर नगर।** देश के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री ने श्री बंशीधर जी की आरती उतारी एवं विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे एवं राजेश कुमार पांडेय ने रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री को चुनरी ओढाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उधर मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद झारखंड भारतीय जनता पार्टी की ओर से झारखंड प्रदेश में निकाल जा रहे परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश किया। उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर के बाहर में खड़ा परिवर्तन रथ की भी पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया। उस मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के जवाहर पासवान, विकास कुमार स्वदेशी, मंदिर के कर्मी सुरेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, राजन कुमार आदि मौजूद थे।

### साप्ताहिक बाजार से तीन लोगों की जेब से मोबाइल की चोरी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अलौदिया पंचायत मे शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट से तीन लोगों की जेब से उच्चकों ने मोबाइल चुरा लिए। इस संबंध मे भुक्तभोगियों ने चंदवा थाना मे आवेदन देकर गुहार लगाई है। मेन रोड निवासी राम नारायण साहू ने बताया की शुक्रवार को वे सब्जी लेने बाजार गये थे। सब्जी लेने के क्रम में उचक्कों ने उनकी जेब से मोटोरोला कंपनी का मोबाइल चुरा लिया। काफी खोजबीन के बाद भी मोबाइल का कुछ पता नहीं चल पाया। इस संबंध में तीनो भुक्त भोगियों ने चंदवा थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में कड़ी...

कदाचार रोकने के लिए सेंटर पर जैमर भी लगाए गए है। परीक्षा सामग्री की सुरक्षा को लेकर हाई टेक सेक्युरिटी का इस्तेमाल किया गया है। डबल लेयर की सिक्योरिटी कंटेनर की सील किया गया। पहली बार जेएसएससी के द्वारा यह तकनीक अपनाया गया।

### पहली पाली की...

इससे तो वे डिसक्वालिफाई हो जाएंगे। इस पर केंद्राधीक्षक और वीक्षकों ने कहा कि ऐसा करने के लिए ऊपर से आदेश मिला है। इस संबंध में केंद्राधीक्षक राजू हांसदा ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। परीक्षा के वरीय पदाधिकारी सह एसी रामा रविदास ने कहा कि किसी परीक्षा केंद्र से इस तरह की सूचना नहीं मिली है।

### झामुमो, राजद व...

उन्होंने कहा कि राजनीति लोक लाज और मयार्दा के बिना नहीं चल सकता लेकिन झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ठीक इसके विपरित काम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार अन्याय कर रही है और अन्याय करने से अधिक गलत अन्याय सहना होता है। इस अन्याय के विरुद्ध अपलोगों को लड़ना होगा। भाजपा की सरकार बनती है तो राज्य का विकास काफी तेज गति से होगा। 2014 से पहले भारत जहां अर्थव्यवस्था के मामले में 11वीं स्थान पर था साढ़े आठ साल के कार्यकाल में ही पांचवें स्थान पर आ गया है। 2027 तक भारत विश्व के टॉप 3 देश में आ जाएगा। इस विकास का लाभ झारखंड तक लाने के लिए भाजपा सरकार बनाना जरूरी है। हमलोग आपका वोट सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए मांगने आए हैं। भाजपा की सरकार बनती है तो विकास नहीं बल्कि रिकॉर्ड तोड़ विकास होगी।

### बंग्लादेशी घुसपैठिया और...

जो विश्व कभी भारत की बात को सुनना नहीं चाहता था आज भारत को हर देश गंभीरता से लेते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है की पीएम के एक फोन के बाद यूक्रेन रूस ने युद्ध को साढ़े चार घंटे बन्द कर भारतीय बच्चों को वहां से निकलने का सुरक्षित रास्ता दिया।

### वन नेशन वन...

उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने भी कहा है कि अन्याय करने से भी बड़ा पाप अन्याय सहना है। अब झारखंड में अन्याय की अति हो चुकी है इस परिवर्तन यात्रा में आज आप इस अन्याई सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार में जितना भ्ष्टार्चार हुआ है उतना आज तक पूरे देश में देखने को नहीं मिला है।

### केंद्रीय चुनाव आयोग...

पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था। इसके आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है। अब संभावना जताई जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जायेगा।

### 43 दिनों की...

हालांकि फिलहाल ओपीडी में जूनियर डॉक्टरों की उपस्थिति नहीं दिखी है। उल्लेखनीय है कि नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल की एक युवा महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या हुई थी। इस घटना के बाद से जूनियर डॉक्टर न्याय की मांग और कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। हालांकि, शनिवार से उन्होंने काम पर वापसी कर ली है लेकिन पीड़िता के लिए न्याय की मांग को लेकर उनका सांकेतिक आंदोलन जारी रहेगा।

### एयर मार्शल एपी...

वर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी उसी दिन पदमुक्त होंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को दिसंबर, 1984 में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू पायलट स्ट्रीम में शामिल किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कमांड, स्टाफ, इंस्ट्रक्शनल और विदेशी नियुक्तियों में काम किया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र एयर ऑफिसर एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार के फिक्स्ड और रोटरी विंग विमानों पर 5,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दांत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## फ्रोजन भ्रूण प्रत्यर्पण तकनीक से पैदा हुआ देश का पहला घोड़े का बच्चा 'राज-शीतल'



**बीकानेर।** राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र के बीकानेर परिसर के वैज्ञानिकों ने शनिवार को विट्रिफाइड (फ्रोजन) भ्रूण स्थानांतरण तकनीक के माध्यम से देश का पहला घोड़े का बच्चा पैदा किया है। यह जानकारी देते हुए केंद्र प्रभागाध्यक्ष डॉ.शरद चंद्र मेहता ने बताया कि इस बछड़े का नाम राज-शीतल रखा गया। बछड़ा स्वस्थ है एवं उसका जन्म का वजन 20 किलोग्राम है। इस बछड़े के उत्पादन के लिए घोड़ी को जमे हुए वीर्य (फ्रोजन सीमन) से गर्भित किया गया और भ्रूण को 7.5 वें दिन फ्लश कर अनुकूलित क्रायोडिवाइस का उपयोग करके विट्रिफाइ किया गया और तरल नाइट्रोजन में जमाया गया (फ्रिज किया गया)। पूरे 2 महीने के बाद भ्रूण को पिघलाया गया और गर्भावस्था प्राप्त करने के लिए सिंक्रनाइजड सरोगेट घोड़ी में स्थानांतरित किया गया। यह उपलब्धि केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. टी राव तालुड़ी एवं टीम, जिसमें डॉ. सज्जन कुमार, डॉ. आर के देदड़, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. एम कुट्टी, डॉ. एस सी मेहता, डॉ. टी के भट्टाचार्य एवं पासवान के अनुसंधान से प्राप्त हुई।

## तमिलनाडु के खुले आसमान में भारतीय वायु सेना मनाएगी 92वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अपनी 92वीं वर्षगांठ तमिलनाडु के मरीना बीच पर मनाएगी। इस बार 6 अक्टूबर को तमिलनाडु के खुले आसमान में एक शानदार एयर शो होगा, जिसमें चेन्नई के लोग आसमान में एक रोमांचक नजारा देखेंगे। वायु सेना के 72 विमान मंत्रमुग्ध कर देने वाले करतब दिखाएंगे और बेहतर तालमेल के साथ उड़ान भरेंगे। इस वर्ष की थीम 'भारतीय वायु सेना-सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर' है, जो देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। वायु सेना के विंग कमांडर जयदीप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मरीन बीच पर सुबह 11 बजे से शुरू होगा। वायु सेना की 91वीं वर्षगांठ पर एयर शो का पिछला ऐसा नजारा उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम क्षेत्र में 08 अक्टूबर को देखा गया था, जिसमें लाखों दर्शक उमड़े थे। इस बार भी इसी तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद है।

## अमेरिका में पीएम मोदी के खिलाफ पोस्टर, राहुल गांधी पर बरसी भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए पोस्टर के लिए लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह भारत विरोधी नफरत की दुकान का विज्ञापन है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी अमेरिका से लौटकर आए हैं, मैं कहना चाहूंगा कि भारत विरोधी शक्तियों के स्थापित और प्रायोजित मोहरों के साथ भारत के विरुद्ध होने वाली सियासत की जमात पर जो गलबहियां करके वो आए हैं, मुझे लगता है यह उसका आफ्टर इफेक्ट दिखाई दे रहा है। यह वही नफरती जमात है, जिनकी नफरत की इस दुकान में निंदनीय विज्ञापन प्रधानमंत्री के विरुद्ध दिखाई दे रहा है।

# पितृपक्ष में 'मोक्ष स्थली' गया पहुंचे फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ

**एजेंसी। गया**

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ इन दिनों बिहार दौरे पर हैं। शनिवार को वह देश और विदेश में मोक्षस्थली के रूप में चर्चित गया पहुंचे, जहां उन्होंने पिंडदान और तर्पण के कर्मकांडों को नजदीक से देखा और समझा। पितृपक्ष मेला में लाखों की संख्या में लोग देश-विदेश से गया आते हैं और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं। बताया जाता है कि फ्रांस के भारत में राजदूत ने इच्छा जाहिर की थी कि वह पितृपक्ष मेला को नजदीक से देखना चाहते हैं। शनिवार को उन्होंने सीताकुंड पहुंचकर पिंडदानियों द्वारा किए जा रहे तर्पण को देखा और समझा कि किस प्रकार से वह तर्पण करते हैं। गया के जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने उन्हें पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2022 के पहले तीर्थ यात्री नदी में बालू पर बैठकर पिंडदान करते थे। फल्गु नदी पितृपक्ष मेला अवधि में ज्यादातर सूखी रहती थी। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2022 में गया जी डैम का निर्माण कराया और व्यवस्था की गई कि सालों भर इस नदी में पानी रहे। इस प्रयास से सभी तीर्थयात्री काफी प्रसन्न दिखे हैं। उन्होंने बताया कि साल दर साल तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए राज्य सरकार हर वर्ष नई व्यवस्थाएं कर रही है। गया एवं बोधगया के हर घरों तक एवं सभी पिंड वेदी स्थल पर गंगाजल पहुंचाया गया है, जिससे लोग काफी प्रसन्न हैं। इसके अलावा इस वर्ष गंगाजल को पैकेजिंग कराकर तीर्थ यात्रियों के बीच उपहार स्वरूप वितरित किया जा रहा है। फ्रांस के भारत में राजदूत थिएरी मथौ ने इन सभी कार्यों को देखकर मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने जिला पदाधिकारी, अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी भीड़ को सही से नियंत्रित किया जा रहा है।



### पीएम तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर रवाना, क्वाड सम्मेलन में लेंगे भाग

# आपकी कार के बराबर मेरी मां का घर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर रवाना हो गए हैं। जहां वह अमेरिका के डेलावेयर में होने वाली क्वाड की बैठक में हिस्सा लेंगे। अमेरिकी दौरे के बीच पीएम मोदी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की मुलाकात का पुराना किस्सा आपको बताते हैं। अमेरिका में भारतीय राजदूत और पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने साल 2014 में पीएम मोदी की अमेरिकी दौरे को लेकर एक यादगार पल को साझा किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच क्या बातचीत हुई थी। विनय क्वात्रा ने बताया, जब पीएम मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच औपचारिक वार्ता खत्म हुई, तब वह ओबामा की लिमोजिन गाड़ी में बैठकर वहां से करीब 2 किलोमीटर दूर मार्टिन लूथर किंग मेमोरियल के लिए रवाना हुए। मैं अनुवादक के रूप में कार में मौजूद था। 10 मिनट की इस यात्रा के दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा ने पीएम मोदी से उनके माता-पिता और परिवार के बारे में पूछा। ओबामा ने पीएम मोदी से प्रश्न किया, आपकी मां कहां रहती हैं?, जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा, मैं जो कहूंगा आप शायद उस पर विश्वास नहीं करेंगे। लेकिन, ये सत्य है कि जितनी बड़ी आपकी कार के अंदर की स्पेस है, जहां पर हम बैठे हुए हैं, मेरी माताजी इतने ही साइज के मकान में रहती हैं। उन्होंने बताया कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा उनकी बात सुनकर आश्चर्यचकित हो गए, क्योंकि उस उत्तर में एक सत्यता उभरकर सामने आई। कहीं ना कहीं बराक ओबामा को उस उत्तर के पश्चात पीएम मोदी के जीवन में जो उनके स्वयं के संघर्ष थे, वो नजर आई। विनय मोहन क्वात्रा ने आगे कहा कि मेरा जो व्यक्तिगत अनुभव है, इस बातचीत के बाद पूर्व राष्ट्रपति ओबामा और पीएम मोदी के बीच गहरी समझ बनी, क्योंकि ओबामा और पीएम मोदी दोनों ही मामूली परिस्थितियों और समान जीवन संघर्षों से उठकर अपने राष्ट्र का नेतृत्व कर रहे हैं। साल 2014 में पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा काफी सुर्खियों में रहा था।





▸ पीएम मोदी की बात सुन पूर्व राष्ट्रपति ओबामा हुए थे अचंभित

## हूती रक्षा मंत्री का ऐलान, इजरायल के खिलाफ जारी रहेंगे हमले

**सना।** यमन के हूती रक्षा मंत्री ने ऐलान किया कि उनका ग्रुप इजरायल के खिलाफ हमले जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक गाजा में इजरायली सैन्य ऑपरेशन रुक नहीं जाते। हूती ग्रुप के अल-मसीरा टीवी ने रक्षा मंत्री मोहम्मद नासिर अल-अतीफी के हवाले से कहा, "इजरायल और उसके समर्थकों को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि हमारे हमले जारी रहेंगे।" अल-अतीफी ने कहा, "हमारी जमीन या हमारे सहयोगियों पर किसी भी हमले का तीव्र और मजबूत जवाब दिया जाएगा। हम इजरायल और उसके संवेदनशील ठिकानों पर हमला करने के लिए दृढ़ हैं और तब तक नहीं रुकेंगे जब तक गाजा पर आक्रमण बंद नहीं हो जाता।

# एनसीईआरटी की किताब के पाठ पर विवाद लवजिहाद को बढ़ावा देने की साजिश

▸ मेल भेजकर की शिकायत

**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश में एनसीईआरटी की तीसरी कक्षा की किताब के एक पाठ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। छतरपुर के खजुराहो में एक छात्रा के पिता ने इस पाठ को लव जिहाद को बढ़ावा देने वाला बताया। छात्रा के पिता डॉ. राघव पाठक ने पाठ के कंटेंट को लेकर शुक्रवार को एनसीईआरटी के सेक्रेटरी और डिप्टी सेक्रेटरी को मेल भेजा है। उन्होंने पाठ के कंटेंट को साजिश बताते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। खजुराहो निवासी डॉ. राघव का कहना है कि मुझे वहां के जवाब का इंतजार है। जब तक जवाब नहीं आता, मैं लोगों को जागरूक करता रहूंगा। लोगों से कहूंगा कि वह भी विरोध करें, क्योंकि सिर्फ मेरी बच्ची ही कक्षा तीन में नहीं पढ़ रही हैं। मैं सिलेबस के अन्य कंटेंट को भी देखूंगा कि और कहां इस तरीके का षड्यंत्र किया जा रहा है।

### किताब में पाठ का शीर्षक है, 'चिट्ठी आई है'

दरअसल, कक्षा तीन की पर्यावरण विषय की किताब में जिस अध्याय 17 के कंटेंट पर आपत्ति जताई गई है, उसका शीर्षक है, 'चिट्ठी आई है'। इसमें एक पोस्टकार्ड छपा है। उसमें लिखा है।'अहमद तुम बताओ तुम कैसे हो? हम सब दोस्तों को तुम्हारी याद आती है। आशा है छुट्टियों में तुम अगरतला आओगे। सभी बड़ों को प्रणाम, तुम्हारी रीना।' शिकायतकर्ता डॉ. राघव पाठक ने दो दिन पहले छतरपुर के खजुराहो थाने में भी शिकायती पत्र सौंपा था। जिसमें उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी। वह कहते हैं कि मेरी नजर मेरी सात साल की बेटी के पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले सिलेबस पर गई। जिसके अध्याय 17 (विषय-पर्यावरण) में रीना नाम की हिन्दू लड़की, अहमद नाम के मुस्लिम मित्र को चिट्ठी लिख रही है। जिसे देखकर मैं बेहद आश्चर्यचकित हुआ और सोचने पर विवश हुआ। क्या पत्राचार की शैली या विधा का पाठ समझाते वक्त करीबी रिश्ते दीदी, भैया, चाचा, चाची, पापा, मम्मी, नाना नानी, दादा दादी को पत्र भेजते हुए का उदाहरण नहीं दिया जा सकता था?

## रूस ने यूक्रेन का हमला किया नाकाम, हवा में ही तबाह किए 101 ड्रोन

**मॉस्को।** रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने शुक्रवार की रात बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन हवा में ही तबाह कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि 101 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, मंत्रालय ने बताया कि ब्रायंस्क क्षेत्र में 53 ड्रोन, क्रास्नोडार क्षेत्र में 18 ड्रोन नष्ट किए गए। वहीं, कलुगा, तेवर, बेलगोरोड, स्मोलेंस्क और कुर्स्क क्षेत्रों के साथ-साथ आजोव सागर के पास कई अन्य ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

## सूरत में कीम स्टेशन के समीप ट्रेन को बेपटरी करने की थी साजिश

**एजेंसी। सूरत/अहमदाबाद**

▸ कीम-कोसांबा रेलवे ट्रैक को जोड़ने वाले 71 ताले हटाए गए

फिर से एक बार देश में रेलवे कीमैन की सतर्कता से ट्रेन हादसा होने से बच गया। गुजरात में सूरत के कीम स्टेशन के पास ट्रेन को बेपटरी करने की गंभीर साजिश का खुलासा हुआ है। अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार रात रेल पटरियों पर लगी फिश प्लेटों को खोल दिया और रेलवे पटरियों को जोड़ने वाले 71 ताले भी हटा दिए थे। इस घटना को लेकर रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया है। रेलवे के बड़ौदा डिवीजन के कीम स्टेशन के पास जिस लाइन पर इस साजिश को अंजाम दिया गया, वह अप लाइन है, यानि उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनें इसी ट्रैक से होकर गुजरती हैं। किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन के अप ट्रैक की फिश प्लेट को खोलकर ट्रैक पर रख दिया था। स्थानीय लोगों ने यह सूचना कीम स्टेशन के उप अधीक्षक को दी, जिन्होंने समय रहते कीमैन सुभाष कुमार को सतर्क कर दिया। इसके बाद ट्रैक की जांच की गई तो पता चला कि किसी ने ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची थी।

## एजुकेशन/करियर

मास्टर ऑफ कॉमर्स की पढ़ाई कोर्स कर के कई जगह अपना करियर बना सकते है। एमकॉम करने के बाद अगे कई और कोर्स की पढ़ाई कर सकते है। एमकॉम भारत समेंत देश के सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई होती है। बीकॉम करने के बाद एमकॉम में नामांकन ले सकते है। एमकॉम बिजनेस मैनेजमेंट में छात्रों को बिज़नेस स्ट्रेटेजीज, एथिक्स एंड लॉ, फाइनेंस, एकाउंटिंग, ह्यूमन नेचर और कई अन्य विषयों के बारे में जानने को मिलता है। एमकॉम बिजनेस मैनेजमेंट के बाद सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन एजेंट, बिजनेस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव, मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव ट्रेनी, फाइनेंस कोऑर्डिनेटर आदि के रूप में अच्छी सैलरी पर काम कर सकते हैं। एमकॉम बिजनेस मैनेजमेंट के जरिए छात्रों को एकाउंटेंसी, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स, बिजनेस मैनेजमेंट, इकोनोमेट्रिक्स आदि का ज्ञान दिया जाता है। एमकॉम की डिग्री के साथ, उम्मीदवार ऑडिटर, बिजनेस एनालिस्ट, कंपनी सेक्रेटरी, कंसल्टेंट, टैक्स अकाउंटेंट, फाइनेंस ऑफिसर, स्टॉक ब्रोकर, सेल्स एनालिस्ट और इकोनॉमिस्ट की नौकरी के लिए अच्छी तरह से तैयार हो जाते हैं। इसके अलावा, एम.कॉम ग्रेजुएट सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरी पाने के लिए सरकारी परीक्षाओं में भी शामिल हो सकते हैं। एमकॉम ग्रेजुएट को दी जाने वाली कुछ उच्च वेतन वाली नौकरी की भूमिकाएँ इस प्रकार हैं।

# एमकॉम में है सुनहरा भविष्य



### एमकॉम शीर्ष भर्तीकर्ता

- एसबीआई
- आईसीआईसीआई बैंक
- पंजाब नेशनल बैंक
- सिटी बैंक
- डेलॉयट
- एचडीएफसी
- टीएफसी
- पीडब्ल्यूसी
- केपीएमजी
- आरबीएस
- इंडसइंड बैंक
- अर्न्स्ट एंड यंग

### एमकॉम के बाद रोजगार क्षेत्र

- बीमा उद्योग
- शैक्षिक संस्थान
- सीमा शुल्क विभाग
- आर्थिक परामर्श फर्म
- वाणिज्यिक बैंकिंग
- अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग
- निवेश बैंकिंग
- लेखांकन और लेखा परीक्षा
- कर सलाहकार सेवाएँ
- वित्तीय सेवाएं
- बीमा सेवाएँ
- शासकीय सेवाएं

### एमकॉम के लिए टॉप कॉलेज

- श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ल
- दिंदू कॉलेज, दिल्ली
- हंसराज कॉलेज, दिल्ली
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वीमेन , दिल्ली
- लोयला कॉलेज , चेन्नई
- किरोडी मल कॉलेज, दिल्ली
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, चेन्नई
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी , बेंगलुरु
- एसवीकेएम नरसी मोंजी कॉलेज ऑफ इकोनॉमिक्स एंड कॉमर्स मुंबई
- रमजस कॉलेज, दिल्ली



### इन विषयों से होता है एमकॉम

- टैक्सेशन
- बैंकिंग
- अकाउंटिंग
- फाइनेंस
- स्टेटस्टिक
- ई कॉमर्स
- कंप्यूटर एप्लीकेशन
- आर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- कम्प्यूटर
- ह्यूमन रिसोर्स मेनेजमेंट
- फाइनेंशियल मेनेजमेंट
- इकॉनॉमिक्स
- बिजनेस एथिक्स
- ऑपरेशन रिसर्च